दुनिया एक परिवार, सभी को आर्य बनाएंगे... 12

खिलाड़ी प्रदेश व केंद्र सरकारों के मंत्री या प्रधानमंत्री... 10

जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ
वर्ष: 15 | अंक: 44
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12
शनिवार | 25 नवंबर, 2023

सीएम योगी ने आंवले के पेड़ के नीचे खाया खाना, गोरखपुर को दिए 175 करोड़ की सौगात

सभी के लिए ईज-ऑफ-लिविंग सरकार की प्राथमिकता: सीएम

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को दो दिनों के दौरे पर गोरखपुर पहुंचे। उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में आंवले के पेड़ के नीचे जमीन पर बैठकर खाना खाया। इस दौरान उनके साथ सांसद रवि किशन, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास समेत कई अन्य लोग मौजूद रहे। इसके बाद सीएम योगी गोरखपुर को आज 175.38 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने योगी योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में 175 करोड़ रुपये के 116 विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि ईज ऑफ लिविंग (जीवम सुगमता) के मानक लक्ष्यों के अनुरूप सबका जीवम सुगम बनाना सरकार की प्राथमिकता है। इसी प्राथमिकता पर आगे बढ़ते हुए प्रदेश में विगत साढ़े छह साल में 55 लाख गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना और मुख्यमंत्री आवास योजना से मुफ्त पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध कराई है। जीवन सुगमता के लक्ष्य को पूरा करने के लिए ही विकास प्राधिकरणों और आवास विकास परिषद को सभी बुनियादी सुविधाओं से युक्त आवासीय योजनाएं बनाने को निर्देशित किया गया है।

175 करोड़ की दी सौगात

यह सभी विकास कार्य गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) से संबंधित हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने जीडीए की खोराबार टाउनशिप एवं मेडिसिटी योजना के लाभार्थियों के बीच भूखंडों और फ्लैट्स की ई-लॉटरी की प्रक्रिया भी संपन्न की। इस अवसर पर सीएम योगी ने छह आवंटियों को अपने हाथों से आवंटन प्रमाण पत्र सौंपा। सीएम ने समारोह के मंच से जीडीए के मोबाइल एप (my gda) को भी लांच किया।

आज का समय अर्थव्यवस्था का समय है

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का समय अर्थव्यवस्था का समय है। देश-प्रदेश समृद्ध विरासत के साथ आर्थिक रूप से समृद्ध होंगे तो प्रति व्यक्ति आय भी बढ़ेगी। इससे बुनियादी जरूरतें पूरी होंगीं और खुशहाली आएगी। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल में गांव स्वावलंबी और आत्मनिर्भर होते थे। पर, आज के दौर के अनुरूप स्कूल, मार्केट, कनेक्टिविटी, रोजगार, परिवहन जैसी सुविधाएं शहरी जीवन में ही संभव हैं। यदि कोई व्यक्ति विकास प्राधिकरणों या आवास विकास परिषद से मकान खरीदता है तो उसे आवास, स्कूल, पार्क, स्ट्रीट लाइट, पेयजल, हेल्थ केयर आदि की बेहतर सुविधा उपलब्ध होती हैं। मुख्यमंत्री ने सभी लोगों से अपील की कि वे सोच समझकर मकान खरीदें।

शहर अच्छा लगेगा तो हर व्यक्ति आएगा

मुख्यमंत्री योगी ने गोरखपुर शहर में हुए विकास और यहां आए बदलाव की चर्चा करते हुए कहा कि शहर अच्छा लगेगा तो यहां हर व्यक्ति आएगा। उन्होंने कहा कि आज से दस-बीस वर्ष पहले लोग गोरखपुर के नाम से डरते थे। आज यहां के निखरे रामगढ़ताल क्षेत्र में फिल्मों की शूटिंग होती है। गोरखपुर में एम्स अपनी सेवा दे रहा है। खाद कारखाना फिर से चल रहा है। पिपराइच में चीनी मिल शुरू हो चुकी है। बीआरडी मेडिकल कॉलेज बेहतरीन हो चुका है। यहां सड़कों की बेहतरीन कनेक्टिविटी से जाम की समस्या का काफी हद तक समाधान हो चुका है। इन सड़कों पर जब रात में स्ट्रीट लाइट जलती है तो देश-दुनिया भूल कर लोग गोरखपुर आना चाहते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की की कि वे स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने के लिए अपनी जिम्मेदारी निभाने का भी सामूहिकता के साथ प्रयास करें।

इन परियोजनाओं का किया लोकार्पण

योजना निधि से पत्रकार पुरम एवं राप्तीनगर
4940.60 लाख

प्राधिकरण, एचयूआरएल, अवस्थापना योजना मद
4973.35 लाख

इलेक्ट्रिकल वर्क प्राधिकरण भवन, पैडलेगंज, बुद्ध द्वार, बाबा गंभीरनाथ
0216.06 लाख

त्वरित आर्थिक विकास योजना 2021-22
1430.05 लाख

त्वरित आर्थिक विकास योजना 2022-23
3006.73 लाख

इन परियोजनाओं का किया शिलान्यास

परिषदीय विद्यालयों के लिए (जोन-1 से 5)
0599.83 लाख

परिषदीय विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, सामुदायिक भवन, ईवी चार्जिंग स्टेशन
1323.96 लाख

प्राधिकरण की अवस्थापना निधि के अंतर्गत 8 कार्य
1037.06 लाख

लखपति हो गए 55 लाख गरीब परिवार

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना से प्रदेश में 55 लाख ऐसे गरीब परिवार लखपति हो गए जिनके पास सिर ढकने की जगह नहीं होती थी। आज उन्हें उपलब्ध कराए गए आवासों की कीमत कम से कम 10 लख रुपये है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश में पौने तीन करोड़ परिवारों को शौचालय की भी सुविधा दी गई है।

स्टालों का अवलोकन कर बच्चों का कराया अन्नप्राशन

लोकार्पण और शिलान्यास समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते ही सबसे पहले यहां विभिन्न विभागों की तरफ से लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। ये स्टाल जीडीए, कृषि रक्षा अनुभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड और बेसिक शिक्षा परिषद की तरफ से लगाए गए थे। जीडीए के स्टाल पर उन्होंने कई प्रोजेक्ट्स के ले आउट के बारे में जानकारी ली। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के स्टाल पर मुख्यमंत्री ने बच्चों को अन्नप्राशन कराकर उन्हें उपहार दिया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को खूब दुलारा और स्नेहाशीष से अभिसिंचित किया। इसके साथ ही उन्होंने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई करते हुए उन्हें उपहार में पोषण किट प्रदान किया।

63 परिषदीय स्कूलों में स्मार्ट क्लास की स्थापना का किया शिलान्यास

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 145.67 करोड़ रुपये की लागत से हुए 82 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इसमें सर्किट हाउस के समीप विकसित हर्बल पार्क भी शामिल है। जबकि उनके हाथों 29.61 करोड़ रुपये की लागत से 34 विकास कार्यों का शिलान्यास हुआ। शिलान्यास के कार्यों में 22 परिषदीय विद्यालयों का कायाकल्प और 63 परिषदीय विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की स्थापना का कार्य सम्मिलित है। जीडीए की तरफ से यह कार्य पूर्ण होते ही 63 और बेसिक स्कूल, यहां पढ़ने वाले बच्चों को आधुनिक शिक्षण प्रविधि का लाभ दिलाने में सक्षम हो जाएंगे।

6 हजार करोड़ से गोरखपुर में पूरा होगा सबके आवास का सपना

मुख्यमंत्री ने अब तक लांच हुई आवासीय योजनाओं में आवास पाने से वंचित लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि गोरखपुर में सबके आवास का सपना पूरा होगा। इसके दृष्टिगत नया गोरखपुर विकसित करने के लिए सरकार ने छह हजार करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी गरीब, पत्रकार, अधिवक्ता, शिक्षक, चिकित्सक, व्यापारी, कलाकार, वंचित नहीं रहेगा। सबको आवास की बेहतरीन सुविधा मिलेगी।

मुंबई-चेन्नई सुविधा मिलेगी रामगढ़ताल में

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शीघ्र रामगढ़ताल में क्रूज चलने और यहां वाटर स्पोर्ट्स की संभावनाओं को पंख लगने की बात कहते हुए कहा कि रामगढ़ताल में मुंबई और चेन्नई जैसी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

सीएम योगी ने बदल दी यूपी की छवि

लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह में सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकास में बुलडोजर का नायाब मॉडल देकर उत्तर प्रदेश और गोरखपुर की छवि बदल दी है। उनके मार्गदर्शन में गोरखपुर लंदन और मॉरीशस जैसा विकसित हो रहा है। लोग अब गोरखपुर को मिनी मॉरीशस तक कहने लगे हैं। जल्द ही गोरखपुर में लंदन आई की तर्ज पर गोरखनाथ आई बनेगा।

नवाबों के शहर की हवा में भी घुल रहा 'जहर'

महानगर के तालकटोरा और लालबाग क्षेत्र की हवा बहुत खराब स्तर पर पहुंची, यहां पर एक्यूआई का स्तर 300 के पार हुआ

- शहर के अन्य इलाकों में भी एक्यूआई खराब स्तर के करीब
- प्रदूषण के स्तर को देखते हुए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड हरकत में आया
- निर्माण करा रहे लोगों को नोटिस जारी कर निर्माण कार्य पर रोक लगा दी गई है

जन एक्सप्रेस | डॉ. वैभव शर्मा

लखनऊ। दिल्ली एनसीआर ही नहीं, राजधानी लखनऊ की हवा में भी जहर घुल रहा है। लगातार बढ़ते प्रदूषण के स्तर को देखते हुए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड हरकत में आया है। महानगर के कुछ इलाकों में प्रदूषण का स्तर ज्यादा खतरनाक हो गया है निर्माण करा रहे लोगों को नोटिस जारी कर निर्माण कार्य पर रोक लगा दी गई है। महानगर के तालकटोरा और लालबाग क्षेत्र की हवा बहुत खराब स्तर पर पहुंच चुकी है। यहां पर एक्यूआई का स्तर 300 को पार कर चुका है। शहर के अन्य इलाकों में भी एक्यूआई खराब स्तर के करीब है।

तालकटोरा और ऐशबाग क्षेत्र के उद्योगों को कराया बंद

कई सालो में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए शासन और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कड़े फैसलों के बाद भी इसमें कोई खास सुधार नहीं आया है। अक्टूबर से फरवरी तक लखनऊ में वायु प्रदूषण में की स्थिति काफी खतरनाक हो जाती है। एक सप्ताह पहले लखनऊ की हवा का स्तर अत्यंत खराब स्तर पर पहुंच गया था। इसके बाद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी उमेश चन्द्र शुक्ला ने तालकटोरा और ऐशबाग क्षेत्र के सभी उद्योगों को बंद करा दिया था। बोर्ड की सख्ती के बाद हालात कुछ बेहतर हो गये थे। चार दिन तक हवा सही रहने के बाद शुक्रवार से प्रदूषण फिर से बढ़ने लगा है।

कहां कितना एक्यूआई

तालकटोरा	352 बहुत ज्यादा खराब
अलीगंज	252 खराब
लालबाग	328 बहुत ज्यादा खराब
गोमती नगर	247 खराब
अम्बेडकर विवि	251 खराब
कुकरैल एक्यूआई	206 खराब

नगर आयुक्त, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र और पुलिस उपायुक्त यातायात को भी नोटिस जारी

लखनऊ मंडल के क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी ने तालकटोरा, ऐशबाग और नादरगंज और गोमती नगर तथा अलीगंज में निर्माण कार्य करने वाली कंपनियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ ही भारी जुर्माने की सिफारिश की है। इसके साथ ही नगर आयुक्त, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र और पुलिस उपायुक्त यातायात को भी नोटिस जारी किया है।

अलीगंज क्षेत्र में भी हवा का स्तर खराब स्तर तक पहुंचा

लालबाग और तालकटोरा के साथ ही अलीगंज क्षेत्र में भी हवा का स्तर खराब स्तर तक पहुंच गया है। हवा का स्तर अत्यंत खराब होने पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने शहर के निर्माण स्थलों का निरीक्षण किया।

नगर निगम, डीसीपी ट्रैफिक, जीएम डीआईसी और वन विभाग को नोटिस

हवा खराब होने पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक, नगर निगम और पुलिस उपायुक्त यातायात को भी नोटिस जारी किया है। जिला उद्योग को जारी नोटिस में महाप्रबंधक को निर्देश दिया गया है कि वह औद्योगिक क्षेत्र की खराब सड़कों को तत्काल सुधारे। इसके साथ ही कुकरैल सहित अन्य वन क्षेत्र में आग जलाने से रोकने के लिए कड़े प्रबंध करने को कहा गया है।

जिले के टॉप 10 अपराधियों के दोष सिद्ध कराएं: संजय प्रसाद

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

अपर मुख्य सचिव गृह संजय प्रसाद ने उत्तर प्रदेश के सभी डीएम,एसपी और पुलिस कमिश्नर को टॉप 10 अपराधियों को दोष सिद्ध करने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने लेटर में लिखा कि बीते 2 वर्षों से टॉप 10 अपराधियों को लेकर जो समीक्षा बैठक की गई। ऐसे में अभियोजन की कार्यवाही में लापरवाही मिली है। अपर मुख्य सचिव गृह ने प्रदेश के 46 जिलों में स्थित संतोषजनक ना होने पर नाराजगी जताई है, तत्काल स्थितियां सुधारे जाने के लिए निर्देश दिया है। अपर मुख्य सचिव गृह संजय प्रसाद के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश में सबसे ज्यादा अभियोजन के मामलों को लेकर भी सजा कराने वालों की संख्याएं बताई गई हैं। 25 मार्च 2022 से 31 अक्टूबर 2023 तक खराब प्रदर्शन वाले जिलों में अपराधियों को लेकर कराई गई सूची भी जारी की गई है।

अवध बस स्टैंड हटाने पर तत्काल विचार करें: इलाहाबाद हाईकोर्ट

- हाईकोर्ट ने सरकार से कहा, सर्विस लेन से परिवहन की बसें न गुजरें, जनवरी में होगी अगली सुनवाई

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कोर्ट परिसर के आसपास दिन भर जाम की समस्या का संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार को आदेश दिया है कि वह कमता स्थित अवध बस स्टैंड को अन्यत्र स्थानांतरित करने पर विचार करे। हाई कोर्ट ने यूपी सरकार से कहा कि इस संबध में ट्रैफिक पुलिस, लखनऊ ने जो प्रस्ताव भेजा है, सरकार उस पर जल्द निर्णय ले। इस बारे में राज्य परिवहन निगम से भी सलाह ली जाए। यह आदेश जस्टिस एआर मसूदी व जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ला की पीठ ने स्वतः संज्ञान द्वारा दर्ज अवध बार एसोसिएशन नाम से दर्ज की गई जनहित याचिका के साथ-साथ अन्य याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए पारित किया। जनवरी महीने में होगी अगली सुनवाई ये याचिकाएं हाई कोर्ट के इर्द-गिर्द ट्रैफिक समस्या बनी रहने के मुद्दे पर दाखिल की गई है। हाई कोर्ट ने यह भी कहा है कि हाई कोर्ट के सर्विस लेन से परिवहन नगर निगम की बसें न गुजरें। सुनवाई के दौरान परिवहन निगम की ओर से अधिवक्ता रत्नेश चंद्रा जबकि नगर निगम की ओर से अधिवक्ता अमित द्विवेदी व नमित शर्मा पेश हुए। परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर व डीसीपी ट्रैफिक लखनऊ भी उपस्थित रहे। हाई कोर्ट को बताया गया कि ट्रैफिक पुलिस ने पहले ही उक्त बस स्टैंड को शहर के बाहरी इलाके में शिफ्ट करने संबंधी प्रस्ताव भेजा है। उक्त प्रस्ताव पुलिस कमिश्नर लखनऊ द्वारा राज्य सरकार को 24 जून को अग्रसारित भी किया जा चुका है।

व्यास जी के तहखाने को डीएम के सुपुर्दगी में देने के मामले में सुनवाई टली, 29 नवंबर की तारीख मिली

जन एक्सप्रेस | वाराणसी

ज्ञानवापी स्थित व्यास जी की गद्दी डीएम को सुपुर्दगी के मामले में जिला जज की अदालत में शुक्रवार को सुनवाई टल गई है। एक अधिवक्ता के निधन के कारण सुनवाई नहीं हो पाई। अदालत ने अब 29 नवंबर की तारीख नियत की है। बता दें कि पक्षकार बनने के लिए विश्वनाथ मंदिर के वाद मित्र विजय शंकर रस्तोगी ने इसे सामान्य नहीं राष्ट्रीय मसला बताते हुए लंबी दलील रखने की बात कही। अदालती समय कम होने के कारण अदालत ने सभी पक्षकारों की सहमति से 24 नवंबर को लंच बाद सुनवाई की तिथि तय कर दी थी। बता दें कि शैलेंद्र कुमार पाठक व्यास ने बीते 25 सितंबर को ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यासजी का तहखाना जिलाधिकारी को सौंपने के लिए सिविल जज सीनियर डिवीजन की कोर्ट में वाद दाखिल किया था। वाद में कहा गया है कि व्यासजी का तहखाना वर्षों से उनके परिवार के कब्जे में रहा। वर्ष 1993 के बाद प्रदेश सरकार के आदेश से तहखाने की ओर बैरिकेडिंग कर दी गई। वर्तमान में नंदीजी के सामने स्थित व्यासजी के तहखाने का दरवाजा खुला हुआ है।

यूपी में बंद सिनेमाघर बनेंगे शॉपिंग काम्पलेक्स

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने लंबे अरसे से बंद पड़े सिनेमा हॉल के संचालकों को बहुमंजिला कॉम्प्लेक्स बनाने की अनुमति दे दी है। इसके लिए सिनेमा हॉल के मालिकों को मनोरंजन कर से संबंधित अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना होगा। उत्तर प्रदेश आवास विभाग के विशेष सचिव उदय भानु त्रिपाठी ने राज्यकर विभाग की सहमति के बाद शासनादेश जारी कर दिया है। उत्तर प्रदेश में लगभग 800 सिंगल स्क्रीन सिनेमाघर शहर के पुराने इलाकों में बने हुए है। जिन्हें बंद होने के बावजूद भी इसकी जमीन का उपयोग करके दूसरा व्यवसाय करने से वंचित रखा गया था। जिसके कारण सिनेमा हॉल के मालिक को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इन सब परिस्थितियों को देखते हुए सरकार ने ऐसे सभी सिंगल स्क्रीन सिनेमा हॉल जो बंद हो चुके हैं उनकी जमीन पर शॉपिंग कंपलेक्स और बहुमंजिला भवन बनाने की अनुमति दे दी है।

कानपुर एक्सप्रेस

कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें

आईएसआईएस ने टेरर फंडिंग के लिए बनाया ई-मनी को हथियार

- यूपी में आतंक के लिए क्रिप्टो करेंसी का कर रहे इस्तेमाल, एटीएस का ऑपरेशन शुरू
- साइबर एक्सपर्ट वसीउल्लाह क्रिप्टो करेंसी में करता था लेन-देन

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

यूपी में आतंक फैलाने के लिए आईएसआईएस ने टेरर फंडिंग के तौर पर ई-मनी (क्रिप्टो करेंसी) को इस्तेमाल कर रही है। इसका खुलासा सोमवार को लखनऊ के राजाजीपुरम में रहने वाले वसीउल्लाह की गिरफ्तारी के बाद हुआ। यूपी एटीएस ने उससे जुड़े लोगों की धरपकड़ के लिए पश्चिम यूपी से पूर्वी यूपी तक अपना धरपकड़ का ऑपरेशन शुरू कर दिया है। साथ ही उसको पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेकर उससे जुड़े लोगों के विषय में पड़ताल शुरू कर दी है। सूत्रों के मुताबिक यूपी में एक्टिव आतंकी संगठन एक देश से दूसरे देश में अपने मॉड्यूल तक टेरर फंडिंग के लिए क्रिप्टो करेंसी और बिटकॉइन का इस्तेमाल कर रहे हैं। जिसका नेटवर्क तोड़ने के लिए साइबर एक्सपर्ट की एक टीम लगी है। जो संदिग्ध खातों के लेनदेन का ब्योरा खंगाल रही है। आतंकी संगठन आईएसआईएस के एजेंटों को आतंक फैलाने के लिए विदेशों और देश में बैठे लोगों से आने वाली टेरर फंडिंग को एक खाते से दूसरे खाते में भेजा जा रहा है। इसको लखनऊ से वसीउल्लाह मैनेज कर रहा था। एटीएस सूत्रों के मुताबिक राजाजीपुरम स्थित मीना बेकरी के पास रहने वाला वसीउल्लाह ने अपने बैंक खाते से आतंकी शैलेश कुमार उर्फ शैलेंद्र सिंह चौहान सहित दो दर्जन लोगों को अलग-अलग खातों में पैसे भेजे हैं। एटीएस ने 25 सितंबर को सेना की जासूसी करने वाले आईएसआईएस एजेंट शैलेश को गिरफ्तार किया था। शैलेश ने इसके बारे में पूछताछ के दौरान बताया था। जिसके बाद एटीएस की जांच में वसीउल्लाह के खाते में कई संदिग्ध लेनदेन की जानकारी सामने आई थी। एटीएस की जांच में सामने आया है कि वसीउल्लाह साइबर अपराधी है। ऑन लाइन फ्राड करने वाला वसीउल्लाह आईएसआईएस के संपर्क में आने बाद टेरर फंडिंग का काम करने लगा। वह सारा लेन-देन वह क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से करता था। आईएसआईएस का फंडिंग का ये नया तरीका सुरक्षा जांच एजेंसियों के लिए बड़ी चुनौती बना गया है, क्योंकि इसको ट्रेस करना मुश्किल है। इसके चलते इस नेटवर्क को तोड़ना एक बड़ा चैलेंज है।

हवाला का तोड़ बना लिया बिट क्वाइन और क्रिप्टो करेंसी

एटीएस के अधिकारी के मुताबिक आईएसआईएस पहले टेरर फंडिंग हवाला के जरिए होता था, लेकिन सुरक्षा एजेंसियों के नकेल कसने पर उसने भी टेक्नालॉजी का इस्तेमाल करने लगा। इसका ही नतीजा है कि टेरर फंडिंग के लिए क्रिप्टो करेंसी और बिटकॉइन का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया। इनका इस्तेमाल इस्लामिक आतंकवादी और खालिस्तान समर्थक आतंकवादियों के करने के साक्ष्य मिले हैं। यह लोग विदेश और खाड़ी देशों में काम करने वालों के भारत भेजे जाने वाले पैसे की आड़ में यह खेल कर रहे हैं। भारत में क्रिप्टोकरेंसी के लिए ठोस कानून न होने का साइबर अपराधियों की तरह आतंकी संगठन भी फायदा उठा रहे हैं।

लखनऊ में थाने के गेट पर युवती ने खाया जहर

लखनऊ। लखनऊ में एक युवती ने आशियाना थाने के बाहर गुरुवार रात जहरीला पदार्थ खा लिया। युवती की हालत बिगड़ने पर हड़कंप मच गया। आनन-फानन में पुलिस ने उसको लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। युवती का कहना है कि जिससे वह शादी करना चाहती है वह शादी करने से अचानक मुकर गया। इसके चलते उसने कदम उठाया। वहीं पुलिस का कहना है कि युवती ने प्रेमी के खिलाफ कोई शिकायत नहीं की। उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, कानपुर के रेल बाजार निवासी युवती गुरुवार शाम करीब छह बजे आशियाना थाना आई। युवती का आरोप है कि प्रेमी ने उसके साथ शादी करने की बात कह नजदीकियां बढ़ाई और अब शादी को तैयार नहीं है।

नामदेव दर्जी समाज धर्मशाला में धूमधाम से मनाई गई नामदेव महाराज की जयंती

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी पवित्र तीर्थ स्थल चित्रकूट परिक्रमा मार्ग बरहा हनुमान मंदिर के सामने खोही स्थित नामदेव दर्जी समाज धर्मशाला में संत शिरोमणि नामदेव महाराज की 753वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने संत शिरोमणि नामदेव महाराज की पूजा अर्चना के साथ की। इस अवसर पर नामदेव दर्जी समाज धर्मशाला के प्रबंधक राकेश नामदेव, अध्यक्ष अशोक नामदेव ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।



जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि नामदेव पहले ऐसे संत हैं जो बिना गुरु के भगवान के साक्षात दर्शन किए हैं।

नामदेव दर्जी समाज महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री मध्य प्रदेश राजेन्द्र नामदेव ने प्रस्तावित शनि मंदिर के लिए हर संभव मदद तथा धर्मशाला के रखरखाव के लिए सहयोग की बात कही। ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय त्रिपाठी ने कहा कि यह समाज ऐसे महापुरुष के पद चिन्हों पर चल रहा जो संत शिरोमणि कहलाए। नामदेव दर्जी समाज के गौरव पंचदशनाम जूना अखाड़ा के संत नामदेव पुरी महाराज द्वारा शनि देव मंदिर निर्माण के लिए उपस्थित लोगों के समक्ष शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर दशरथ सिंह यादव जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी पन्ना, अरुण नामदेव हमीरपुर, डा हरीशंकर नामदेव पहाड़ी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। नामदेव दर्जी समाज धर्मशाला समिति द्वारा अतिथियों को भगवान कामतानाथ की मूर्ति भेंट किया गया।

इस मौके पर रमाकांत नामदेव, राजीव नामदेव, अमित नामदेव, श्रीनिवास नामदेव, चन्द्रशेखर नामदेव, मनोज कुमार, रामा नामदेव, कीरतराम, केशलाल नामदेव, फूलचंद नामदेव, छोटेलाल नामदेव, मोहन लाल नामदेव, रामनरेश नामदेव, विनोद नामदेव, सुशील कुमार नामदेव आदि मौजूद रहे।

लोकतंत्र रक्षक सेनानी शिवशंकर का निधन

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

लोकतंत्र रक्षक सेनानी एंव राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पूर्व जिला संघ चालक शिवशंकर द्विवेदी का शुक्रवार को निधन हो गया। मानिकपुर तहसील के रैपुरा निवासी शिवशंकर द्विवेदी के पुत्र केशव द्विवेदी उर्फ विष्णु ने बताया कि उनके पिता कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे और प्रयागराज में उनका इलाज चल रहा था। लोकतंत्र रक्षक सेनानी के निधन की सूचना मिलने पर मानिकपुर तहसीलदार और रैपुरा थाना प्रभारी ने अंतेष्टि स्थल पर जाकर गार्ड ऑफ आनर दिया। बड़े पुत्र अजय द्विवेदी ने पिता का अंतिम संस्कार किया। पति के निधन के बाद

लोकतंत्र रक्षक सेनानी की पत्नी उमा देवी बेहद गमगीन हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिला संघ चालक श्याम सुन्दर मिश्रा, लोकतंत्र रक्षक सेनानी रामप्रकाश द्विवेदी ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। इसके अलावा संघ के जिला प्रचारक पुनीत, पूर्व विधायक आनन्द शुक्ला, बौद्धिक शिक्षण प्रमुख विजय किशोर, नगर कार्यवाह आशीष सिंह आदि ने रैपुरा पहुंचकर शोक व्यक्त किया।

ठण्ड में किसी भी गौशाला में रात को खुले में नहीं रहने चाहिए गोवंश: डीएम

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में शुक्रवार को निराश्रित गोवंशों के संरक्षण एवं भरण पोषण तथा ठंड से बचाव व निकायों में संरक्षण एवं नये गौशालाओं के निर्माण के सम्बन्ध में बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारियों तथा अधिशासी अधिकारियों एवं पशु चिकित्साधिकारियों से कहा कि ठंड को देखते हुए सभी गौशालाओं में तिरपाल, बोरा का छप्पर पुवाल से व्यवस्था कर लीजिए, किसी भी गौशाला में रात में खुले में गोवंश नहीं रहना चाहिए। किसी भी गोवंश की ठंड से मृत्यु नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिक ठंड होने पर अलाव की भी व्यवस्था कराई जाए। सभी नोडल अधिकारी गौशाला में संरक्षित गोवंशों का सत्यापन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। खंड विकास अधिकारियों से

कहा कि जिन गौशाला निर्माण का कार्य चल रहा है, उनमें प्रगति कराए। उन्होंने कहा कि जहां पर जमीन की समस्या है तो उप जिलाधिकारियों से समन्वय करके निस्तारण कराया जाए। ठंड को देखते हुए सभी खंड विकास अधिकारी ग्राम प्रधानों की बैठक करके पशुओं के अच्छे खान-पान की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारियों से कहा कि जो शहर में निजी पशु लोग छोड़ते हैं, उन पर जुर्माना लगाए और जो आवारा पशु घूम रहे हैं, उन्हें काऊ कैचर के माध्यम से गौशालाओं में संरक्षित कराया जाए। गोवंशों को पराली को काटकर तथा उसमें हरा चारा दिया जाए, खडी पराली न खिलाएं। पेयजल की व्यवस्था में अगर कोई कमी है तो उसको तत्काल ठीक कर लें। प्रत्येक गौशाला में रात के समय एक केयर टेकर अवश्यक रहे, उसके रहने के लिए अस्थाई व्यवस्था सुनिश्चित करें। गौशालाओं के चरवाहे का समय से मानदेय दिया जाए। प्रत्येक गौशाला में सीसीटीवी कैमरा भी लगाया जाए। इसके लिए जिला पंचायत राज अधिकारी सभी ग्राम प्रधानों को निर्देश जारी करें। इसी प्रकार सभी अधिशासी अधिकारी व्यवस्था कराएं। जिन गौशाला में विद्युत नहीं है, वहां पर विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सभी खंड विकास अधिकारी इन सभी कार्यों के लिए ब्लॉक स्तर पर एक कार्य योजना बनाकर कराएं। उन्होंने कहा कि भरण पोषण के लिए जो भुगतान किया गया है, उसका उपभोग प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाए ताकि आगे के भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। गोवंशों की सुपुर्दगी को भी बढ़ाया जाए। सभी पशु चिकित्साधिकारी यह सुनिश्चित करें। मुख्य सड़कों पर कोई भी गोवंश नहीं घूमना चाहिए, उन्हें गौशालाओं पर संरक्षित कराए। साथ ही सभी गोवंश गौशालाओं पर ही रखे जाएं, उन्हें चरने के लिए नहीं छोड़ा जाए। मऊ व राजापुर में कान्हा गौशाला का निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं हुआ है, उसे अधिशासी अधिकारी शुरू कराएं। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक दशा में सोमवार तक पशुओं का सर्वे करा कर रिपोर्ट भेजें तथा सभी पशुओं का जियो टैगिंग अवश्य कराया जाए।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वंदिता श्रीवास्तव, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेंद्र, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुभाष चंद्र आदि मौजूद रहे।

बैंक वसूली सम्बन्धी अधिक से अधिक वादों का कराएं निस्तारण: जनपद न्यायाधीश

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने बैंक अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें सुलह समझौते के आधार पर अधिक से अधिक वाद निस्तारण कराने पर जोर दिया गया।

जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आगामी 9 दिसम्बर को समस्त दीवानी न्यायालयों एवं राजस्व न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शमनीय अपराधिक वाद, धारा 138 एनआई एक्ट, मोटर दुर्घटना दावा वाद, श्रम वाद, बैंक वूसली वाद, विद्युत अधिनियम, जल वाद, सेवा मामले, पारिवारिक वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, राजस्व चकबंदी वाद, किराए दारी तथा सुखाधिकार, स्थायी निषेधाज्ञा,

सिविल वाद, राजस्व वसूली, विनिर्दिष्ट अनुतोश, मोटर वाहन ई चालान, लघु आपराधिक वाद का निस्तारण किया जाना है। साथ ही ऐसे मामले जो अब तक न्यायालय के समक्ष नहीं आए हैं, खासतौर से पारिवारिक मामलों का प्री लिटिगेंसन के माध्यम से निस्तारण किया जाएगा। इसके अलावा उपभोक्ता फोरम, आर्बिट्रेशन सम्बन्धित वादों का निस्तारण सरलता पूर्वक किया जाएगा। बैंक अधिकारियों के साथ हुई बैठक में जनपद न्यायाधीश ने बैंक वसूली से सम्बन्धित मामलों को चिन्हित कर अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराने पर जोद दिया। इस मौके पर नोडल अधिकारी अपर जिला जज दीप नारायण तिवारी, प्राधिकरण के सचिव अपर जिला जज फारूख इनाम सिद्दीकी, अग्रणी बैंक प्रबंधक तुलसीराम, भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक मनोज कुमार, राकेश कुमार मिश्रा, मनोज कुमार, अनुराग करवरिया, अमित कुमार, अमित चन्द्रा, सुशील कुमार, ललित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

नाबालिग के साथ दुराचार के आरोपी को 20 साल की कैद

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। मंदबुद्धि नाबालिक लड़की के साथ खेत में दुराचार करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने आरोपी को 20 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 10 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया। विशेष लोक अभियोजक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि कर्वी कोतवाली में एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वादी के अनुसार उसकी 16 वर्षीय बेटी दिमागी रूप से कमजोर है। वह अपनी दादी के साथ 3 सितम्बर 2017 को पहाड़ के समीप अरहर के खेत में बछडा छोडने गई थी। उसकी दादी दो खेत दूर थी। इस दौरान रज्जू उर्फ बंगाली पुत्र रामखेलावन ने उसे पकड़ लिया और कपड़े उतार कर गलत काम किया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद बालिका का चिकित्सीय परीक्षण कराया था और न्यायालय में बयान दर्ज कराने के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया था। साथ ही न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश विनीत नारायण पांडेय ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी को 20 वर्ष कठोर कारावास के साथ 10 हजार रूपए के अर्थदड की सजा सुनाई गई।

आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मिलेगा पका-पकाया भोजन, सीडीओ ने किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। बांदा

शुक्रवार को बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पका पकाया भोजन देने का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अलीगंज प्राथमिक विद्यालय में मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य द्वारा योजना का शुभारंभ किया गया। इस केंद्र पर उपस्थित बच्चों को तहरी और खीर खिलाकर योजना का शुभारंभ किया गया। उल्लेखनीय है कि बाल विकास एवं पोषण विभाग 6 वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओ, एवं किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य पोषण तथा शैक्षणिक स्तर में गुणात्मक सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य

बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास की नींव डालना है। 6 वर्ष से छोटे बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण में सुधार लाना है। माता की क्षमताओं का विकास करना जिससे वे बच्चों के स्वास्थ्य पोषण और विकास की आवश्यकताओं को पहचान सके। जिन प्राथमिक विद्यालयों में आंगनबाड़ी केंद्र भी संचालित हैं वहां प्राथमिक विद्यालय के रसोइयों द्वारा स्कूल के मीनू के अनुसार ही आंगनबाड़ी बच्चों को पका पकाया खाना उपलब्ध कराएंगे। तीन से 6 वर्ष के बच्चों को स्कूल पूर्व शिक्षा प्रदान करना भी आंगनबाड़ी केंद्र का उद्देश्य है तथा बच्चों में कुपोषण कम हो और वह अतिकुपोषित और कुपोषित की श्रेणी में चिन्हित ना हो, इस बात का निर्देश सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को दिए गए हैं। शुभारंभ के इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी केसरी नंदन त्रिपाठी, बाल विकास परियोजना अधिकारी ,यूनिसेफ के प्रतिनिधि तथा स्थानीय सभासद सोनी भी उपस्थित रहे। बच्चों को पुरस्कार भी वितरित किया गया।

अवैध गांजे के साथ पुलिस ने अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। बांदा

पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर गवेन्द्र पाल गौतम के नेतृत्व में शुक्रवार की सुबह थाना कालिंजर पुलिस द्वारा अवैध गांजे की खेती करने वाले एक अभियुक्त को

गिरफ्तार कर लिया गया। थाना कालिंजर पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम नौगवां में एक व्यक्ति द्वारा अपने घर के अन्दर बाड़े में अवैध रुप से गांजे की खेती की जा रही है। सूचना पर पुलिस द्वारा छापेमारी कर एक अभियुक्त को ग्राम नौगवां से गिरफ्तार कर लिया गया। मौके से अभियुक्त के कब्जे से 62.3 किलोग्राम अवैध हरा गांजा बरामद हुआ है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम दलबीर सिंह उर्फ रज्जू पुत्र कमल सिंह निवासी नौगवां थाना कालिंजर शामिल हैं।

जलशक्ति राज्यमंत्री ने आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण का किया शिलान्यास

जन एक्सप्रेस। बांदा

मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा अयोध्या से प्रदेश के आंगनबाड़ी केन्द्रों का शिलान्यास व 03-06 वर्ष के बच्चों के हेतु हॉट कुक्ड मील योजना का शुभारम्भ किया गया, जिसके क्रम में जनपद में तिन्दवारी विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत गुरेह के मजरा भज्जू का पुरवा विकास खण्ड बडोखर खुर्द में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण हेतु रामकेश निषाद राज्यमंत्री (जल शक्ति) उ0प्र0 सरकार द्वारा शिलान्यास किया गया।

इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी बडोखर खुर्द, ग्राम प्रधान गुरेह अजय सिंह आदि उपस्थित रहे। राज्यमंत्री द्वारा अपने अभिभाषण में कहा गया कि मुख्यमंत्री की ये पहल छोटे बच्चों के सार्वभौमिक विकास में बहुत सहायक है।

इसी क्रम में विकास खण्ड महुआ की ग्राम पंचायत मुरवा में ब्लाक प्रमुख महुआ द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण का शिलान्यास किया गया, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी महुआ, ग्राम प्रधान मुरवां एवं अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे तथा विकास खण्ड नरैनी की ग्राम पंचायत अतर्रा ग्रामीण के मजरा फौजदार का पुरवा में ब्लाक प्रमुख नरैनी मनफूल पटेल द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण हेतु शिलान्यास किया गया, जिसमें बाल विकास परियोजना अधिकारी नरैनी एवं अन्य उपस्थित रहे।

जनपद में शुक्रवार को 03-06 आयु वर्ष के बच्चों हेतु हॉट कुक्ड मील योजना का शुभारम्भ आंगनबाडी केन्द्र गुलाबबाग बाल विकास परियोजना शहर, बांदा से मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर 40 बच्चों को गर्म पका पकाया भोजन खिलाया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अपने अभिभाषण में कहा गया कि हाट कुक्ड मील योजना से बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में मदद मिलेगी। इस अवसर जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी शहर, वार्ड सभासद रामप्रसाद सोनी, मुख्य सेविका अर्चना तिवारी एवं अन्य उपस्थित रहे।

पाइप लाइन बिछाते समय खोदी गयी सड़क का पुन: तत्काल निर्माण करायें: डीएम

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत कराये जा रहे कार्यां की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी सी. इन्दुमती की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी के निर्माण एवं हर घर जल के अन्तर्गत ग्रामों में बिछाई जा रही पाइप लाइन के कार्यां की प्रगति के संबंध में विस्तृत समीक्षा किया।

डीएम ने निर्देशित किया कि टंकी के निर्माण व पाइप लाइन बिछाने का कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाय। कार्य मे तेजी लाने के लिए मैन पावर बढ़ाकर कार्य कराए। उन्होंने कहा कि पाइप लाइन बिछाने के लिए जो सड़क की खुदाई किया जाता है उसका पुनः निर्माण उसी प्रकार किया जाये।

जब कोई विकल्प न हो तभी सड़क के बीच से पाइप लाइन डाली जाये अन्यथा सड़क के किनारे से पाइप लाइन डाली जाए। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर भूमि विवाद है संबंधित उप जिलाधिकारी से व्यक्तिगत कार्यदायी संस्थाएं मिलकर निस्तारण कराये और कार्य प्रारंभ कराये। उन्होंने कहा कि नल जल मित्र के लिए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्राथमिकता के साथ जोड़ा जाए, जिला पंचायत राज अधिकारी से समन्वय बनाते हुए ग्राम पंचायत स्तर पर शासन द्वारा निर्धारित योग्यता के अनुसार चिन्हित करते हुए प्रशिक्षण कराने की नियमानुसार कार्यवाही किया जाय। मौके मे सम्बधिंत अधिकारी उपस्थित रहे।

कृषि मण्डी समिति की सड़क को अढ़तियों ने किया जाम, किसान परेशान

जन एक्सप्रेस। खागा, फतेहपुर

हाईवे स्थित नवीन मंडी में दुकानें लगाने को लेकर आढ़तियों में विवाद की स्थिति बनी हुई है। मंडी प्रशासन की सह पर कुछ आढतियों ने अवैध तरीके से मंडी गेट में धान खरीद केन्द्र का बैनर लगाकर धान की बोरियों को गेट के सामने डंप कर दिया है। जिससे किसानों समेत तमाम आढतियों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

मंडी समिति में बड़ी संख्या में लाइसेंस धारक आढतियों को दुकानें आवांटित किया गया है। यहां गल्ला, अनाज, सब्जी, फल आदि की खरीद फरोख्त का काम करते हैं लेकिन आढतियों का आरोप है कि कुछ ने आवांटित

दुकान के इतर आवागमन वाले मार्ग में ही दुकान सजा कर खरीद फरोख्त करते हैं। हद तो तब हो गई जब एक आढ़ती ने मंडी प्रशासन की मौन स्वीकृती पर चेक पोस्ट के पास बने मंडी गेट के निकास को ही बंद कर धान खरीद फरोख्त का व्यवासाय शुरू कर दिया। जिससे अन्य सब्जी अढतियो सहित किसानो को आवागमन के लिए भारी परेशानियो का सामना करना पड रहा है। जब कि नवीन मंडी सचिव सतीश चन्द्र तिवारी ने बताया कि मंडी परिसर में जगह का अभाव होने के कारण आढतियों को स्थान निश्चित कर उन्हें फौरी तौर पर व्यवसाय करने के लिए अनुमति दिया गया है।

देवोत्थानी एकादशी में महिलाओं ने किया विष्णु व लक्ष्मी पूजन

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को जगत के पालनहार भगवान विष्णु चार मास की निद्रा से जागकर स्वयं की शक्तियों को जगाने की मान्यता को दृष्टिगत रखते हुए हिन्दू धर्म की महिलाओं ने उपवास रखकर पूरा दिन भगवान की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना किया। देर शाम को इस समय में तैयार होने वाली नई फसलों जैसे सिंघाड़ा, गन्ना, नया गुड़, नये चावल के लड्डू बनाकर विधि-विधान पूर्वक पूजा-अर्चना किया। शहर के प्रत्येक चैराहे

पर गन्ने की दुकाने लगी रहीं। जिसमें पूरा दिन लोग खरीददारी करते दिखे। गन्ना इस बार दस रूपये से लेकर बीस रूपये पीस तक बिका। महिलाओं ने पूजा-अर्चना के पूर्व परिवार में सुख-समृद्धि आए एवं दरिद्रता जाए की सोच को कायम करते हुए सोलह श्रृंगार भी किया। ग्रंथों के मुताबिक ऐसा माना जाता है कि इस दिन पूजा-अर्चना करने से घर में व्याप्त क्लेश, दरिद्रता आदि का नाश होता है। बताया जाता है कि महिलायें इस दिन श्रद्धापूर्वक नई फसलों से भगवान का भोग लगाने के पश्चात् भगवान विष्णु एवं माँ लक्ष्मी के प्रवेश के लिए चावल से बने लेप से सीढ़ियाँ बनाती है जो पूजा-स्थल से लेकर घर में स्थापित भंडार गृह तक जाती है। माना जाता है कि भगवान इसी रास्ते से भंडार गृह में जाते है और धन धान्य से परिपूर्ण करते है। वहीं कल भोर पहर सूप पीटकर लक्ष्मी आगमन की कामना करती है।

किसानों की पंचायत मे धान घटतौली डीएपी की लत जैसे मुद्दे रहे केन्द्र बिन्दु

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

भारतीय किसान यूनियन टिकैट गुट की मासिक बैठक में किसानों की समस्याओं को लेकर चर्चा करते हुए अलग-अलग ब्लाक क्षेत्रों में पंचायत करने की रणनीति बनाया गया। उधर प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि किसानों का उत्पीड़न किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। बैठक का आयोजन नहर कालोनी परिसर में जिलाध्यक्ष अशोक कुमार उत्तम की अध्यक्षता में आयोजित हुई। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने शिरकत किया।

किसानों ने बताया कि धान खरीद में किसानों से 15 से 20 किलो धान की कटौती किया जा रहा है। किसानों को डीएपी खाद नहीं मिल पा रही है। प्राइवेट दुकानदारों ने 1800 रूपये बोरी बेंची जा रही है। सरकारी राशन की दुकानों में पांच किलो तक की घटतौली किया जा रहा है। मांग किया गया कि नहरों की सफाई समय से ठीक ढंग से कराकर पानी समय से छोड़ा जाय। सर्दी के मौसम को देखते हुए किसानों को दिन में बिजली आपूर्ति दिलाया जाय। निर्णय लिया गया कि चार दिसंबर को धाता ब्लाक में पंचायत किया जायेगा। जिला प्रशासन ने यदि किसानों की समस्याएं हल न की तो मलवां रेलवे स्टेशन पर तीस नवंबर को महापंचायत किया जायेगा। बैठक के दौरान भाकियू अराजनैतिक को छोड़कर टिकैट गुट में शामिल होने पर कृष्ण पाल सिंह को जिला सचिव मनोनीत करते हुए माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर किसान बडी संख्या मे मौजूद रहे।

janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive

कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । | लखनऊ । शनिवार । 25 नवंबर 2023

मौसम पूर्वानुमान

पूर्वानुमान
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं लेकिन बर्षा की कोई संभावना नहीं है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 26.4 (-1.8)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 11.0 (-1.0)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 93 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 67 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 2.2 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

रामचरितमानस भारत में नहीं तो क्या पाकिस्तान में पढ़ाई जाएगी : धीरेन्द्र शास्त्री

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बीते दिन शहर में बागेश्वर धाम प्रमुख धीरेंद्र शास्त्री का दौरा था, धीरेंद्र शास्त्री का दीदार करने के लिए जनता मानो पागल सी हो गई थी, जैसे ही धीरेंद्र शास्त्री शहर में पहुंचे जगह जगह उनका फूलों की वर्षा से स्वागत हुआ,इस दौरान उन्होंने सभी हिंदुओं को एकजुट होने का संदेश देते हुए कहा कि सभी हिंदुओं को एक होना पड़ेगा तभी भारत देश हिंदू राष्ट्र बन सकेगा, इस दौरान उन्होंने एक बात यह भी कहीं कि ?10 की राजनीति पर हम करोड़ों रुपए के अध्यात्म का ज्ञान खर्च नहीं करना चाहते हैं। शुक्रवार को धीरेंद्र शास्त्री नगर के थाना नजीराबाद क्षेत्र स्थित

अशोक नगर की चिड़ी मार गली में बालाजी सेवा समिति के अध्यक्ष अधिवक्ता सुनील शुक्ला के घर पहुंचे उनके पहुंचने से पहले हजारों की संख्या में उनका दीदार करने के लिए जनता पहले से पहुंच चुकी थी पुलिस प्रशासन ने भी किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए चप्पे चप्पे पर पुलिस फोर्स तैनात कर रखा था, सुनील शुक्ला के घर पर पहुंचकर ऊपर से ही जनता का अभिवादन स्वीकार किया, इस दौरान उन्होंने जनता को संदेश भी दिया! सुनील शुक्ला के घर से निकलने के बाद वह पवन तने आश्रम पहुंचे।

हिंदुओं को संगठित होने का संदेश दे गए धीरेंद्र शास्त्री

सुनील शुक्ला के घर पहुंचने के दौरान जब बागेश्वर धाम प्रमुख धीरेंद्र शास्त्री मीडिया से मुखातिब हुए तो उन्होंने राजनीति पर कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया और स्पष्ट रूप से कहा कि वह 10 की राजनीति के लिए करोड़ों के आध्यात्मिक ज्ञान को नहीं खर्च कर सकते इस दौरान उन्होंने सभी हिंदुओं को संगठित होने के लिए कहा और कहा कि अगर सभी हिंदू संगठित होंगे तभी भारत देश हिंदू राष्ट्र बन सकेगा पत्रकारों के द्वारा यह पूछने पर की स्कूलों में रामचरितमानस पढ़ाए जाने पर विरोध किया जा रहा है इस पर वह बोले की रामचरितमानस का पाठ भारत में नहीं पढ़ाया जाएगा तो क्या पाकिस्तान में पढ़ाया जाएगा।

डॉक्टर मनीष सिंह राजपूत को मिला रिसर्च एक्सीलेंस अवार्ड

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

डॉ.अंबेडकर इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी फॉर हैंडिकैप्ड कानपुर के डिपार्टमेंट आफ बायोटेक्नोलॉजी के डॉक्टर मनीष सिंह राजपूत को रिसर्च एक्सीलेंस अवार्ड मिला। यह अवार्ड उन्हें बायोटेक्नोलॉजी की सबसे प्रतिष्ठित सोसाइटी बायोटेक रिसर्च सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा दिया गया है। सतना में आयोजित इस तीन दिवसीय इंटरनेशनल कांफ्रेंस में डॉ.मनीष सिंह ने पाइरिडिन बायोडेग्रडेशन विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान दिया। उन्होंने इंडस्ट्रियल एफ़ल्यूएंट पाइरिडिन को बैक्टीरियल एंजाइम से बिना हानि के ट्रीट करने की विधि बताई।

छठ पूजन सकुशल संपन्न कराने के लिए बधाई के पात्र हैं पुलिस कमिश्नर : गहमरी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर में अभी हाल ही में छठ पूजन का आयोजन विभिन्न क्षेत्रों के घाटों पर हुआ था, छठ पूजन कोई एक दिन नहीं बल्कि लगभग चार दिनों पहले आरंभ हो जाता है और इस दौरान जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बहुत ही सजग रहता है, कानपुर के जिलाधिकारी पुलिस कमिश्नर संयुक्त पुलिस कमिश्नर समेत जितने भी एसीपी और इंस्पेक्टर चौकी प्रभारी पुलिसकर्मी हैं वह सभी बधाई के पात्र हैं क्योंकि छठ पूजन का आयोजन बहुत ही सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है यह सभी बातें बीते दिन केंद्रीय छठ पूजा समिति के अध्यक्ष संतोष गहमरी के द्वारा उस समय कहीं गईं जब वह अपनी टीम के सदस्यों के साथ पुलिस कमिश्नर आर.के. स्वर्णकार को धन्यवाद पत्र देने पहुंचे थे। श्री गहमरी ने पुलिस कमिश्नर आर के स्वर्णकार समेत

उनके पूरे विभाग को बधाई देते हुए कहा कि छठ पूजा पर हर घाटों पर पुलिस व्यवस्था बहुत ही अच्छे तरीके से थी और खुद आप (पुलिस कमिश्नर) द्वारा हर घाटों पर दौरा कर व्यवस्था का समय-समय पर निरीक्षण किया जाता रहा, जिस कारण छठ पूजन पर किसी भी प्रकार की कोई भी अप्रिय घटना घटित नहीं हुई है। बधाई देने वाले में प्रमुख रूप से डॉक्टर आनंद झा फैजुद्दीन प्रभात पाल सनम सुमित मुन्ना चौहान रंग बहादुर आदि लोग मौजूद थे।

ज्ञान मनुष्य का तृतीय नेत्र जिसका माध्यम शोध है: डॉ.रश्मि गोरे

जन एक्सप्रेस । प्रदीप शर्मा

कानपुर नगर। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में शुक्रवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एवं कुलपति प्रो.विनय कुमार पाठक की प्रेरणा से शिक्षा विभाग, सीएसजेएमयू, आई क्यू ए सी एवं शोध एवं विकास प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्त्ववधान में रिसर्च मेथोडॉलजी विषय पर 10 दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ.रश्मि गोरे ने कहा की ज्ञान मनुष्य का तृतीय नेत्र है जिसका माध्यम शोध है यही जीवन की गुणवत्ता एवं राष्ट्रीय विकास का मध्यम है।शोध एवं विकास प्रकोष्ठ की अधिष्ठाता डॉ.अनुराधा कालानी ने बताया कि शोध की सीमा ही नवीन शोध को

अवसर देती है यही ज्ञान यात्रा है।आयोजन सचिव डॉ.विमल सिंह ने प्रतिभागियों का विषय विशेषज्ञ प्रोफेसर डी.एन.सनसनवाल का परिचय कराया। प्रो.सनसनवाल ने कहा कि हमारे देश में अपार स्तरीय शोध का मूल कारण कक्षाओं में अपसारी एवं अभिसारी चिंतन का अभाव है।हमे अपनी शिक्षा प्रणाली को शोध उन्मुखी बनाना होगा। इसका एकमात्र उपाय अभ्यास है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नैसर्गिक नही है इस बात का खयाल हमे ज्ञान की वैधता के संबंध में रखना होगा। प्रोजेक्ट एवं कंसलटेंसी की अधिष्ठाता प्रोफेसर अंशु यादव ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 गुणवत्तापूर्ण शोध को बढ़ावा देती है तथा शोध समस्या एक सामाजिक समस्या है। प्रतिकुलपति प्रो.सुधीर कुमार अवस्थी ने शोधकर्ताओं एवं शोध निर्देशकों से वैज्ञानिक शोध एवं सामाजिक विज्ञान शोध में ज्ञान संप्रेषण को बढ़ावा देने का आवाहन किया। जिससे नीति निर्माण में शोध निष्कर्षों का उपयोग हो सके। आई क्यू ए सी के निदेशक प्रो.संदीप कुमार सिंह ने कहा कि यह उत्कृष्ट कार्यशाला हमारे सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। इस अवसर पर आयोजन समिति के सह आयोजन सचिव डॉ. गोपाल सिंह,कोषाध्यक्ष डॉ.बद्री नारायण मिश्र, डॉ.तनुजा भट्ट, प्रियंका मौर्य, डॉ.कुंवर कुलदीप सिंह चौहान सहित शिक्षक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

छात्र छात्राओं के मध्य काव्य लेखन एवं लोक नृत्य प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में कुलाधिपति के निर्देश के क्रम में दीक्षोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को छात्र छात्राओं के मध्य काव्य लेखन एवं लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें 41 छात्रों एवं 17 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। काव्य लेखन में छात्र छात्राओं द्वारा प्रकृति, अन्नदाता, कृषक समृद्धि, बागवानी, हरियाली, कृषि विकास में महिलाओं का योगदान एवं टिकाऊ खेती जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कविता लेखन वही लोक नृत्य मे बिहू, भरतनाट्यम, भांगड़ा, संबलपुरी एवं घूमर आदि की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में डॉ.सोमवीर सिंह, डॉ.वाई.के.सिंह, डॉ.अर्चना सिंह, डॉ.कौशल कुमार, डॉ.श्वेता यादव, डॉ.एस.एन.पांडे, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ.पी.के.उपाध्यक्ष मौजूद रहे।

आंगनबाड़ी केंद्रों पर चलायी जायेगी हॉटकुक योजना

जन एक्सप्रेस । चौबेपुर

ग्राम पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र पर हॉट कुक योजना की शुरुआत की गयी इस दौरान बच्चों को फल और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया गया। दरअसल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा मिड डे मील की तर्ज पर आंगनबाड़ी केंद्रों पर हॉट कुक योजना की शुरुआत की गयी है जिसके तहत बच्चों को मध्यान्य भोजन उपलब्ध कराया जायेगा। चौबेपुर आंगनबाड़ी केंद्र पर दीप प्रज्वलित कर तथा बच्चों को भोजन और पौष्टिक वितरण कर योजना की शुरुआत की गयी। इस दौरान चौबेपुर मंडल अध्यक्ष अमिताभ

त्रिपाठी, पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, बाल विकास परियोजना अधिकारी सरोज निगम, लता सिंह, बिन्नू गुप्ता, कीर्ति लता, उत्कर्ष अग्निहोत्री आदि उपस्थित रहे।

17 वाहनों पर जातिसूचक शब्द लिखे होने पर काटा चालान

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

यातायात माह अभियान के चौबीसवें दिन ट्रैफिक पुलिस द्वारा एलेन हाउस स्कूल, खलासी लाइन में यातायात निरीक्षक मध्य जोन द्वारा बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया गया तथा बच्चों को प्राथमिक उपचार सम्बन्धी जानकारी दी गयी। साथ ही साथ शहर के प्रमुख चौराहों पर ई-रिक्शा प्रतिबंधित रूट के सम्बन्ध में वैधानिक कार्यवाही के अन्तर्गत 53 ई-रिक्शा का चालान किया गया, यातायात-माह में अभियान के तहत शहर के प्रमुख चौराहों पर ब्लैक फिल्म में लगभग 36 वाहनों पर तथा 17 वाहनों पर जातिसूचक शब्द लिखे होने पर वैधानिक कार्यवाही के अन्तर्गत चालान किये गये हैं ।

लोहिया कार्प लिमिटेड में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया

जन एक्सप्रेस । चौबेपुर

जी. टी. रोड स्थित लोहिया कार्प लिमिटेड में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। रक्तदान शिविर में लोहिया कार्प में कार्य करने वाले कर्मचारी और ट्रेनिंग सेंटर के कर्मचारियों ने रक्तदान किया, शिविर में सैकड़ो कर्मचारियों ने रक्तदान किया और रक्तदान करते समय कर्मचारियों में गजब का उत्साह दिखाई दे रहा था, लोहिया कार्प लिमिटेड के जी एम राजीव शुक्ला ने बताया कि रक्तदान शिविर में कर्मचारियों द्वारा किया गया रक्त जरूरतमंद लोगों तक पहुचाया जाता हैं, लोहिया कार्प लिमिटेड में रक्तदान शिविर का उद्घाटन मैडम माधवी

गोलाश चीफ पीपुल आफिसर, और कृष्ण गोपाल गुप्ता चीफ फाइनेंसियल आफिसर ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया, इस अवसर पर कुलदीप पाठक नागेंद्र सिंह व एच डी एफ सी बैक से सुधीर कुमार मौजुद रहे हैं।

विधिक जागरूकता प्रदर्शनी का आयोजन संपन्न

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

संविधान दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायालय, एवं बैरिस्टर नरेंद्रजीत सिंह विधिक सहायता क्लीनिक, विधि विभाग, वी. एस. एस. डी.कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय संविधान में चित्रों के माध्यम से व्यक्त आदर्श विषय पर विधिक जागरूकता प्रदर्शनी का आयोजन जनपद न्यायालय परिसर में किया गया। जिसका उद्घाटन जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर नगर प्रदीप कुमार सिंह-ढ्ढ द्वारा दीप प्रज्वलित कर व रिबन काट कर किया गया। उद्घाटन के समय प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय प्रमोद कुमार-

ढ्ढ राजेश चौधरी अपर जिला जज प्रथम, सी.ए. नीतू सिंह संयुक्त सचिव प्रबंध समिति वीएसएसडी कॉलेज, डॉ.विपिन चंद्र कौशिक प्राचार्य वीएसएसडी कॉलेज एवं समस्त न्यायिक अधिकारीगण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के असिस्टेंट राजकुमार यादव, स्टाफ निहाल दीक्षित, पवन कुमार एवं वीएसएसडी कॉलेज के छात्र व छात्राएं उपस्थित रहे। इस प्रदर्शनी का आयोजन श्रीमती शुभी गुप्ता, अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर नगर के मार्गदर्शन में विभिन्न विधिक पहलुओं पर आम जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया। इसी क्रम में वीएसएसडी कॉलेज की प्रबंधन समिति की संयुक्त सचिव नीतू सिंह व प्राचार्य विपिन चंद्र कौशिक ने इस प्रदर्शनी पर अपने विचार सभी से साझा किये। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वी एस एस डी कॉलेज, विधि विभाग के विभागाध्यक्ष ए.बी.जायसवाल रहे जिन्होंने संविधान में सम्मिलित 22 भागों में दिए गए चित्रों के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।

चीन में फैली नई बीमारी के डर से कांप रहे हैं शहर वासी

✻ डॉक्टरों का दवा भारत में नहीं दिख रहा असर

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

जिस प्रकार से बीते वर्षों 2019 से बाद तक कोरोना वायरस ने चीन से चलकर सम्पूर्ण विश्व में कहर बरपा दिया था, वह यादें अभी लोगों के मस्तिष्क से धूमिल भी नही हो पाई हैं कि अब चीन में एक और वायरस फैलने की खबर से लोगों में दहशत हो गयी है। इस बीमारी को अभी केवल बच्चों में देखा जा रहा है लेकिन सोशल मीडिया के माध्यम से चीन में बच्चों के जो हालात सामने आये हैं उसने एक बार फिर डाक्टरों को भी

चितिंत कर दिया है। वहीं डाक्टरो की माने तो समाचार सही है लेकिन अभी भारत में इसका कोई भी प्रभाव नही पड़ा है साथ ही उन्होने सतर्कता बरने और बाहर मास्क लगाकर ही रखने की सलाह दी है। भारत में मौसम परिर्वतन के साथ अक्सर लोगों को सीजनी वायरल खासीं, जुखाब, बुखार होता है। जब यह बढता है तो इसे निमोनिया का नाम दिया जाता है। खासतौर पर छोटे बच्चों में यह बीमारी ज्यादा पायी जाती है, जिसका इलाज तो लम्बा है लेकिन सहज भी है। अब चीन से कुछ ऐसी फोटुए सामने आई है, जिसमें बच्चों को निमोनिया की शिकायत पाई गयी है और वह भी इतनी गंभीर कि उसके भंयकर परिणाम सामने आये है, जिसे देखकर दुनिया फिर सहम उठी है। वहीं डाक्टरों का कहना है कि सामाचार तो सत्य है लेकिन अभी भातर में इसका कहीं भी प्रभाव देखने को नही मिला है तो वहीं कहा कि व्यक्ति को एहतियात बरतना होगा और घर से निकलते समय मुंह में मास्क लगाकर निकलने की सलाह दी गयी है साथ ही कहा कि यदि सर्दी के जरा से भी सीमटेंस दिखाई देते है तो तत्काल डाक्टर से परार्मश लेने की सलाह दी। विश्वस्तरीय प्रोमेड संस्था ने दी नये निमोनिया वायरस की जानकारी 2019 में जब चीन से कोरोना वायरस सक्रीय हुआ था तो इसकी जानकारी सर्वप्रथम एक विश्वस्तरीय संस्था प्रोमेड द्वारा दी गयी थी और एक बार भी इसी प्रोमेड संस्था ने चीन में नये वायरस बढने की जानकारी दी है। दूसरी तरफ डब्ल्यूएचओ द्वारा चीन से इस बारे में जानकारी भी मांगी गयी है कि आपके यहां ये चल क्या रहा है। बतादें के बीते अक्टूबर मांस से चीन में बच्चों को निमोनिया की ही तरह एक बीमारी ग्रसित कर रही है, जिसमें फेफडों का जाम होना ओर सांस न ले पाने के लक्षण सामने आये है और अब प्रीमेड द्वारा दी गयी इस जानकारी के बाद पूरे विश्व की निगाहें एक बार फिर चीन की तरफ गड़ गयी हैं।

जल्द शुरू होगा पांच हज़ार बंदियों की क्षमता वाली नई जेल का निर्माण

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शासन और प्रशासनिक स्तर पर बड़ी क्षमता वाली जेल के निर्माण की कवायद तेज हो गई है, कारण यह है कि कानपुर जेल में क्षमता से अधिक बंदी वर्तमान समय में निरूद्ध हैं, बीते काफी समय से यह मांग चल रही थी कि कानपुर में बंदियों के लिए नई जेल का होना आवश्यक है और इसके प्रयास भी किये जा रहे थे, लेकिन अब नई जेल का निमार्ण जल्द होता दिखाई दे रहा है, इसके लिए हाथीगांव, सरसौल, फुफुवार तथा सुइथोक गांव की 42 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण भी कर लिया गया है। वहीं ग्राम समाज की 21 हेक्टेयर भूमि होने के कारण उसे पुनर्ग्रहण किया गया है। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा नई जेल का निर्माण किया जायेगा। कानपुर के सारसौल क्षेत्र में विचाराधीन बंदियों के लिए नई जेल जल्द ही बनकर तैयार हो जायेगी। नई जेल बनाने का कार्य पीडब्ल्यूडी द्वारा किया जायेगा। इसके लिए जहां भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है तो वहीं विभागी टीम द्वारा निमार्ण स्थल पर पहुंचकर नाप-जोख का काम भी शुरू कर दिया गया

है। बतातें चले कि कानपुर की जेल सरसैय्या चौराहे पर स्थित है। अधिक बंदी होने के कारण अब वहां दिक्कतों का सामना करना पड़ता है तथा इस जेल में क्षमता से अधिक बंदी है, जिसके भोजन और अन्य व्यवस्थाओं को पूरा करने में काफी परेशानी हो रही है। ऐसे में काफी समय से नई जेल की मांग की जा रही थी और उसी समय में नई जेल निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण की भी प्रक्रिया प्रारम्भ हो गयी थी। विभाग द्वारा मिली जानकारी के अनुसार आने वाले नए वर्ष में नई जेल का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जायेगा। यह भी बताया गया कि नई जेल में बंदियों की सुधारने के लिए कई विशेष कार्यक्रम उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा चलाये जायेगे। बंदियों को जूट के उत्पादों को बनाना सिखाया जायेगा।

वायु सेना ने मनाया रिपेयर डिपो का प्लैटिनम जुबली समारोह

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर के हरजेंद्र नगर स्थित -1 बेस रिपेयर डिपो का प्लैटिनम जुबली समारोह मनाया गया। वायु सेना स्टेशन चकेरी का 1 बेस मरम्मत डिपो, एक प्रमुख विमान सेवा एजेंसी और भारतीय वायु सेना की सबसे पुरानी रखरखाव इकाई, में बीते दिन प्लैटिनम जुबली समारोह मनाया गया। इस कार्यक्रम को मनाने के लिए, विभिन्न शो स्टॉपिंग कार्यक्रम आयोजित किये गए जिसमें एयर वॉरियर ड्रिल टीम द्वारा राइफल ड्रिल, आईआईटी कानपुर द्वारा ड्रोन प्रदर्शन, आकाश गंगा टीम डिस्प्ले और एएन-32 विमान द्वारा विक्ट्री फॉर्मेशन शामिल है। कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथि द्वारा पहले दिन के कवर के विमोचन के साथ किया गया। एयर ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ, अनुरक्षण कमान, एयर मार्शल विभास पांडे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे।

24 घंटे में चोरी की मोटरसाइकिल समेत चोरों को दबोचा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

गुजैनी थाने को उस वक्त एक सफलता हाथ लगी जब, 24 घंटे के अंदर ही चोरी हुई एक बुलेट मोटरसाइकिल को पुलिस ने दो चोरों के साथ बरामद किया। बताते चलें कि दिनांक 23 -11- 23 को एक वादी नसीम अंसारी द्वारा बुलेट

मोटरसाइकिल नंबर यूपी 78 डी सी 6885 चोरी हो जाने की तहरीर गुजैनी थाने में दी गई थी, जिस पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 24 घंटे के अंदर ही एक टीम गठित कर बुलेट मोटरसाइकिल बरामद कर ली, उसके साथ-साथ दो शातिर चोरों को भी गिरफ्तार किया। जिनका नाम सलमान उम्र 18 वर्ष पुत्र गुलामुल हुसैन निवासी फिरोजाबाद, हाल पता ग्राम मर्दनपुर, थाना गुजैनी कानपुर नगर है वहीं दूसरा आरोपी मो सोहेल उम्र 19 वर्ष पुत्र आजाद अली निवासी ग्राम मर्दनपुर, थाना गुजैनी का है। दोनों शातिर चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है और चोरी हुई बुलेट मोटरसाइकिल को बरामद कर लिया गया है।

19 बेटियों को मिला योगी सरकार से तोहफा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने कानपुर के विभिन्न विकास खण्ड क्षेत्र में रहने वाली गरीब परिवार की कुल 19 बेटियों की शादी अनुदान की धनराशि को जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद उनके खाते में भेज दी गई। प्रत्येक बेटी को बीस हजार की आर्थिक सहायता दी गई जो कुल 3 लाख 80 हजार की धनराशि भेजी गई। यह जानकारी शुक्रवार को कानपुर जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कोमिल द्विवेदी ने दी।

संजय गांधी अस्पताल में गरीबों के छीने जा रहे अधिकार

* कांग्रेस ओछी राजनीति बंद करे: राजेश मसाला
* निशुल्क इलाज के नाम पर गरीबों के साथ छल

जन एक्सप्रेस । अमेठी

कांग्रेस ने जमीन के मामले में उद्योगपति राजेश मसाला के खिलाफ एक्स पर लिख कर खुद अपने लिए विवाद खड़ा कर लिया है। जिस मामले में कांग्रेस ने लिखा है।उस मामले में सीमा देवी की शिकायत पर राजस्व विभाग ने कई बार जांच की।उसमें राजेश निर्दोष साबित हुए।कांग्रेस को उन्होंने चुनौती दी है कि कांग्रेस नेतृत्व में दम है तो सामने आये। जमीन की पैमाइश करा लें। अगर अबैध कब्जा निकला तो खाली कर देंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष ने आरोप लगाया है, कि संजय गांधी अस्पताल के अधिकारियों ने फैजाबाद की एक अदालत में वर्ष 2016 में शपथ पत्र दाखिल किया की वे अमेठी में गरीबोऔर गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वालों का निःशुल्क इलाज करते हैं।उनसें कोई फीस नहीं लेते हैं।गरीबी तय करना संविधान के मुताबिक सरकार का काम है। सरकार ऐसे ही लोगों का अंतोदय और पात्र गृहस्थी का राशन कार्ड बनाया है और उन्हें निशुल्क राशन भी दे रही है।कांग्रेस बताए की उसके द्वारा ऐसे लोगों का इस अस्पताल में निशुल्क इलाज क्यों नहीं कर रही है। उस शपथ पत्र के पेज नंबर चार का पालन कांग्रेस अपने अस्पताल में क्यो नही करा रही है।राजेश ने कहा कि कांग्रेस केवल गरीबों के नाम पर राजनीति करती है और खुद उनके अधिकारों का हनन कर रही है।उन्होंने कहा अमेठी अब चुप नहीं बैठेगी। इस अस्पताल को जिस काम के लिए जमीन मिली है,जो शर्ते हैं उसका पालन करना पड़ेगा।गरीबों का हक खाने नहीं पायेंगे।उन्होंने सरकार से मांग की है कि इस अस्पताल को जिन जिन शर्तो के तहत जमीन दी गयी है उसका पालन कराया जाय और अदालत में इनके द्वारा दाखिल शपथ पत्र का भी संज्ञान लेते हुए अमेठी के गरीबों को इंसाफ दिलाया जाए।उन्होंने कहा कि इस अस्पताल में गरीबो के निशुल्क इलाज की बात की जाती है।पर अस्पताल में छह रूपये से लेकर तीन हजार रूपए प्रति दिन का वेड चार्ज लिया जाता है।यह अस्पताल किसी भी नर्सिंग होम से महंगा है।कांग्रेस गरीबों की बात करती है पर खुद गरीबों का शोषण करती है।सवाल उठाया कि इस अस्पताल का प्रशासन आयुष्मान योजना में अपना पंजीकरण कराने को परेशान है।जो योजना गरीबों के लिए है।अगर यह गरीबों का निशुल्क इलाज करते हैं। तो आयुष्मान योजना के लिए क्यो परेशान हैं ? राजेश ने सरकार से यह भी मांग की अस्पताल द्वारा पूर्व में आयुष्मान योजना के तहत जो भी भुगतान लिया गया है उसकी वसूली की जानी चाहिए।

अस्पताल व रेलवे स्टेशन पर लोगों तक पहुंची मुफ्त थाली

जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर

राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के बैनर तले राजकीय मेडिकल कॉलेज व रेलवे स्टेशन पर मुफ्त भोजन वितरित किया गया। लगभग 395 लोगों तक संस्था की मुफ्त थाली पहुंची है।
संस्था अध्यक्ष मेराज अहमद खान के संयोजन में स्वाशाषी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं जिला चिकित्सालय, महिला अस्पताल में मरीजो और उनकी देख-रेख कर रहे तीमारदारों को जिला चिकित्सालय में कार्यरत हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ सीएल रस्तोगी ने 324 लोगो को निःशुल्क भोजन की थाली वितरण का शुभारम्भ किया। उन्होंने राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ की भूखे जरूरतमन्दों को मुफ़्त खाना के पहल की सराहना और प्रशंसा किया। उधर सुल्तानपुर रेलवे स्टेशन पर उप स्टेशन अधीक्षक बीके गुप्ता ने 74 यात्रियों व जरूरतमन्दों को निःशुल्क भोजन की थाली देकर वितरण का शुभारम्भ किया।
राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के मार्गदर्शक निज़ाम खान ने बताया कि वर्ष 2023 माह फरवरी से संघ ने निःशुल्क रसोई अंतर्गत साप्ताहिक कार्यक्रम में निःशुल्क भोजन वितरण का कार्य सप्ताह के हर बृहस्पतिवार को संचालित कर रहा है। इस बृहस्पतिवार को भी स्वादिष्ट गुणवत्तापूर्ण शुद्धता से परिपूर्ण अरहर की दाल, सब्जी, रोटी, चावल की 395 थाली तैयार की गई थी। इस मौके पर टीसी अभिषेक शर्मा, प्रदीप श्रीवास्तव राजीव तिवारी, नफीसा बानों, सरदार गुरप्रीत सिंह, मोहम्मद मुज्तबा अंसारी, डॉ शादाब, राशिद खान शिक्षक, राशिद वर्दी ट्रेलर, समीर लईक अहम, इश्तियाक अहमद चुन्ने, भोलू, इस्लाम खान पप्पू, माता प्रसाद जायसवाल, वैद्यनाथ प्रजापति, आतिफ खान इत्यादि का सहयोग रहा।

अकीदत के साथ मनाया गया उर्स मुबारक

जन एक्सप्रेस/सलोन, रायबरेली। तहसील मुख्यालय स्थित प्रसिद्ध हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक खानकाह सलोंन में 347वां उर्स में रस्म गागर सज्जाद नसीन सैयद शाह अहमद हुसैन के सरपस्ती में हुआ। इसके बाद गागर महफिल हुई। जिसमें प्रोफेसर जाहिर हुसैन, एडवोकेट सैयद तारिक जाफरी, मंसूर जाफरी, सफी हुसैन जाफरी ,समेत तमाम मुरीद व जायरीन पूरी अकीदत के साथ मौजूद रहे एवं गागर का पानी सबको वितरित किया गया। रस्म गागर में उत्तर प्रदेश के कई जिलों सहित देश के तमाम प्रदेशों के कोने कोने से अकीदतमंद लोग हर साल उर्स में तशरीफ लाते हैं। इस उर्स में हर वर्ष की तरह भव्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में जायरीनों ने पहुंचकर खरीदारी की व आसपास के जिले के भी लोग खरीदारी करने के लिए भी यहां आते हैं।

आरटीपीएमयू प्रतिनिधि ने जानी एसीएफ की हकीकत

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

राष्ट्रीय क्षय (टीबी) उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के अंतर्गत चल रहे सक्रिय क्षय रोगी खोज (एसीएफ) अभियान के पर्यवेक्षण के लिए लखनऊ स्थित रीजनल टीबी प्रोग्राम मैनेजमेंट यूनिट (आरटीपी एमयू) के प्रतिनिधि से डॉ. आरपी गुप्ता द्वारा जिला क्षय रोग केंद्र सहित बछरावां, शिवगढ़ और हरचंदपुर टीबी यूनिट का निरीक्षण किया गया। जिसमें एसीएफ के अंतर्गत कार्य कर रही समस्त टीमों तथा सुपरवाइजर्स द्वारा किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण एवं मूल्यांकन किया गया जैसे हाउस मार्किंग है या नहीं, टीबी के लक्षणों, जांच और उपचार को लेकर प्रचार प्रसार सामग्री सही स्थान पर लगी है या नहीं। इसके साथ ही डा. गुप्ता ने इन टीबी इकाइयों पर स्थित लैब का भी निरीक्षण एवं मूल्यांकन किया गया। डॉ आर पी गुप्ता द्वारा टीमों के साथ घर-घर जाकर टीबी के विषय में लोगों को संवेदित किया गया। जिसमें टीबी के लक्षणों पर चर्चा करते हुए बताया कि यदि किसी को दो हफ्ते से ज्यादा खांसी और बुखार आ रहा हो, बलगम के साथ खून आ रहा हो, रात के समय पसीना आए, लगातार वजन कम होऔर भूख न लगे जैसे लक्षण हों तो नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर अपनी जांच कराएं। टीबी की पुष्टि होने पर इलाज शुरू करें। सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर टीबी की जांच और इलाज की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि याद किसी को ऐसे लक्षण हैं तो वह छुपायें नहीं बल्कि बताएं।

गांव से लेकर शहर तक चला मलेरिया विभाग का फांगिग अभियान

जन एक्सप्रेस । जयसिंहपुर/सुल्तानपुर

हांलाकि डेंगू का प्रभाव कम होता दिख रहा है, बावजूद इसके मलेरिया विभाग गांव से लेकर शहर तक एंटी लार्वा छिड़काव करवा रहा है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.ओम प्रकाश चैधरी के निर्देश पर उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.लालजी, डीएमओ बंशीलाल यादव व मलेरिया इंस्पेक्टर ए.अहमद व टीम ने ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर नगरीय क्षेत्र में फांगिग करवाने का काम किया जा रहा है। बीती रात्री जयसिंहपुर तहसील अंतर्गत ग्राम बरसोना में समस्त निरोधात्मक कार्यवाही की गई। दूसरी तरफ नगर के गभडिया स्थित मार्डन पब्लिक स्कूल में फांगिग के साथ मौजूद लोगों को साफ-सफाई व डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनियां वायरस से बचाव के लिए मलेरिया इंस्पेक्टर ए.अहमद ने जागरूक किया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.ओम प्रकाश चैधरी द्वारा जनपद में दवा छिड़काव, पीएचसी/सीएचसी पर समस्त प्रकार की जांच, दवाएं व विशेषज्ञ डॉक्टरों को निर्देशित किया गया है। दूसरी तरफ उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.लालजी द्वारा जनपद की समस्त तहसील व विकासखंडों पर कैंप का आयोजन कर लोगों की जांच, दवाएं एवं परामर्श देनें का काम करवा रहें है। जिला मलेरिया अधिकारी बंशीलाल यादव ने बताया कि विभाग नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में समस्त प्रकार की निरोधात्मक कार्यवाही करवा रहा है। हमनें कई टीमें बनाई है, टीम प्रतिदिन फांगिग व लोगों को बचाव के लिए जागरूक भी कर रही है।

नाबालिग बच्ची के साथ छेड़छाड़ व बलात्कार के मामला में एसपी से शिकायत

जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर

कुड़वार में एक गांव में बारह वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ छेड़छाड़ व बलात्कार के प्रयास का मामला सामने आया है। गांव के ही तीन युवकों पर पीड़िता ने अपराध करने का आरोप लगाया है। थाने पर सुनवाई नहीं होने के बाद माता-पिता पीड़िता को लेकर एसपी ऑफिस पहुंचे और न्याय की गुहार लगाया। एसपी ने जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। मामला कुड़वार थाना क्षेत्र के एक गांव की है। गांव निवासी पीड़िता के पिता ने बताया कि बीते 19 नवंबर को मेरी बारह वर्षीय बेटी जानवरों को चारा देने गई थी। वहां गांव के युवराज सिंह पुत्र संजय सिंह, राज सिंह पुत्र सत्यनारायण सिंह, रॉबिन सिंह पुत्र शत्रोहन सिंह जैसे ही जानवरों के सरिया में घुसी आरोपियों ने उसको जबरन पकड़ लिया। आरोप है कि आरोपियों ने छेड़छाड़ किया। आरोप यह भी है कि इन आरोपियों ने बच्ची के साथ बलात्कार का प्रयास किया। इस पर जब बच्ची चिल्लाई तो उसकी मां और गांव के अन्य लोग दौड़े। परिवार वालों और ग्रामीणों को आता देखकर आरोपी मौके से भाग निकले। पीड़िता की मां ने बताया कि हमने घटना की शिकायत कुड़वार थाने पर किया। लेकिन स्थानीय थाने की पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। आज पीड़िता को लेकर उसके माता-पिता एसपी से मिले। उन्होंने पूरी जानकारी एसपी को दी। एसपी ने मामले का संज्ञान लेकर पीड़ित परिवार को आश्वस्त किया है कि जांच कराकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

शहीदी दिवस के रूप में मनाई गई सिखों के नवें गुरू तेगबहादुर जी की पुण्यतिथि

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

शुक्रवार को न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर रायबरेली में आजाद हाउस के सौजन्य से सिखों के नवें गुरू तेगबहादुर जी की पुण्यतिथि को शहीदी दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह एवं हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने गुरू तेगबहादुर के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए नमन किया। पुण्यतिथि के इस अवसर पर स्कूल की छात्रा अंशिका शर्मा ने गुरू तेगबहादुर के जीवन के अनेक प्रसंगों को अपने सहपाठियों से साझा करते हुए, उनको समाज के कल्याण, आर्थिक और आध्यात्मिक उद्धार के लिए रचनात्मक कार्य करने वाला बताया। शहीदी दिवस के अवसर पर प्रधानाचार्य ने बच्चों को बताया कि गुरू तेगबहादुर एक महान योद्धा, संत, विचारक होने के साथ-साथ कवि भी थे। उन्होंने दुनिया को प्रेम, एकता और भाईचारे का संदेश दिया। उनका सम्पूर्ण जीवन ज्ञान, शौर्य, सेवा, सत्य एवं आध्यात्मिकता की अनुपम मिशाल है। उनके विचार हमेशा जनमानस को प्रेरित करते रहेंगे। उनकी पुण्यतिथि पर हम उनको शत्-शत् नमन करते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

उच्चाधिकारियों को गुमराह कर जन शिकायतों का निस्तारण कर रहे हैं एएमओ

जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर। जनपद में जहाँ एक तरफ जिलाधिकारी सभी बिभागो को एक जगह बैठाकर एक नए तरीके से जनता की समस्या का समाधान करा रही है वहीँ जनपद के अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत शिकायत का समाधान करने में असफल नजर आ रहे है ब्लॉक पीपी कमैचा के ग्राम पंचायत घमहा को जोड़ने हेतु सन 2000 में सांसद निधि से सड़क निर्माण कराया गया था दुर्भाग्य उस सड़क का जिसे आज तक जिला पंचायत रिपेयर नही करा पाया जिस हेतु कई बार जिला पंचायत में जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत की गई जिसमें जिला पंचायत बिभाग बिभागीय नोटशीट उपलोड कर शिकायत का निस्तारण कर दिया ओ भी जब कमिश्नर का आदेश हुआ कि आदेश अपलोड करें उक्त नोटशीट में यह बताया गया कि उक्त मार्ग पुनर्निर्माण की श्रेणी में है इसलिए नही किया जा सकता जिसे मौखिक रूप से शिकायत करता और ग्रामीण अभियंत्र बिभाग को बता दिया गया है जबकि बर्तमान में ग्रामीण अभियन्त्रण बिभाग के सड़को को ठीक कराने की जिम्मेदारी जिला पंचायत को दे दी गई है। अब देखना ये है कि जनपद की तेज तर्रार जिलाधिकारी उक्त शिकायत का निस्तारण कैसे कराती है।

बच्चों को गर्म पका पकाया भोजन मिलना हुआ शुरू

जन एक्सप्रेस । अमेठी

जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद में शुक्रवार को आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत तीन से छह साल तक के बच्चों के लिए हॉट कुक्ड मील योजना यानी गर्म पकाया भोजन का शुभारंभ किया गया।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा योजना का शुभारंभ अयोध्या से किया गया।जिसका सजीव प्रसारण कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो ने देखा।साथ ही जिले के समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी देखा गया।हॉट कुक्ड मील योजना का जनपद की चारों विधान सभाओं के आंगनबाड़ी केंद्रों पर जन प्रतिनिधियों के द्वारा आरम्भ किया गया।विकास खंड शाहगढ़ के अंतर्गत संचालित केंद्र दुलापुर खुर्द पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी द्वारा योजना का शुभारंभ किया गया।भोजन से पूर्व बच्चों का हाथ साबुन से धुलवाते हुए बच्चों को तहरी, केला व सेब जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा स्वयं परोसा गया।तथा उपस्थित मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा,जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य लोगों ने बच्चों के साथ बैठकर भोजन भी किया गया। इस अवसर पर वेदांता ग्रुप के कोऑर्डिनेटर अक्षत सिंह द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष के हाथ से आगनवाड़ी कार्यकत्रियों को प्रोत्साहन उपहार का वितरण कराया गया।कार्यक्रम में बीएसए संजय तिवारी,खंड विकास अधिकारी शाहगढ़ अभिषेक पटेल, सीडीपीओ गौरीगंज संतोष गुप्ता,सहायक विकास अधिकारी पंचायत, मुख्य सेविका तथा लाभार्थियों की माताएं उपस्थित रहीं।विधान सभा तिलोई के आगनवाड़ी केंद्र तिलोई प्रथम में अर्चना सिंह,ब्लॉक प्रमुख तिलोई व मुन्ना सिंह द्वारा,जगदीशपुर के सिंधियावा द्वितीय एवं अमेठी के आगनवाड़ी केंद्र खेरौना में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि के द्वारा योजना का शुभारंभ किया गया। योजना का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत लाभार्थियों को गर्म पका पकाया भोजन के माध्यम से उनके पोषण स्तर में सुधार करना है। योजना से आंगनवाड़ी केंद्रों पर बच्चों की उपस्थिति भी बढ़ेगी। जिससे अधिक से अधिक बच्चों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किया जा सकेगा।

लालू नीतीश सीजनल व्यक्तित्व, चुनाव में अपनी रोटी सेंकने को लाए आरक्षण: भूपेन्द्र चौधरी

जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी 100 नगर पंचायत अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर में सुल्तानपुर पहुंचे। उन्होंन बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और लालू यादव को सीजनल व्यक्तित्व वाला करार दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि चुनाव में राजनीतिक रोटी सेकने के लिए उन्होंने 75प्रतिशत का आरक्षण फार्मूला लाया है। विपक्ष पर हमलावर होते हुए उन्होंने कहा कि हमें भी पांच राज्यों के जनादेश का इंतजार है। उसी के अनुसार हम अगले कार्यक्रम तय करेंगे। भूपेंद्र चैधरी ने कहा भाजपा एक जीवंत राजनीतिक संगठन है। हम अपने कार्यक्रमों के जरिए लोगों से जुड़े रहते हैं। पांच राज्यों के चुनाव का जो भी जनादेश आएगा उसे देखते हुए हम कार्यक्रम की तैयारी को लेकर आगे बढ़ेंगे। मल्लिकार्जुन खड़के, मणिशंकर अय्यर आदि कांग्रेसी नेताओं ने जो पीएम पर टिप्पणी की, राहुल गांधी ने पीएम पर टिप्पणी की। जिस पर उनको सजा हुई। कांग्रेस के नेता इस तरह टिप्पणी करते रहते हैं। वह जो भी करें लेकिन हमें अपनी भाषा की मर्यादा नहीं लांघनी चाहिए। बिहार के 75 आरक्षण पर में टिप्पणी नहीं करना चाहूंगा। लेकिन लालू यादव और नीतीश कुमार की सरकारों का 33 साल तक शासन चला। यह सीजनल लोग हैं, चुनाव के समय जातियों में टकराव पैदा करना। आरक्षण का प्रलोभन देकर यह अपना राजनीतिक हित साधना चाहते हैं। जनता इनके झांसे में आने वाली नहीं है। हमारी पार्टी गरीब के कल्याण को लेकर आगे बढ़ रही है। जातिगत जनगणना के विरोध में हम नहीं हैं। यह निर्णय पार्टी करेगी। सुल्तानपुर की कानून व्यवस्था पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से वार्ता की जाएगी। मीराबाई जी के जन्मोत्सव कार्यक्रम पर पीएम मथुरा गए थे। जहां सांसद हेमा मालिनी द्वारा कार्यक्रम आयोजित था। यह एक सांस्कृतिक कार्यक्रम था। जिसमें पीएम शामिल होने गए थे। पीएम अपने कार्यक्रमों के तहत विभिन्न स्थानों पर भ्रमण करते रहते हैं। विपक्ष को ऐसे सवाल खड़े नहीं करना चाहिए। बीजेपी कार्यालय पर काशी, गोरखपुर और अवध क्षेत्र के नगर पंचायत अध्यक्ष का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ।

धूमधाम से मनाया गया विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत वि0खं0 बछरावां के असन जगतपुर व बहादुर नगर एवं वि0खं0 राही के अकबरपुर कछवाह व इब्राहिमपुर में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव भी सम्मिलित हुई और उन्होंने सराहनीय कार्य करने वाले लोगों को प्रमाण पत्र दिया। कार्यक्रम में स्वागत समारोह के उपरांत माननीय प्रधानमंत्री जी का रिकॉर्ड संदेश सुनाया गया तथा वीडियो के माध्यम से विकसित भारत संकल्प को दिखाया गया। कार्यक्रम में **मेरी कहानी मेरी जुबानी** योजना के अंतर्गत सफल अभ्यर्थियों ने अपने अनुभव साझा किये। साथ ही सतत कृषि गतिविधियों पर सत्र ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर आधारित प्रगतिशील किसानों के साथ चर्चा की गई। कार्यक्रम में एसएचजी सदस्यों, स्कूल की छात्राओं, स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दिखाई गई। कार्यक्रम में ही ऑन स्पॉट सेवाएं स्वास्थ्य शिविर, पीएम उज्जवला नया नामांकन और बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण केसीसी, पीएम किसान योजना में नया पंजीकरण, ई-केवाईसी भी कराया गया।

कमल सिंह चौहान को मिली कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग में प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

कमल सिंह चौहान को कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रदेश सचिव नियुक्त किए जाने पर कांग्रेसियों में खुशी की लहर छाई। शुक्रवार को प्रदेश कमेटी की तरफ से प्रदेश कमेटी का विस्तार किया गया जिसमे रायबरेली से कमल सिंह चौहान को प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया। कमल सिंह चौहान ने सासंद प्रतिनिधि के एल शर्मा प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, सोशल मीडिया प्रदेश अध्यक्ष पंखुड़ी पाठक, प्रदेश उपाध्यक्ष दानिश आजम वारिस एवं रायबरेली के जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी को धन्यवाद ज्ञापित किया एवं कहा कि प्रदेश संगठन ने जो भी जिम्मेदारी सौंपी है, उसे ईमानदारी से कर्तव्यपूर्ण तरीके से निर्वहन करूंगा और आगामी आम चुनाव में अपना सौ फीसदी योगदान दूंगा। आज के दौर में सोशल मीडिया हर पार्टी के लिए एक जरूरी हिस्सा बन गया है, इसे सही तरीके से उपयोग करके अपनी पार्टी को मजबूत बनाना ही मेरा पहला और आखिरी लक्ष्य होगा।

स्व. ठाकुर धुन्नी सिंह की पुण्यतिथि पर कमला फाउंडेशन द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

कमला फाउंडेशन की अध्यक्ष पूनम सिंह द्वारा शुक्रवार को अपने पिता स्व. ठाकुर धुन्नी सिंह की 36वीं पुण्यतिथि पर विशाल भंडारे का आयोजन किया। गुरु तेग बहादुर मार्केट में आयोजित विशाल भंडारे में भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे। पूनम सिंह ने विधिवत रूप से पहले पूजा की। उसके बाद स्व. ठाकुर धुन्नी सिंह की तस्वीर पर माल्यर्पण करके उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर पूनम सिंह ने अपने बाबूजी को याद करते हुए कहा की पिताजी जैसी शख्सियत पैदा होना इस दुनिया में दोबारा मुमकिन नहीं ।उन्होंने अपने जीवन में हर दीन दुखी व्यक्ति की मदद की और उन्होंने अपना जीवन रायबरेली की जनता की सेवा के लिए समर्पित कर दिया ।उन्होंने कहा कि उनके पिता एक गैर राजनीतिक व्यक्ति थे लेकिन उनका रायबरेली की जनता के साथ पारिवारिक संबंध था। रायबरेली की राजनीति में उनका हमेशा बहुमूल्य योगदान रहा है। आज की पीढ़ी को उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों के इतिहास को बताए जाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर स्व. धुन्नी सिंह की पुत्री गीता सिंह, ममता सिंह, शिल्पी सिंह, सभासद एसपी सिंह, शिव शक्ति मानव सेवा मंडल के अध्यक्ष राजेन्द्र अवस्थी, पंकज मिश्रा, महेंद्र अग्रवाल, जगदीश चनानी, दिलीप बाघवानी, रजनी अवस्थी, वीना वासुकी, मंजेश, आदिल खान, मकसूद खान, सुनील अवस्थी, राजू अग्रवाल, डॉ आरके मोर्य, प्रदीप पांडे, अमित वाजपेयी, उदय सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा 28 से

जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर। संगीत मय श्रीमद् भागवत कथा ग्राम सभा चंदौर के पूरे गंगा मिश्र में 28 नवंबर से प्रारंभ होकर 5 दिसंबर को समापन होगा। महा प्रसाद 6 दिसंबर को दोपहर से ही प्रारंभ हो जायेगा। कथा व्यास आलोकानंद जी महाराज वृंदावन धाम से पधारेंगे। संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन जनक मिश्रा रहेंगे। कथा प्रारंभ होने से एक दिवस पूर्व 27 नवंबर को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी जिसमें हाथी घोड़ा रथ सहित हजारों की भीड़ शामिल रहेगी। इस कार्यक्रम में 21 वटुक ब्राह्मण भी शामिल होंगे। आयोजक मिश्रा जी ने बताया कि समस्त ग्राम वासियों के कल्याण हेतु श्री मद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है।सभी क्षेत्र वासी संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा को सुनने अवश्य पधारें।

अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों को मिले किट: श्याम सुंदर

जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर

बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देश के क्रम में दिव्यांग बच्चों के लिए शिक्षण कार्य सुगम बनाने के लिए स्पेशल एजुकेटरों को ब्रेल किट व लोविजन वितरित किया। बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत सामान्य विद्यालयों में अध्यनरत दिव्यांग बच्चों को उनके शिक्षण कार्य को सुगम बनाने के लिए पूर्ण दृष्टि बाधित बच्चों को ब्रेल किट वह लोविजन बच्चों को लो विजन किट जिला समन्वयक श्यामसुंदर यादव ने जिले के सभी ब्लॉक ब्लॉकों के स्पेशल एजुकेटर को वितरित किया और निर्देश दिया कि स्पेशल एजुकेशन नोडल टीचर के साथ बच्चों तक इसको पहुंचाएं और फोटो ग्राफ सहित अवगत कराए की बच्चों को मिल गया कि नहीं जिससे शासन की मनसा के अनुरूप कार्य हो सके।

janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive

लखनऊ एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । | लखनऊ । शनिवार । 25 नवंबर 2023

तापमान

	अधिकतम	न्यूनतम
लखनऊ	39°C	28°C
कानपुर	40°C	30°C
देहरादून	28°C	23°C
नई दिल्ली	40°C	30°C

लखनऊ विश्वविद्यालय स्थापना दिवस विशेष

वंदन प्रणत हमारा इस शुभ परिसर को

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

देश के सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थाओं के पटल पर अग्रिम पंक्ति में स्थापित लखनऊ विश्वविद्यालय अपनी स्थापना के 103वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है, विश्वविद्यालय की स्थापना 18 मार्च 1921 को गोमती के तट पर हुई, स्थापना में तत्कालीन संयुक्त प्रान्त के उपराज्यपाल सर हरकोर्ट बटलर एवं अवध के तालुकेदारों का विशेष योगदान रहा। इससे पूर्व अवध के तालुकेदारों ने लार्ड कैनिंग की स्मृति में 27 फरवरी 1864 को लखनऊ में कैनिंग कालेज के नाम से एक विद्यालय स्थापित करने के लिए पंजीकरण कराया, 1 मई 1864 को कैनिंग कालेज का औपचारिक उद्घाटन अमीनुद्दौला पैलेस में हुआ। प्रारम्भ में 1867 तक कैनिंग कालेज कलकत्ता विश्वविद्यालय से सम्बद्ध किया गया था, तत्पश्चात् 1888 में इसे इलाहाबाद विश्वविद्यालय से सम्बद्ध किया गया। सन 1905 में प्रदेश सरकार ने गोमती की उत्तर दिशा मे लगभग 90 एकड़ का भूखण्ड कालेज को स्थानांतरित किया, जिसे बादशाहबाग के नाम से जाना जाता है। मूलरूप से यह अवध के नवाब नसीरूद्दीन हैदर का निवास स्थान था। इसी कैनिंग कालेज के परिसर में 'सैडलर आयोग' के द्वारा लखनऊ में एक आवासीय और अध्यापन विश्वविद्यालय खोलने के प्रस्ताव को तत्कालीन संयुक्त राज्य के उपराज्यपाल सर हरकोर्ट बटलर, महमूदाबाद के राजा मुहम्मद अली खान आदि के प्रयासों से 7 अगस्त 1920 को इलाहाबाद विश्वविद्यालय की सीनेट ने अतिविशिष्ट बैठक में अपनी सहमति प्रदान की। सहमति के दो महीनों बाद 8 अक्टूबर 1920 को विधान परिषद ने लखनऊ विश्वविद्यालय की स्थापना संबधी विधेयक पारित किया, जिसे 1 नवम्बर 1920 को उपराज्यपाल और 25 नवम्बर 1920 को गवर्नर जनरल की मंजूरी मिली। इस समय लखनऊ विश्वविद्यालय में कला, प्राच्यविद्या, विज्ञान, चिकित्सा, विधि और वाणिज्य संकाय संचालित थे, कैनिंग कॉलेज, किंगजार्ज मेडिकल कॉलेज और ईसाबेला थॉबर्न कॉलेज केन्द्र में थे। श्री ज्ञानेन्द्र नाथ चक्रवर्ती लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रथम कुलपति, मेजर टी. एफ. ओ. डॉनेल प्रथम कुलसचिव और श्री ई.ए.एच. ब्लंट प्रथम कोषाध्यक्ष नियुक्त हुए। विश्वविद्यालय कोर्ट की पहली बैठक 21 मार्च 1921 को हुई, अगस्त से सितम्बर 1921 के मध्य कार्य परिषद (एक्ज्यूकेटिव काऊंसिल) तथा अकादमिक परिषद का गठन किया गया, सन 1922 में पहला दीक्षान्त समारोह आयोजित किया गया। तब से लेकर आज तक विश्वविद्यालय उत्तरोत्तर उन्नति पथ पर अग्रसर है, सन 1991 से लखनऊ विश्वविद्यालय का द्वितीय परिसर 75 एकड़ भूमि पर सीतापुर रोड पर प्रारम्भ हुआ, जहाँ वर्तमान में विधि तथा प्रबंधन की कक्षाएँ संचालित होती हैं। वर्तमान में कुलपति प्रोफ़ेसर (डॉ.) आलोक कुमार राय की विश्वविद्यालय को सर्वश्रेष्ठ बनाने की धुन एवं छात्रों को गुणवत्तापरक शिक्षा उपलब्ध कराने की उनकी लगन उन्हें सबसे अलग बना रही है एवं लविवि को श्रेष्ठता के उत्कर्ष पर स्थापित करती है। लविवि परिवार को पूर्ण विश्वास है कि अपने कुलपति के नेतृत्व में विश्वविद्यालय वैश्विक शैक्षणिक नभ में अपनी विजय पताका सदैव लहराएगा। लविवि के नवाचारी दृष्टिकोण और अनुसंधान क्षमता ने इसे अंतरराष्ट्रीय मानकों के साथ मिलकर विश्व स्तर पर मान्यता दिलाई है। विश्वविद्यालय के सफल सफर के पीछे शिक्षा, समृद्धि, और सामाजिक सेवाओं में प्रतिबद्धता का आभास होता है।

(इन्द्र दमन तिवारी शोध छात्र, विधि संकाय, लखनऊ विश्वविद्यालय)

"लखनऊ विश्वविद्यालय का गौरवपूर्ण सफ़र सिद्ध करता है कि शिक्षा और अनुसंधान में उच्चतम मानकों की दिशा में प्रगति करना संभव है। इस स्थापना दिवस पर, हम लविवि की श्रेष्ठता और योगदान की यात्रा की सराहना करते हैं।

-प्रोफ़ेसर (डॉ.) बंशीधर सिंह, अधिष्ठाता, विधि संकाय, लविवि

"विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शैक्षिक, शोध एवं विनिर्माण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने हेतु कई सांविदानिक और गैर-सांविदानिक संबंध बनाए हैं, जिससे वह न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मान्यता प्राप्त कर रहा है।

-प्रोफ़ेसर (डॉ.) विनीता काचर, ओएसडी प्रबंधन विज्ञान संस्थान

"विश्वविद्यालय ने सामाजिक सेवाओं और सामाजिक उपक्रमों के माध्यम से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को पूरा करने का हरसंभव प्रयास किया है, यह छात्रों को समाज के साथ मिलजुलकर योजनाओं में शामिल होने के लिए प्रेरित करता है।

-प्रोफ़ेसर डॉ. सीपी सिंह, पूर्व अधिष्ठाता, विधि संकाय, लविवि

"लखनऊ विश्वविद्यालय ने सिद्ध किया है कि उच्चतम मानकों और उपक्रमों के माध्यम से शिक्षा को एक सकारात्मक बदलाव का साधन बनाया जा सकता है, और इसका समाज में सकारात्मक परिणाम होता है।

-(डॉ.) वरुण छांछड़, निदेशक डॉ. शंकर दयाल शर्मा इंस्टिट्यूट ऑफ़ डेमोक्रेसी

"विश्वविद्यालय का समृद्धि से परिपूर्ण इतिहास, उद्यमिता की भावना, और सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता इसे एक आदर्श शिक्षा संस्थान बनाती है। लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षा और सेवा का प्रतीक सिद्ध हुआ है।

-प्रोफ़ेसर (डॉ.) राकेश कुमार सिंह, पूर्व अधिष्ठाता, विधि संकाय, लविवि

"लविवि ने शोध क्षेत्र में उद्यमिता और नवाचार के माध्यम से अनुसंधान को प्रोत्साहित किया है। इसने विभिन्न क्षेत्रों में नए विचार और तकनीकी उत्पादों की रचना की है। इन पहलुओं ने विश्वविद्यालय को एक श्रेष्ठ एजुकेशन हब के रूप में उभारा है।

-डॉ. अर्चना सिंह, प्रोवोस्ट एचजेबी हॉल/बीआर अम्बेडकर हॉस्टल

लखनऊ में लगेंगी 2750 स्ट्रीट लाइट

31 मार्च तक वार्ड विकास निधि का काम शुरू नहीं हुआ तो उस कोटे से हुए काम का पेमेंट नहीं होगा

* **मूल बजट में 1777.34 करोड़ रुपए की आय प्रावधानित की गई थी व्यय में 1775.96 करोड़ रुपए का प्रावधान था**

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ में सड़कों पर अंधेरा दूर करने के लिए शहर में 2750 स्ट्रीट लाइट लगेंगी। नगर निगम सदन में तय हुआ है कि हर वार्ड के लिए 25 - 25 स्ट्रीट लाइट दी जाएगी। ऐसे में 110 वार्ड के लिए 2750 स्ट्रीट लगाई जाएगी। इसके अलावा वार्ड विकास निधि के मद से होने वाले काम 31 मार्च तक किसी भी स्थिति में टेंडर कर शुरू करना होगा। अगर ऐसा नहीं होता है तो उस वह पैसा लैप्स कर जाएगा। बाद में हुए काम का भुगतान नहीं होगा। नगर निगम सदन में यह फैसला हुआ है। पुनरीक्षित बजट में उसने 2091.59 करोड़ रुपए की आय का लक्ष्य है। इसके सापेक्ष वह 2091.07 करोड़ रुपए खर्च करेगा। मूल बजट में 1777.34 करोड़ रुपए की आय प्रावधानित की गई थी। व्यय में 1775.96 करोड़ रुपए का प्रावधान था।

सिनेमा देखना हो सकता महंगा

सिनेमा हॉल पर नगर निगम अभी तक प्रति शो 25 रुपए की दर से पैसा लेता आया है अब उसका रेट 100 रुपए करने का प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। ऐसे में लखनऊ में सिनेमा हॉल के टिकट महंगे हो सकते हैं।

गाड़ियों की कमी से नहीं उठ रहा कूड़ा

राजधानी में कूड़ा न उठने का मामला भी गुरुवार को सदन में पार्षदों ने जोर-जोर से उठाया। सत्ता व विपक्ष के पार्षदों ने कहा कि उनके वार्डों में गाड़ियां ही नहीं हैं। तमाम गाड़ियां खराब पड़ी हैं, जिससे कूड़ा नहीं उठ पा रहा है। भाजपा के वरिष्ठ पार्षद देव शर्मा मिश्रा उर्फ मुन्ना मिश्रा ने कहा कि उनके वार्ड में केवल पांच गाड़ियां कूड़ा उठाने के लिए हैं। एक गाड़ी 300 घरों से अधिक से कूड़ा नहीं ले पाती है। लगभग 1500 घरों से कूड़ा उठ रहा है, जबकि वार्ड में 8000 मकान हैं। लोग रोजाना इसके लिए फोन करते हैं। भारतेंदु हरिश्चंद्र वार्ड के भाजपा पार्षद मान सिंह यादव ने कहा कि उनके वार्ड में पांच गाड़ियां थी। चार बनने के लिए कई दिन पहले आरआर विभाग भेजी गईं पर आज तक बनकर नहीं आईं। पूरे वार्ड में केवल एक गाड़ी कूड़ा उठाने के लिए बची है। सपा पार्षद ममता रावत ने भी कहा कि उनके वार्ड में गाड़ियां नहीं हैं, जिसकी वजह से जनता बहुत परेशान है। इसी तरह अन्य वार्डों में भी जानता कूड़े की वजह से परेशान है।

15 दिन में मांगी अवैध विज्ञापन पटों की सूची

अवैध विज्ञापन पट व यूनिपोल को लेकर महापौर ने नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह से एक कमेटी का गठन कर दो सप्ताह में सर्वे कराकर रिपोर्ट देने के लिए कहा। कहा की कितने विज्ञापन अवैध है तो कितने वैध है,इसकी पूरी सूची उपलब्ध कराये जिससे दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने में आ रहीं दिक्कतें

सदन में जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के नए शासनादेश का मामला भी उठा। सपा तथा भाजपा दोनों दलों के पार्षदों ने कहा कि पहले एक वर्ष से पुराने जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र नगर निगम से आसानी से बन जाते थे। मगर नए आदेश में एसडीएम को अधिकार देने से लेखपाल की रिपोर्ट लगवानी पड़ रही है। इससे खर्च और समय काफी बढ़ गया है। भाजपा पार्षद शैलेंद्र वर्मा ने कहा कि पहले 30 रुपए में प्रमाण पत्र बन जाता था, अब 5000 तक खर्च हो रहे हैं। नगर आयुक्त ने बताया कि पार्षद की सिफारिश पर दो गलत प्रमाण पत्र बनने के बाद हाईकोर्ट व शासन के आदेश पर यह प्रक्रिया लागू की गई है। सपा के सैयद यावर हुसैन ने कहा कि सदन शासन से ऊपर है। नगर निगम को अपनी व्यवस्था बनानी चाहिए। इस पर नगर आयुक्त ने प्रक्रिया को सरलीकरण को लेकर डीएम से बात करने का आश्वासन दिया।

महिगवां के पलिया गांव पास आलू के खेत मे मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी

इटौंजा, लखनऊ। लखनऊ कमिश्नरेट के इटौंजा थाना क्षेत्र के महिगवां चौकी क्षेत्र पलिया गांव के जंगल पास आलू के खेत में एक अज्ञात व्यक्ति का उम्र करीब 42 वर्ष का शव पड़ा मिला। बता दें कि क्षेत्रीय चौकीदार मायाराम पुत्र विशेश्वर निवासी पलिया ने इटौंजा पुलिस को सूचना दी कि साहब सुबह 10 बजे मैं अपने खेत घूमने गए था वहां एक आलू के खेत में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है, इसी सूचना पर इटौंजा थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी मय पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे तथा महिगवां चौकी प्रभारी पटेल राठी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर अज्ञात शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाहीं कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं इटौंजा थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि ग्रामीणों के अनुसार मृतक अज्ञात व्यक्ति मंदबुद्धि व पागल था जोकि पलिया गांव के अगल-बगल चार से पांच दिनों से घूम रहा था शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया हैं।

अधिकारों का हनन करने वालों को बढ़ावा देती है चुप्पी

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। संघर्ष करो, विचार करो और अपने हक खातिर आगे बढ़ो, चुप्पी समाधान नहीं करती केवल अधिकारों का हनन करने वालो को परोक्ष रूप से बढ़ावा देती है। प्रबुद्ध वर्ग का मौन समाज के साथ नाइंसाफी है।हमारा दायित्व जो है, उसे निभाने में हिचकिचाहट का ही नतीजा है कि हमे समुचित भागीदारी नही मिल पा रही है। हमने देश के हर लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभाई और जब बारी आई हक की तो पीछे धकेल दिया गया है अब और नहीं। यह उदगार समाजवादी चिंतक और कायस्थ चित्रगुप्त महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव अंगारा ने व्यक्त किए हैं। उन्होंने कहा कि हम अपनी नयी पीढ़ी से कहना चाहते हैं,हम कमजोर नही लेकिन हमे कमजोर करने में कुछ लोग लगे हैं, उन्हें समझना होगा। हमारा स्वतंत्रता संग्राम में अहम रोल रहा। हम सभी राजनीतिक दलों से अनुरोध करते हैं।

आर्यकुल कॉलेज का वार्षिक कार्यक्रम 'आर्योदय 2023' आयोजित हुआ

* **कला एवं शिल्प प्रतियोगिता आर्यकृति ने दिन की शोभा बढ़ाई**

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

अपने सबसे प्रतीक्षित वार्षिक कार्यक्रम आर्योदय 2023 का जश्न मनाते हुए आर्यकुल ग्रुप ऑफ कॉलेजेज ने अपने दो दिवसीय कार्यक्रम आर्यकृति और आर्यविद का आयोजन किया है। इस वार्षिक कार्यक्रम के पहले दिन, कॉलेज ने आर्यकृति मनाई जिसमें कला और शिल्प प्रतियोगिताएं शामिल थीं। छात्रों को अपनी रचनात्मकता और कलात्मक कौशल दिखाने के लिए एक गतिशील मंच की व्यवस्था की गई थी। यह आयोजन न केवल स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देता है बल्कि आत्म-अभिव्यक्ति और विविध कलात्मक रूपों की खोज के लिए अवसर भी प्रदान करता है। प्रतिभागी अपने अद्वितीय दृष्टिकोण, कौशल सेट और कल्पनाशील अवधारणाएँ सामने लाते हैं। ऐसी प्रतियोगिताएं विविधता की सुंदरता का जश्न मनाती हैं, क्योंकि प्रविष्टियों में चित्रकला और मूर्तिकला से लेकर जटिल शिल्प तक माध्यमों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल होती है। चारों सदनों-नालंदा, तक्षशिला, वल्लभी और उज्जैन के विद्यार्थियों ने मेहंदी, रंगोली, टी-शर्ट पेंटिंग, पॉट पेंटिंग, फेस पेंटिंग, कुक विदाउट फायर, वेस्ट मटेरियल यूटिलाइजेशन में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने न सिर्फ अपनी क्रिएटिविटी दिखाई बल्कि खूबसूरत संदेश भी दिए। चूँकि कॉलेज राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह भी मना रहा है, बी.फार्मा और डी.फार्मा के छात्रों ने फार्मास्यूटिकल्स पर काम करने वाले मॉडल दिखाए। छात्रों के काम की सराहना करते हुए प्रबंध निदेशक डॉ. सशक्त सिंह ने कहा कि इस तरह की भागीदारी के माध्यम से छात्रों को अपने साथियों के साथ जुड़ने, अनुभव साझा करने और साझा अनुभवों की एक समृद्ध टेपेस्ट्री में योगदान करने का अवसर मिलता है जो अद्वितीय सांस्कृतिक को परिभाषित करता है। उनके कॉलेज समुदाय की पहचान, प्रतिस्पर्धी पहलू से परे, ये आयोजन कलात्मक समुदाय के भीतर सौहार्द और विचारों के आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करते हैं। कला और शिल्प प्रतियोगिताएं कला के प्रति प्रेम को बढ़ावा देने, रचनात्मकता को बढ़ावा देने और कलाकारों को चमकने के लिए एक मंच प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उप निदेशक फार्मेसी डॉ. आदित्य सिंह, प्रो.बी.के.सिंह,डॉ. अंकिता अग्रवाल (प्रबंधन, पत्रकारिता और शिक्षा) के साथ कोर कमेटी के सदस्य, डॉ. अंकिता श्रीवास्तव, प्रियंका केशरवानी, प्रणव पांडे और मोहिनी सिंह, वर्तनी और वर्तिका सिंह एवं आस्था तिवारी ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

भारत निर्वाचन आयोग ने किया लोकसभा चुनाव के लिए ईवीएम एवं वीवी पैट की एफएलसी सम्बंधी कार्यशाला का आयोजन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

* **21 जनपदों के जिला निर्वाचन अधिकारियों, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों व एफएलसी सुपरवाइजरों ने किया प्रतिभाग**
* **ईवीएम व वीवीपैट के साथ मतदान एवं मतगणना के समय अपनाई जाने वाली सावधानियों पर हुई विस्तृत चर्चा**
* **आयोग के निर्देशों का कड़ाई से कराया जाये अनुपालन: नवदीप रिणवा**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के प्रयोगार्थ ईवीएम एवं वीवी पैट की एफएलसी के संदर्भ में शुक्रवार को गौतमबुद्ध यूनीवर्सिटी, नोएडा, गौतमबुद्धनगर के सभागार में कार्यशाला आयोजित की गयी। इस कार्यशाला में ईसीआईएल मेक मशीनों से आच्छादित 21 जनपदों के जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारियों तथा एफएलसी-सुपरवाइजरों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस कार्यशाला में ईवीएम एवं वीवीपैट के संदर्भ में एफएलसी प्रकिया की जानकारी के साथ ईवीएम से सम्बन्धित विभिन्न पहलुओं की भी जानकारी प्रदान की गयी।कार्यशाला में आगरा,मथुरा फिरोजाबाद, मैनपुरी, अलीगढ़, एटा, हाथरस, कासगंज, बरेली, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर, मेरठ, बागपत, बुलंदशहर, गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्धनगर, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर तथा शामली के जिला निर्वाचन अधिकारियों , उप जिला

निर्वाचन अधिकारियों तथा एफएलसी-सुपरवाइजरों ने प्रतिभाग किया।प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा द्वारा कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुये बताया कि प्रदेश में आगामी लोक सभा निर्वाचन को निर्विघ्न व निर्विवाद सम्पन्न कराने हेतु ईवीएम एवं वीवीपैट की गुणवत्तापरक की दृष्टि से फर्स्ट लेवल चेकिंग एफएलसी कराये जाने पर विशेष बल दिया गया। उन्होंने कहा कि ईवीएम से सम्बन्धित कार्यों के निस्तारण के सम्बन्ध में आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया एवं समय-समय पर निर्गत निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। कार्यशाला में ईवीएम एवं वीवीपैट से सम्बन्धित विभिन्न आयामों जैसे कि एफएलसी, ईवीएम का प्रथम रैण्डमाइजेशन, प्रशिक्षण एवं जागरूकता, ईवीएम का द्वितीय रैण्डमाइजेशन, मतदान एवं मतगणना के समय अपनाई जाने वाली सावधानियों के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की गई।कार्यशाला में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नामित पर्यवेक्षक अवर सचिव ओपी साहनी एवं राकेश कुमार द्वारा प्रतिभागियों के जिज्ञासाओं का निवारण किया गया।कार्यशाला के दौरान उपस्थित जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों एवंएफएलसी सुपरवाइजरों ने एफएलसी प्रकिया को बारीकी से समझा तथा ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनोंपर हैन्ड्स ऑन प्रशिक्षण प्राप्त किया।कार्यशाला में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी कुमार विनीत, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी अमित सिंह तथा सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी अरविन्द कुमार पाण्डेय, 21 जनपदों के जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एफएलसी सुपरवाइजर, ईसीआईएल इंजीनियर्स पीसी मण्डल, ज्ञान रंजन नायक, प्रत्युपन्न साहू तथा रिसोर्स पर्सन एनएलएमटी राजेश कुमार सिंह उपस्थित थे।

ओटीएस योजना में साढ़े आठ लाख पंजीकरण व 680 करोड़ रूपये हुए जमा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

* **ओटीएस का शीघ्र लाभ लें उपभोक्ता: आशीष गोयल**

बिजली उपभोक्ताओं के लिए लायी गयी ओटीएस योजना का पहला चरण 30 नवंबर को समाप्त हो रहा है इसलिए योजना का लाभ उठाने के लिए समय से अपना पंजीकरण करा लें। योजना की अवधि को बढ़ाया नहीं जाएगा। विद्युत की चोरी के मामलों में छूट के लिए ओटीएस पहली और आखिरी बार है।किसी भी परीक्षण खण्ड का पद रिक्त न रहें वहॉ तत्काल तैनाती की जाय। प्रदेश में अटैच अभियंताओं को फील्ड में तैनात किया जाए। आरडीएसएस योजना के कार्यों को भी समय से निर्धारित मापदंडों के अनुरूप पूर्ण किया जाय। पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने शक्ति भवन में समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि विगत 08 नवम्बर से प्रारम्भ एकमुश्त समाधान योजना में अब तक 8.50 लाख उपभोक्ताओं ने अपना पंजीकरण कराकर इसका लाभ उठाया है जिसमें पावरकारपोरेशन को 680 करोड़ प्राप्त हुआ। आज शक्ति भवन में अवकाश के बावजूद विद्युत व्यवस्था एवं ओटीएस योजना का विस्तृत समीक्षा की। ओटीएस के माध्यम से विद्युत चोरी के मामलों में फंसे उपभोक्ताओं के लिये सुनहरा मौका है। उपभोक्ताओं से सम्पर्क करके ऐसे प्रकरणों को समाप्त कराइये।अध्यक्ष ने प्रबन्ध निदेशकों को संबोधित करते हुये कहा कि अवर अभियंता तक कार्यों का प्रतिदिन मानीटरिंग करें और जो लोग अपना कार्य और दायित्व का निर्वहन नहीं कर रहे हैं उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करिये। साथ ही जो लोग ईमानदारी और मेहनत से कार्य करके बेहतर परिणाम दें रहे हैं, उनको पुरस्कृत भी करिये। उन्होंने कहा कि भारत सरकार एटी एण्ड सी हानियों को कम करने हेतु लगातार कह रही है हमें हर हालात में इसे कम से कम डिजिट में लाना है। इसलिये अवर अभियंता से लेकर मुख्य अभियंता तक के कार्यों की रेग्यूलर समीक्षा होनी चाहिए।अध्यक्ष ने कहा कि प्रबन्ध निदेशकों , उच्चाधिकारियों को अपने अधिकारों का प्रयोग विभाग एवं प्रदेश के हितों के लिए सख्ती से करना चाहिए। इस माह के अन्त में सभी के कार्यों की प्रगति का मूल्याकंन किया जायेगा और जिनकी प्रगति संतोषजनक नहीं होगी उनके विरूद्ध कडी कार्यवाही की जायेगी। ओटीएस के माध्यम से हर बकायेदार विद्युत राजस्व जमा करे इसके लिये प्रयास होना चाहिए। इसके लिये फोन घुमाओ अभियान से लेकर कैम्प लगाना, लाउडस्पीकर सहित विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार करनें से लेकर सभी प्रयास किये जाये। उन्होंने निर्देशित किया कि हमें आईडीएफ पूरी तरह खत्म करना है। इसके लिये हर स्तर पर व्यापक प्रयास होना चाहिए। लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नही की जायेगी। अध्यक्ष ने यह भी निर्देश दिये हैं ओटीएस योजना को देखते हुये छुटियों में ओटीएस और राजस्व वसूली से सम्बन्धित सभी कार्य होंगे इसके लिये सम्बन्धित कार्यालय खुलेंगे और सामान्य कार्य दिवसों के अनुरूप विद्युत बिल जमा करनें तथा ओटीएस से सम्बन्धित कार्य होंगें। इसके लिये सभी आवश्यक निर्देश दे दिये जायें। प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिये पावर कारपोरेशन प्रबन्धन लगातार प्रयास कर रहा है। इसीक्रम में अध्यक्ष डा आशीष कुमार गोयल अधिकारियों से लगातार पूछताछ कर रहे है।अध्यक्ष ने कहा कि विद्युत व्यवस्था को और बेहतर बनाना है इसके लिये जरूरी है कि जितनी बिजली दे उतना बिजली बिल वसूलें।

जन एक्सप्रेस

सम्पादकीय

ममता और गहलोत का गुजरात पर हमला एक राज्य के प्रति नफरत फैलाने के समान

जिस तरह विपक्ष के नेता गुजरात और गुजरातियों के प्रति अपनी नफरत का इजहार कर रहे हैं उससे उनके उन दावों पर भी सवाल उठता है जिसके तहत वह मुहब्बत की दुकान खोलने का दावा करते हैं। हम आपको बता दें कि राहुल गांधी कई जनसभाओं में कह चुके हैं कि आपकी जेब से पैसा निकाल कर गुजरात के व्यापारियों की जेब में डाला जा रहा है। इसी लाइन को अन्य विपक्षी नेता भी थोड़ा-बहुत घुमा फिराकर दोहराते हैं। यहां सवाल उठता है कि मोदी से नफरत करते करते यह नेता क्यों गुजरात की हर चीज से नफरत करने लगे हैं? देखा जाये तो देश की अर्थव्यवस्था में गुजरात सर्वाधिक योगदान देने वाले राज्यों में शुमार है।

विपक्षी गठबंधन की ओर से कई नेता प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनने को आतुर तो दिख रहे हैं लेकिन इस पद की गरिमा और सम्मान का उन्हें जरा भी ख्याल नहीं है। प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवारी हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपशब्द बोलने का ऐसा सिलसिला शुरू हुआ है जोकि दिन पर दिन लोकतंत्र को शर्मसार कर रहा है। देखा जाये तो प्रधानमंत्री को अपशब्द बोलने के अभियान का नेतृत्व कांग्रेस नेता राहुल गांधी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री बनने के लिए देश को जातिवाद की आग में झोंक देने को आतुर दिख रहे राहुल गांधी की नजर में पीएम का मतलब है पनौती मोदी। राजस्थान की एक चुनावी सभा में राहुल गांधी ने जब पीएम शब्द की अपने शब्दों में व्याख्या की तो सभी चौंक गये क्योंकि उनके परिवार से तीन लोग प्रधानमंत्री रह चुके हैं और उनकी माँ सोनिया गांधी भी प्रधानमंत्री बन गयी होतीं यदि उनके विदेशी मूल का मुद्दा ऐन वक्त पर आड़े नहीं आया होता। हम आपको यह भी बता दें कि यह वही राहुल गांधी हैं जिन्होंने डॉ. मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्रित्वकाल के दौरान उनका विधेयक सरेआम फाड़ कर प्रधानमंत्री पद के प्रति अपने असम्मान का खुलेआम प्रकटीकरण किया था। राहुल गांधी मोदी को पनौती कह रहे हैं तो उनकी पार्टी के रिमोट कंट्रोल से संचालित माने जाने वाले अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे प्रधानमंत्री के पिता को सार्वजनिक रूप से अपशब्द कह रहे हैं। प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवारी की दौड़ में कहीं राहुल और खरगे आगे ना निकल जायें इसके लिए विपक्षी गठबंधन इंडी के घटक दल भी सक्रिय हो गये हैं। अगला चुनाव मोदी बनाम अरविंद केजरीवाल होने का दावा कर रही आम आदमी पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पनौतियों का सिकंदर करार देते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट डाल रही है। यह सब देख प्रधानमंत्री पद पाने का सपना काफी अरसे से पाले हुए बैठीं ममता बनर्जी भी सक्रिय हो गयी हैं और भाजपा तथा प्रधानमंत्री पर हमला करते हुए उन्होंने कहा है कि ''भारतीय टीम ने इतना अच्छा खेला कि उन्होंने विश्व कप में सभी मैच जीते, सिवाय उस मैच को छोड़कर जिसमें पापी लोगों ने भाग लिया था।%% जाहिर है जब विपक्षी पार्टियों के बड़े नेता प्रधानमंत्री के खिलाफ ऐसे उद्गार व्यक्त कर रहे हैं तो उनके कार्यकर्ता और भी आगे जाकर टिप्पणियां करेंगे। इसलिए आप सोशल मीडिया के किसी भी मंच पर चले जाइये प्रधानमंत्री के खिलाफ अमर्यादित बातें कहने के अभियान का असर आपको वहां पर साफ दिख जायेगा। देखा जाये तो लोकतंत्र में इस बात में कुछ गलत नहीं है कि कोई राजनीतिज्ञ किसी अन्य राजनीतिज्ञ की नीति और विचारधारा से सहमत नहीं हो और उस आधार पर उसे नापसंद करे और उसका विरोध करे लेकिन देश के प्रधानमंत्री पद पर जो व्यक्ति बैठा है उसके खिलाफ अमर्यादित बातें कहना सर्वथा अनुचित है। यदि प्रधानमंत्री के खिलाफ विरोध भी प्रकट करना है तो उसे ससम्मान किया जाना चाहिए। इसके अलावा जिस तरह प्रधानमंत्री के गृह राज्य गुजरात को निशाना बनाया जा रहा है वह तो और भी गलत है। एक राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का यह कहना एक राज्य के प्रति नफरत फैलाने के समान है कि अगर क्रिकेट विश्व कप का फाइनल मैच कोलकाता या मुंबई में खेला जाता तो भारत जीत जाता। इसके अलावा राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जिस अंदाज में मारवाड़ी और गुजराती शब्द का प्रयोग करते हुए गुजरात पर कटाक्ष किया है वह भी सर्वथा अनुचित है।

एक्सप्रेस आलेख

विराट ने इस टूर्नामेंट में 11 मैचों में 765 रन बनाकर सचिन का एक विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड तोड़ते हुए इस मामले में भी नया कीर्तिमान बनाया। अब किसी भी एक विश्व कप में उनसे ज्यादा रन किसी और खिलाड़ी के नहीं है। इन 11 मैचों में विराट के 3 शतक और 6 अर्धशतक शामिल हैं। वह सेमीफाइनल और फाइनल में 50 से ज्यादा रन लेने वाले भी पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। भले ही विश्व कप के फाइनल में हारकर एक बार फिर भारत का विश्व विजेता बनने का अधूरा रह गया और निसंदेह इससे समूचे भारत के क्रिकेट प्रेमियों को धक्का भी लगा लेकिन किसी भी खेल में हार-जीत तो चलती ही रहती है।

शानदार रहा भारत का विश्व कप का सफर

योगेश कुमार गोयल

दरअसल यह ऐसा खेल है, जिसमें कब एक ही गेंद पूरे मैच का पासा पलट दे, दावे के साथ कोई भविष्यवाणी नहीं कर सकता। अत: भारतीय टीम को विश्व कप में लगातार मिली सफलताओं और असफलताओं का बारीकी से विश्लेषण करते हुए इस कठिन घड़ी में धैर्य के साथ ऐसी प्रतियोगिताएं जीतने की कला सीखनी होगी।

19 नवम्बर को अहमदाबाद में खेले गए विश्व कप 2023 के फाइनल में आस्ट्रेलिया ने भले ही भारत पर 6 विकेटों से आसान जीत हासिल करते हुए विश्व कप जीत लिया लेकिन पूरे विश्व कप मुकाबले में इस बार भारतीय टीम का प्रदर्शन शानदार रहा, जिसे हमेशा याद रखा जाएगा। पहले ही मैच में आस्ट्रेलिया को 6 विकेटों से हराने के साथ ही भारतीय टीम ने विश्व कप में अपनी जीत का शानदार आगाज किया था, जो फाइनल मुकाबले में आस्ट्रेलिया के ही हाथों 6 विकेटों से ही मिली हार के साथ ही टूटा। हालांकि रोहित शर्मा की इस टीम ने विश्व कप के कुल 11 मैचों में कई ऐसे रिकॉर्ड तोड़े तथा कुछ नए मुकाम हासिल किए, जिनका भारत को लंबे समय से इंतजार था। सबसे बड़ा रिकॉर्ड तो लगातार 10 मैचों में जीत दर्ज कराने का ही रहा। यह भारत का किसी भी आईसीसी विश्व कप में सर्वाधिक बार लगातार जीत का नया रिकार्ड है। इससे पहले 2003 और 2015 में भारत ने लगातार 8 जीत हासिल की थी। हालांकि किसी एक टूर्नामेंट में सर्वाधिक 11 जीत का रिकॉर्ड आस्ट्रेलिया के नाम है, जिसने 2003 और 2007 में यह रिकॉर्ड बनाया था। भले ही आस्ट्रेलियाई टीम इस बार विश्व चैम्पियन बनी है लेकिन जिस प्रकार भारतीय टीम विश्व कप में शुरूआत से ही न सिर्फ लगातार जीत रही थी बल्कि सभी मुकाबलों में लगातार बहुत बड़े अंतर से जीतते हुए विपक्षी टीमों का मनोबल भी बुरी तरह से तोड़ने में सफल होती रही, उसे देखते हुए कहना गलत नहीं होगा कि इस बार के विश्व कप की सबसे मजबूत टीम भारतीय टीम ही थी। कभी जिस भारतीय टीम की बल्लेबाजी को 'फैब फाइव' के नाम से जाना जाता था, इस बार उसी भारतीय टीम की गेंदबाजी ने लगातार 10 मैचों में सफलता दिलाने में शानदार भूमिका निभाई। पूरे विश्व कप के दौरान मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह सबसे खतरनाक पेस और सीम अटैक के बेताज बादशाह के रूप में उभरे जबकि रविन्द्र जडेजा तथा कुलदीप यादव की जोड़ी सबसे खतरनाक स्पिन बॉलर्स के रूप में दुनिया के सामने आई। एक ओर जहां रिकी पोंटिंग ने इसे भारत का सर्वकालीन सबसे खतरनाक बॉलिंग अटैक बताया, वहीं इंग्लैड के पूर्व क्रिकेटर नासिर हुसैन ने इन्हें 'फैब फाइव' के नाम से संबोधित किया। पहले मैच में भारत ने आस्ट्रेलिया को 6 विकेटों से हराया था। उसके बाद दूसरे मैच में अफगानिस्तान को 8 विकेटों से और तीसरे मैच में पाकिस्तान को तो न केवल 7 विकेटों से धूल चटाई बल्कि पूरी पाकिस्तानी टीम को 31वें ओवर में ही समेट दिया था। चौथा मैच भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ 7 विकेटों से जीता, पांचवें मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ 4 विकेटों से जीत हासिल की। छठा मैच इंग्लैंड से 100 रनों से जीता, सातवें मैच में तो भारत ने श्रीलंका को केवल 55 रनों पर ही आउट करते हुए 302 रनों से मैच जीता। 8वें मैच में दक्षिण अफ्रीका को 243 रनों से, 9वें मैच में नीदरलैंड्स को 160 रनों से और 10वें मैच (सेमीफाइनल) में न्यूजीलैंड को 70 रनों से हराकर विश्व कप में लगातार बड़ी जीत हासिल की। पूरे विश्व कप टूर्नामेंट में मोहम्मद शमी ने सबसे ज्यादा 24, जसप्रीत बुमराह ने 20, रविन्द्र जडेजा ने 16, कुलदीप यादव ने 15 और मोहम्मद सिराज ने 14 विकेट लिए। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के लिए यह विश्व कप यादगार बन गया। दरअसल विश्व कप की शुरुआत में शमी भारतीय टीम के इलेवन में शामिल नहीं थे, उनके स्थान पर टीम प्रबंधन द्वारा शार्दुल ठाकुर को प्राथमिकता दी गई थी लेकिन जब शमी को विश्व कप में खेलने का मौका मिला तो पहले ही मैच में पांच विकेट झटककर उन्होंने हर किसी को आश्चर्यचकित कर दिया था। न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले में शमी ने 7 विकेट लिए। हालांकि शमी ने विश्व कप के 11 में से केवल मैच ही खेले और इनमें 24 विकेट लेकर भारतीय टीम को नई ऊंचाई पर पहुंचाया। विश्व कप में आईसीसी की वनडे रैंकिंग में शुभमन गिल ने भी पाकिस्तान के बाबर आजम से आगे निकलकर शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने तो इस विश्व कप में कुछ ऐसे रिकॉर्ड भी बना डाले, जिन्हें तोड़ना असंभव सा लगता है। विश्व कप में 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' अवार्ड भी उन्होंने अपने नाम किया। विश्व कप में यह अवार्ड जीतने वाले वे तीसरे भारतीय खिलाड़ी बने हैं। उनसे पहले यह अवार्ड सचिन तेंदुलकर और पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर युवराज सिंह को मिला था। सचिन ने विश्व 2003 और युवराज ने विश्व कप 2011 में यह अवार्ड जीता था। वैसे कोहली पूरे विश्व कप में एक अलग ही टच में नजर आए। उन्होंने 11 मैचों में 95.62 के औसत और 90.31 के स्ट्राइक रेट से न केवल 765 रन बनाए बल्कि तीन शतकीय और 6 अर्धशतकीय पारियां भी खेली। फाइनल में भले ही भारतीय टीम पराजित हो गई लेकिन उस मैच में भी कोहली अर्धशतक बनाने में सफल हुए। कोहली ने उस मुकाबले में 63 गेंदों में 4 चौकों के जरिये 54 रन बनाए। सेमीफाइनल में तो उन्होंने ऐतिहासिक शतक जड़ा था, जिसके साथ ही वे 50 वनडे शतक लगाने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए थे। मुम्बई के खचाखच भरे वानखेड़े मैदान पर खेले गए विश्व कप के सेमीफाइनल मैच में सचिन तेंदुलकर और डेविड बेकहम जैसे खिलाड़ियों के सामने विराट कोहली ने महान् क्रिकेटर मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ते हुए वनडे फॉर्मेट में सर्वाधिक शतक लगाने वाले बल्लेबाज होने का रिकॉर्ड बनाया था। इसके अलावा वे विश्व कप के किसी भी एक संस्करण में सर्वाधिक रन जुटाने वाले खिलाड़ी भी बन गए हैं। उनसे पहले कोई भी खिलाड़ी एक सीजन में 700 का आंकड़ा पार नहीं कर सका था।

फाइनल में भले ही भारतीय टीम पराजित हो गई लेकिन उस मैच में भी कोहली अर्धशतक बनाने में सफल हुए। कोहली ने उस मुकाबले में 63 गेंदों में 4 चौकों के जरिये 54 रन बनाए। सेमीफाइनल में तो उन्होंने ऐतिहासिक शतक जड़ा था, जिसके साथ ही वे 50 वनडे शतक लगाने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए थे।

आज का पंचांग

किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।

तिथि:	द्वादशी 19:08 तक
नक्षत्र:	रेवती 06:32 तक
पक्ष:	शुक्ल
वार:	शुक्रवार
योग:	सिद्धि, 08:59
सूर्योदय:	06:54
सूर्यास्त:	17:20
चंद्रमा:	मीन राशि में
राहुकाल:	10:49-12:07
विक्रमी संवत्:	2080
शक सम्वत:	1944
मास:	कार्तिक
शुभ मुहूर्त:	11:46-12:28

जन एक्सप्रेस

है मचा बवाल !

लेकर के सुरक्षा को ।
है मचा बवाल ।।
मौसम है चुनावी ।
मचा है बवाल ।।
रस्साकस्सी चल रही ।
कौन जिम्मेदार ?
हर तरफ से हो रहे ।
शब्दों के प्रहार ।।
ना दो मुझे सुरक्षा ।
बात निकल कर आई ।।
हरकतों से ऐसी ।
होती जगहंसाई ।।
रहें सब महफूज़ ।
हो काम इस प्रकार ।।
रहें सब सुरक्षित ।
जो सबका अधिकार ।।

- कृष्णेन्द्र राय

एक्सप्रेस कविता

हमने अजनबीयों से मिलकर एक घर बना लिया,
बिखरे पत्तों टहनियों से एक सजर बना लिया।
लाख मिन्नतें भी हमारी काम ना आई उन पर,
हमने कैनवास पर रंगों का हसीन मंजर बना लिया।
उनकी खुशबू खयालों से भीगे हुए थे हम,
ख्वाबों ने मुझे आशिकों का सिकंदर बना लिया।

वादा करके भी लौट कर ना आए फिर,
अपने को उनके मकां का प्रस्तर बना लिया।
जमाने ने उनको सर आंखों पर रखा फिर भी,
दुनिया को पैरों से लुड़कता पत्थर बना दिया।
उनकी बेवफाई के किस्से अनगिनत हैं लेकिन,
हमने तनहाइयों को अपना हमसफर बना लिया।

संजीव ठाकुर

एक्सप्रेस ज्ञान

अपने लक्ष्य को पाने के लिए हर रोज कुछ न कुछ प्रयास जरूर करो, एक दिन आप उस लक्ष्य को जरूर पाओगे।

एक्सप्रेस स्वास्थ्य

वजन घटाने के लिए डाइट में करें ये छोटे-छोटे बदलाव, तेजी से कम होगा बैली फैट

मोटापा आज के समय में सबसे बड़ी समस्या है। वजन ज्यादा होने से कई तरह की बीमारियों के खतरा बढ़ता हैं जैसे डायबिटीज, ब्लड प्रेशर और हार्ट संबंधी समस्याएं। मोटापा रहने से आत्मविश्वास कमजोर होने के साथ कई तरह की दिक्कतों का सामना करना भी पड़ता हैं। अक्सर लोग वजन को घटाने के लिए कई तरह के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल और एक्सरसाइज का भी सहारा लेते हैं। लेकिन फिर भी वजन कम होना का नाम नहीं लेता है। ऐसे में वजन को कम करने के लिए हेल्दी डाइट का सेवन करना जरूरी हो जाता है। हेल्दी डाइट के सेवन के बाद भी अगर आपका वजन कम नहीं हो रहा है, तो इसका कारण आपकी गलत आदत भी हो सकती हैं। वजन को कम करने के लिए डाइट में छोटे-छोटे बदलाव करके देखिए। ऐसा करने से वजन घटाने में मदद मिलती है। वजन घटाने के लिए डाइट में कौन से बदलाव करने चाहिए।

प्रोटीन: वजन घटाने के लिए डाइट में प्रोटीन के साथ कम कार्ब और वसा होना चाहिए। प्रोटीन का सेवन करने के लिए डाइट में डे, दही, दाल, क्विनोआ, जई और कद्दू के बीज का सेवन किया जा सकता हैं। प्रोटीन के सेवन से मेटबॉलिज्म तेज होता है और खाने की इच्छा कम होती है।

चीनी और स्टार्च का कम सेवन: वजन घटाने के लिए डाइट में चीनी और स्टार्च का कम सेवन करना चाहिए। जब आप ऐसा करते हैं तो आपकी भूख का स्तर कम हो जाता है। अपने आहार से कार्बोहाइड्रेट को हटा देने से आपको कम कैलोरी खाने में मदद मिलेगी और आपको भूख भी नहीं लगेगी। कम कार्ब वाली सब्जियों में ब्रोकोली, फूलगोभी, पालक, टमाटर, ब्रसेल्स स्प्राउट्स और ककड़ी का सेवन किया जा सकता हैं।

ड्रिंक्स का सेवन: मीठे पेय पदार्थ शरीर में कैलोरी की मात्रा को बढ़ाते हैं। इन ड्रिंक्स में कैलोरी की मात्रा ज्यादा होने के साथ वजन को भी तेजी से बढ़ाती हैं। ऐसे में अगर आप वजन कम करने के बारे में सोच रहे है, तो इन ड्रिंक्स का भूलकर भी सेवन न करें।

भोजन को स्किप न करें: बहुत से लोग वजन कम करने के चक्कर में भोजन को स्किप करना शुरू कर देते हैं, जो शरीर के लिए हानिकारक हो सकता है। ऐसा करने से आप सामान्य से ज्यादा खाते हैं, जिससे वजन तेजी से बढ़ता है। ऐसे में कोशिश करें कि खाने को स्किप न करें।

फल और सब्जियों का सेवन: वजन घटाने की डाइट में फल और सब्जियों का सेवन अवश्य करना चाहिए। फल और सब्जियों में कैलोरी की मात्रा काफी कम होती है, जो वजन घटाने में मदद मिलती है। फल और सब्जियों के सेवन से शरीर को ताकत मिलने के साथ कमजोरी भी दूर होती हैं। डाइट में फलों को शआमिल करने के लिए दिन में कम से कम 2 फल अवश्य खाएं। वजन घटाने के लिए डाइट में इस तरह के छोटे- छोटे बदलाव किए जा सकते हैं। हालांकि, अगर आपको कोई बीमारी या एलर्जी की समस्या हैं, तो डॉक्टर से पूछकर ही इन टिप्स को फॉलो करें।

एक्सप्रेस विशेष

63 प्रतिशत अस्पताल निजी क्षेत्र में

डॉ0 ओ0पी0 मिश्र

देश में सारा पैसा मुफ्त का खाद्यान्न, मुफ्त की गैस, मुफ्त की बिजली, मुफ्त का लैपटॉप, किताबों तथा बेरोजगारी भत्ता और किसान सम्मन निधि के नाम पर इसलिए लुटाया जाता है कि यह हमारे लाभार्थी बनेंगे। वहां मुफ्त के अस्पताल और मुफ्त की शिक्षा की बात करना बेमानी है।

कहा जाता है कि शिक्षा और स्वास्थ्य अगर सरकार निःशुल्क कर दे तो न केवल स्वस्थ्य नागरिकों का जन्म होगा बल्कि शिक्षित नागरिकों का भी बोलबाला होगा। लेकिन सरकार इन दोनों आवश्यक सुविधाओं पर शायद ही ध्यान देती हो? आज अपने देश भारत या इंडिया में शिक्षा और स्वास्थ्य बहुत महंगा है और आम आदमी की पहुंच से बाहर है। राजनीतिक दल धार्मिक और जाति भावनाएं भड़काकर थोक में वोट ले लेती हैं और वोटरों को ख्वाब देखने के लिए छोड़ देती है। शायद सरकार यह बिल्कुल नहीं चाहती कि देश का प्रत्येक नागरिक शिक्षित और स्वस्थ हो। क्योंकि वह जानती है कि अगर व्यक्ति शिक्षित होगा तो सवाल पूछेगा और सरकार विकास संबंधी कोई जवाब देना नहीं चाहती है। क्योंकि उसका ध्यान विकास पर नहीं बल्कि मंदिर मस्जिद पर है । मंदिर और मस्जिद ही एक ऐसा जरिया है जिसके जरिये वोटो का ध्रुवीकरण किया जा सकता है। लोगों को बरगलाया जा सकता है। उनको हिंदू हित तथा हिंदू राष्ट्र के नाम पर गोल बंद किया जा सकता है। इससे सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि देश का नागरिक अर्थात वोटर धर्म और जाति से अलग हटकर कोई सवाल नहीं पूछेगा। शिक्षा और स्वास्थ्य पर कोई सवाल नहीं आएगा और अगर किसी ने सवाल कर भी दिया तो उसे धर्म विरोधी बताकर अलग-थलग कर दिया जाएगा । देश में स्वास्थ्य का क्या हाल है यह किसी से छिपा नहीं है। आज भी देश में एक डॉक्टर के ऊपर 500 मरीजों को देखने का जिम्मा है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत को अस्पतालों में 24 लाख बिस्तरो की क्षमता बढ़ाने की जरूरत है। कितनी हैरत की बात है कि हम विश्व गुरु बनने का ख्वाब देख रहे हैं और हमारे पास मरीजों के लिए पर्याप्त बिस्तर तक नहीं है। एक अनुमान के अनुसार इस समय भारत में 70 हजार अस्पताल हैं जिनमें 63 प्रतिशत निजी क्षेत्र के अस्पताल हैं। निजी क्षेत्रो के अस्पतालों में इलाज करने के लिए मरीजों को मोटी रकम देनी पड़ती है। क्या ही अच्छा होता है यदि सारे अस्पताल सरकार के नियंत्रण में होते और मरीज का इलाज निःशुल्क होता। लेकिन जिस देश में सारा पैसा मुफ्त का खाद्यान्न, मुफ्त की गैस, मुफ्त की बिजली, मुफ्त का लैपटॉप , मुफ्त की स्कूटी, मुफ्त की कॉपी- किताबों तथा बेरोजगारी भत्ता और किसान सम्मन निधि के नाम पर इसलिए लुटाया जाता है कि यह हमारे लाभार्थी बनेंगे । वहां मुफ्त के अस्पताल और मुफ्त की शिक्षा की बात करना बेमानी है। क्योंकि राजनीतिक दलों का मतलब चुनाव में वोट और वोट के जरिए सत्ता प्राप्त करना ही रहता है। इसके एक सिवा कुछ भी नहीं। दूसरी तरफ हालत यह है कि भारत को अपनी मौजूदा 1.42 अरब की आबादी की जरूरत को पूरा करने के लिए दो अरब वर्ग फुट स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र की कमी का सामना करना पड़ रहा है। भारत में इस समय 1.3 अस्पताल बिस्तर मौजूद हैं जबकि तीन अस्पताल विस्तार होना चाहिए। आज भारत में चिकित्सा महंगाई दर 14 प्रतिशत है जो एशिया में सबसे ज्यादा है। इस पर सरकार को ध्यान देना चाहिए लेकिन सरकारों का ध्यान लाभार्थी तैयार करने पर है।

भारत को अपनी मौजूदा 1.42 अरब की आबादी की जरूरत को पूरा करने के लिए दो अरब वर्ग फुट स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र की कमी का सामना करना पड़ रहा है। भारत में इस समय 1.3 अस्पताल बिस्तर मौजूद हैं जबकि तीन अस्पताल विस्तार होना चाहिए। आज भारत में चिकित्सा महंगाई दर 14 प्रतिशत है जो एशिया में सबसे ज्यादा है। इस पर सरकार को ध्यान देना चाहिए।

आग लगने जैसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए अन्नपूर्णा गैस एजेंसी द्वारा कैंप लगाकर किया जागरुकता

जन एक्सप्रेस । सिंगाही खीरी

घरेलू गैस का इस्तेमाल करते हुए जरूरी सावधानियां रखने से सिलेंडर में आग लगने जैसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए अन्नपूर्णा गैस एजेंसी की तरफ क़स्बे में जागरुकता कैंप लगाया गया। इस बारे में अन्नपूर्णा गैस एजेंसी के मालिक अरविंद श्रीवास्तव ने बताया कि इंडेन गैस की ओर से समय समय पर लोगों को गैस की बचत सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक करने के लिए कैंप आयोजित किए जाते हैं, ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सकें। सेल्स ऑफिसर अंकित कुमार ने गैस के सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि सिलेंडर को कभी भी फर्श पर लेटा कर एवं टेढ़ा करके नहीं चलाना चाहिए, क्योंकि सिलेंडर में आग लगने का सबसे बड़ा कारण ही सिलेंडर को फर्श पर टेढ़ा डालने का होता है। उन्होंने कम्पोजिट सिलिंडर की खासियत के बारे में बताया। उन्होंने बताया सिलिंडर में एलपीजी गैस दिखने से, इसके कम होने का संदेह भी नहीं रहेगा। कितनी गैस बची है इसकी भी जानकारी मिल सकेगी, इससे सिलिंडर बुक कराने में भी आसानी होगी। उपभोक्ता अपने स्टील के सिलिंडर से कंपोजिट फाइबर के सिलिंडर को बदल भी सकेंगे। कंपोजिट सिलिंडर में गैस की कीमत प्रति किलोग्राम वर्तमान समय में बाजार मूल्य के अनुसार ही होगी। कंपोजिट सिलिंडर तीन परतों से बना है। इसके अंदर ब्लो मोल्ड हाइडेंसिटी पालीइथाइलीन (एचडीपीई) की परत है। इसके ऊपर पालीमर फाइबर ग्लास की परत है। बाहरी परत एचडीपीई की है। इंडेन कंपनी ने सुरक्षा मानकों को विशेष ध्यान में रखा है।इससे लीकेज और ब्लास्ट की संभावना न के बराबर है।हमारे सभी प्रिय उपभोक्ता स्मार्ट सिलिंडर का लाभ उठाए और अपनी रसोईघर को आकर्षक और स्मार्ट लुक दें।उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से केवाईसी कराने पर जोर दिया। इस दौरान जेके शाक्य, विनोद कुमार, लाभचंद जैन, अमर कुमार, नेवल किशोर, विजय कुमार श्रीवास्तव सहित अनेक उपभोक्ता उपस्थित रहे।

डीएम ने जमीन पर बैठकर बच्चों संग खाया हॉट कुक्ड भोजन की योजना की शुरुआत

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

अभी तक खीरी के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में गरम-गरम पका हुआ भोजन बच्चों को दिया जाएगा।शुक्रवार की सुबह डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने जिले में इस योजना का शुभारंभ किया। इस योजना के तहत जिले के 3556 आंगनबाड़ी केंद्रों में पंजीकृत एक लाख 60 हजार 242 बच्चों को पका भोजन दिया जाएगा। इसमें 03 वर्ष से 06 वर्ष के बच्चों को पोषण में मदद मिलेगी। शुक्रवार को खीरी में हॉट कुक्ड मील योजना की शानदार अंदाज में शुरुआत हुई। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने तहसील व ब्लाक लखीमपुर के ग्राम मनिकापुर पहुंचकर परिषदीय विद्यालय में जमीन में बिछाई दरी में बैठकर आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों को गर्म एवं पौष्टिक भोजन अपने हाथों से खिलाकर इस अभियान का शुभारंभ किया। डीएम ने शिशुओं को दुलारते हुए चम्मच से तहड़ी खिलाई। इस दौरान उन्होंने स्वयं भी उनके साथ भोजन ग्रहण किया।इस दौरान उन्होंने रसोईया को बच्चों के भोजन में सुरक्षित और पौष्टिक भोजन देने की बात कही। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को कागज की विभिन्न आकृतियां व खेलों के माध्यम से बच्चों को व्यावहारिक शिक्षा देने को कहा। कहा कि हिंदी के अलावा अंग्रेजी में भी बच्चों को उनके आसपास की वस्तुओं की जानकारियां दी जाए। डीएम बच्चों के साथ पंक्ति में फर्श पर बैठ गए और भोजन किया। जिले के आलाधिकारियों द्वारा इस तरह से जमीन पर बैठकर आम छात्रों की तरह भोजन करना हर किसी को आश्चर्यचकित कर रहा था। इस मौके पर सीडीओ अनिल कुमार सिंह, डीपीआरओ सौम्यशील सिंह, डीपीओ भारत प्रसाद, सीडीपीओ अंजली गुप्ता सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

मनिकापुर में डीएम ने सीडीओ संग किया आंगनबाड़ी का शिलान्यास

प्राथमिक विद्यालय मनिकापुर के परिसर में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह के साथ पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन कर आंगनबाड़ी केंद्र की आधारशिला रखी। इसके बाद उन्होंने शिलापट का अनावरण करते हुए इसका शिलान्यास किया। वही अयोध्या से सीएम योगी आदित्यनाथ ने जिले के सभी 66 नए आंगनबाड़ी केंद्रों का वर्चुअल शिलान्यास किया। प्रत्येक आंगनवाड़ी केन्द्र के निर्माण पर 11.84 लाख व्यय होगा। 66 नए आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण में कुल 07 करोड़ 81 लाख 44 हजार का खर्च आयेगा। डीएम ने कहा कि अब जिले मे 66 आंगनबाड़ी केंद्रों का अपना भवन होगा।

अचानक मौसम में बदलाव की वजह से खांसी जुकाम से पीड़ित हो रहे बच्चे

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

किलकारी हॉस्पिटल के वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अंजनी मिश्रा ने बताया कि मौसम में तेजी से बदलाव हुआ है। सुबह और शाम में तामपान गिरने से ठंड का अहसास होने लगा है। वहीं, दिन में धूप निकलने के कारण तापमान बढ़ रहा है और गर्मी लग रही है। ऐसे में अधिकतर लोग लापरवाही बरत रहे है। यही लापरवाही बच्चों पर भारी पड रही है। बुखार, सर्दी की समस्या से बच्चे पीडित हो रहे हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि बदलते मौसम में छोटे बच्चों का विशेष ध्यान रखें ऐसे मौसम में बच्चों को सर्दी जुकाम खांसी का प्रकोप बढ़ जाता है। ऐसे में सावधानी जरूरी है। उन्होंने बताया कि सफाई का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। धूल और गंदगी से छोटे बच्चों को दूर रखें। इससे उन्हें सांस की समस्या के साथ दस्त भी हो सकते हैं। घर की सफाई का पूरा ध्यान रखें। छोटे बच्चों को रोज नहलाने के बजाए तौलिया भिगोकर उनका शरीर साफ कर दें।हल्की ठंड को नजरअंदाज न करें और बच्चे को हमेशा मोजे और गर्म कपड़े पहना कर रखें। शाम व सुबह नवजात शिशु के हाथ-पांव व सिर को ढक कर रखें। यदि आप मालिश कर रहे हैं, तो इसके लिए गुनगुना तेल का उपयोग करें। अगर संभव हो तो मालिश धूप में ही करें। बच्चे को गर्म कपड़े पहनाकर थोड़ी देर के लिए धूप में रखें। उसे ताजी हवा और विटामिन-डी दोनों मिलेंगे। अगर आपका बच्चा सात माह से अधिक का है और वह खाना खाता है, तो उसे ठंडी चीजें न खिलाएं। साथ ही उसे बासी खाना या ठंडा खाना भी न दें। नवजात शिशु को मां स्तनपान कराएं। डॉक्टर अंजनी मिश्रा ने बताया कि यदि बच्चों को मौसमी फल या जूस देना है तो गर्म करके दिया जाए खानपान पर विशेष ध्यान देना चाहिए साथी 5 साल तक के बच्चों का बदलते मौसम में विशेष ध्यान देना चाहिए। साथ ही बच्चों को खुले में रखी हुई चीजें ना खाने दे।

सीतापुर-बरेली हाईवे पर खड़ी बस से टकराई कार,छह लोग घायल

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

मैगलगंज थाना क्षेत्र में सीतापुर बरेली नेशनल हाईवे पर शुक्रवार सुबह निजी बस से तेज रफ्तार कार टकरा गई, जिससे कार में सवार तीन लोग समेत छह घायल हो गए। घायलों को आनन-फानन सीएचसी भिजवाया गया, जहां से पांच लोगों को शाहजहांपुर रेफर कर दिया गया। नेशनल हाईवे पर शुक्रवार की सुबह करीब 8ः00 बजे निजी बस एक ढाबे पर रुकी थी। बस से सवारी उतार रही थी, तभी बरेली की तरफ से आ रही कार ने बस को टक्कर मार दी। इससे कार की चपेट में आने से तीन यात्री और कार में सवार तीन लोग समेत कुल छह लोग घायल हो गए। सभी घायलों को 108 एंबुलेंस से सीएचसी मितौली भेजा गया।हादसे में सलीम पुत्र मेहंदी निवासी गुरदेव खेड़ा, नरेश पुत्र रामेश्वर निवासी गुरदेव खेड़ा, लक्ष्मी पुत्री मुनेंद्र यादव निवासी चौखड़िया, नरेश वर्मा पुत्र ईश्वर दीन, वंदना वर्मा,आयुषी वर्मा निवासी बरेली घायल हुई हैं। पांच घायलों को शाहजहांपुर रेफर किया गया है। इनमें सलीम और नरेश दोनों के पैर टूट गए हैं। इनकी हालत गंभीर बताई गई है।

गोला जंगल में बाहरी बंदर छोड़े जाने पर पालिकाध्यक्ष ने जताई आपत्ति

जन एक्सप्रेस । आशीष कुमार तिवारी

गोला गोकर्णनाथ खीरी। छोटी काशी गोला गोकरननाथ के आसपास जंगलों में बाहरी बंदर पकड़ कर छोड़े जाने की सूचना मिलने पर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने आपत्ति व्यक्त की है। अध्यक्ष ने वन महकमें के अधिकारियों को इस बाबत एक पत्र लिखकर बाहरी बंदर जंगल में छोड़े जाने को रोकने और गोला नगर में बंदरों का उत्पात देखते हुए बंदरों से निजात दिलाए जाने की मांग की है। गोला पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने प्रभावी वन अधिकारी को पत्र लिखकर कहा है कि उन्हें समाचार पत्रों से ज्ञात हुआ है कि लखीमपुर से पड़कर बंदर गोला के आसपास वाले जंगलों में छोड़े जा रहे हैं।उन्होंने कहा है कि गोला नगर में वैसे भी पहले से ही बंदरों का बहुत आतंक है। गोला एक धार्मिक पर्यटन स्थल है। यहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते रहते हैं। उन्हें पूजा अर्चना करने और धार्मिक अनुष्ठान करने में भी बंदर दिक्कत पैदा करते हैं। बाहर से लाकर अगर बंदर गोला के आसपास जंगलों में छोड़े जा रहे हैं तो वह बंदर भी गोला शहर में घुसकर उत्पात करेंगे ऐसी सूरत में गोला के लोगों का जीना है दुश्वार हो जाएगा।उन्होंने पत्र में कहा है कि बंदरों द्वारा काटे जाने की कई घटनाएं हो चुकी है। बच्चों को स्कूल जाना और लोगों का बाजार से सामान लाना मुश्किल हो रहा है। ऐसी हालत में बाहरी बंदरों का गोला के जंगलों में छोड़ जाना पूर्णतया निषेध किया जाना चाहिए और गोल नगर में बंदरों के उत्पात पर किसी तरीके से लगाम लगाई जाने की मांग उन्होंने प्रभकी वनाधिकारी से की है।

विधि विधान से संपन्न हुआ शालिग्राम और तुलसी का विवाह

जन एक्सप्रेस/आशीष कुमार तिवारी/गोला गोकर्णनाथ खीरी। स्थानीय बजाज हिंदुस्तान शुगर मिल्स लिमिटेड स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में शुक्रवार को श्री तुलसी जी एवं शालिग्राम जी का विवाह मंदिर के पुजारी दयानंद पांडे ने विधि विधान से संपन्न कराया।श्री तुलसी एवं शालिग्राम जी के विवाह के मुख्य यजमान चीनी मिल के यूनिट हेड जितेंद्र सिंह जादौन और उनकी पत्नी सीमा सिंह द्वारा शुभ मुहूर्त में संपन्न कराया गया। इस अवसर पर गोला नगर सहित चीनी मिल के कॉलोनी निवासी भक्तगण काफी संख्या में उपस्थित रहे।विशेष रूप से बजाज ग्रुप के लीगल एडवाइजर अवनी पांडे, फैक्ट्री मैनेजर आर के मिश्रा,रितेश दुबे, विजय बाजपेई, पवन श्यामरीवाल, मंजू चतुर्वेदी, गीता पांडे, दीप्ति सिंबल सभी लोग उपस्थित रहे।

वरमाला कार्यक्रम से पहले अलाव में गिरकर दुल्हन के भाई की मौत

जन एक्सप्रेस । बहराइच

*** मातम में बदलीं शादी की खुशियां, मोतीपुर थाना क्षेत्र के नैनिहा खड़िया गांव की घटना**

एक तरफ शहनाई बज रही? थी वर और कन्या पक्ष मांगलिक कार्यक्रम की खुशियां मना रहे थे। इसी बीच अचानक दुल्हन का भाई अलाव में गिरकर गंभीर रूप से झुलस गया परिवार के लोग तत्काल झुलसे बालक को जिला अस्पताल ले गए। हालत गंभीर होने पर उसे चिकित्सकों ने लखनऊ रेफर कर दिया। लखनऊ ले जाते समय दुल्हन के भाई की मौत हो गई। इस सूचना के घर पहुंचने पर शादी की सारी खुशियां मातम में बदल गईं। मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नैनिहा खड़िया निवासी उमेश कुमार की बेटी का विवाह सुजौली थाना क्षेत्र के आनंद नगर बड़खड़िया गांव से तय था। तय कार्यक्रम के मुताबिक गुरुवार रात को बारात पहुंची। शादी से पूर्व तिलक चढ़ाया गया। इसके बाद जयमाल कार्यक्रम की तैयारी वधु पक्ष के लोग कर रहे थे। जंगल से सटा गांव होने के चलते ठंड भी थी। जिसके चलते अलाव की भी व्यवस्था की गई थी। टेंट के पीछे जल रहे अलाव को तापते समय दुल्हन का छोटा भाई दीपक कुमार मौर्य (12) अलाव में ही गिर गया। जिससे उसका सिर और चेहरा गंभीर रूप से झुलस गया। परिवार के लोग उसे सीएचसी ले गए। यहां से मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया गया। रात एक बजे इलाज के दौरान हालत में सुधार न होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही किशोर की मौत हो गई। इससे शादी की खुशियां मातम में बदल गई। हालांकि किसी तरह रात दो बजे में ही वधू की विदाई कर दी गई। उधर किशोर का शव लेकर परिवार के लोग घर चले गए हैं।

स्कूल में बाल मेला का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस/सिदाकत मंसूरी/मोहम्मदी खीरी। कस्बा के एक स्कूल में बाल मेला का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने स्वनिर्मित व्यंजनों का स्टॉल लगाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मेले में आए अतिथियों और अभिभावकों ने बच्चों द्वारा निर्मित व्यंजनों को खाकर प्रशंसा की। न्यू एनटीआई पब्लिक स्कूल में बाल मेला का आयोजन किया गया। प्रबंधक शाहनवाज खां ने फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया। मेले में बच्चों द्वारा बनाए गए व्यंजनों में भारतीय व्यंजनों की झलक दिखाई दी। आयोजित मेले में विधि गुप्ता जानवी सृष्टि जोहा लावण्या सुवहान, मन्नत, अनाविया ,अभिषेक, पलक गुप्ता, उत्कर्ष ,हुरिया, शिवांश ,पिंटू, साक्षी, अदीबा द्वारा बनाए गए भेलपुरी, चोखा बाटी, के अलावा कई प्रकार की भारतीय स्वीट डिश बनाकर अपनी कलाकार प्रदर्शन किया। इस मौके पर आए अतिथियों और अभिभावकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षकों के प्रयास की सराहना की।विद्यालय प्रबंध समिति ने सभी आगंतुकों का आभार जताया।

जिला अस्पताल में दुष्कर्म पीड़िता से मिला सपा का प्रतिनिडमंडल

जन एक्सप्रेस । बहराइच

*** भाजपा सरकार में बहन बेटियां असुरक्षित**

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर शुक्रवार को सपा का एक प्रतिनिधिमंडल जिला महिला अस्पताल पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल कश्यप ने किया। प्रतिनिधि मंडल ने जिला अस्पताल में भर्ती दुष्कर्म पीड़िता का हाल जाना। उन्होंने कहा की विधि के साथ दुष्कर्म की घटना ने प्रदेशवासियों को संसार किया है। जिला अस्पताल परिसर में ही पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। बताते चलें कि जिले में 17 नवंबर को हुजूरपुर में अपने मामा के घर से एक युवती ई-रिक्शा से ई रिक्शा से अपने गांव जरूर रोड जाने के लिए सवार हुई थी। युवती को कैसरगंज में अपनी चाची से मिलना था। उनके साथ ही उसे अपने घर जाना था। लेकिन इस बीच ई रिक्शा चालक ने ई रिक्शा चालक ने अपने साथी की मदद से युवती का अपहरण कर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। गंभीर हालत में युवती को जिला अस्पताल में इलाज के लिए छोड़ दिया गया था। युवती अभी भी जिला अस्पताल में भर्ती है। युवती के साथ हुए दुष्कर्म की जानकारी प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को हुई तो उन्होंने प्रतिनिधि मंडल को बहराइच भेजा। सपा पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल कश्यप की अगुवाई में शुक्रवार दोपहर को प्रतिनिधि मंडल जिला महिला अस्पताल पहुंचा। प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने जिला अस्पताल में भर्ती महिला का हाल जाना। इसके बाद परिवार से पुलिस द्वारा अब तक की गई कार्रवाई के बारे में जानकारी ली। अस्पताल परिसर में ही सपा प्रतिनिधि मंडल की ओर से प्रेस वार्ता की गई। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि योगी सरकार सिर्फ दिखाने के लिए कानून का पाठ पढ़ाती है। जबकि उसके राज में बहन बेटियां घर से नहीं निकल पा रही हैं। बहन बेटियां असुरक्षा महसूस कर रही हैं। स्कूल जा रही छात्राओं के साथ दुष्कर्म की घटना हो रही है। बहराइच में अपहरण के बाद हुई दुष्कर्म की घटना ने पूरे प्रदेश को शर्मसार किया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के साथ भाजपा सरकार में अत्याचार बढ़ गया है। इस दौरान पूर्व विधायक मुकेश कुमार श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव, महिला जिलाध्यक्ष मनु देवी समेत अन्य मौजूद रहे।

विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किए मॉडल

जन एक्सप्रेस । बहराइच

नेपाल सीमा से सटी रुपईडीहा नगर पंचायत के सीमांत इंटर कालेज में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार चरदा शैलेश कुमार अवस्थी ने विज्ञान कक्ष मे प्रदर्शित दर्जनों की संख्या में मॉडल देखे।
नायब तहसीलदार ने अपने संबोधन में कहां कि आज भारत युवाओं की बदौलत विज्ञान के क्षेत्र में नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। भारत ने विज्ञान के क्षेत्र में हाल के दिनों में कई नई उपलब्धियां जोड़ी हैं। उन्होंने युवाओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि विशेष रूप से विज्ञान की शिक्षा पर ध्यान दें और नित्य नए प्रयोग करें जो कि देश हित में कारगर साबित हो। उन्होंने छात्र-छात्राओं की ओर से तैयार की गई विशेष रूप से चंद्रयान 3, श्री राम मंदिर, इको फ्रेंडली सोलर सिस्टम, ग्रीन हाउस एफेक्ट, रेन अलार्म, बायो गैस संयंत्र व केमेस्ट्री टाइट्रेशन की विशेष रूप से तारीफ की। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके पूर्व एसएसबी 42वी वाहिनी की इंस्पेक्टर अनिता कुमारी ने फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रबंधक सुभाष पांडेय, प्राचार्य विकास पांडेय, पीके श्रीवास्तव, एके शर्मा, सुधाकर व शिवानी सहित कालेज का सम्पूर्ण स्टाफ मौजूद रहा।

'शिव के बिना जीवन शव है'

जन एक्सप्रेस । बहराइच

श्री सिद्धनाथ पीठाधीश्वर महामण्डलेश्वर श्री श्री 1008 अनंत श्री विभूषित स्वामी रविगिरि महाराज ने कहा कि भगवान शिव के बारह ज्योतिर्लिंग का दर्शन बहुत ही लाभदायक है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव सदैव अपने भक्तों के प्रति संवेदनशील रहे। वह भक्ति से इतना प्रभावित हुए कि गुण दोष का आंकलन किये बगैर आशीर्वाद और वरदान दे देते हैं। इसलिए उन्हे भगवान शिव के साथ भोलेनाथ भी कहा गया है। श्री सिद्धनाथ पीठाधीश्वर शुक्रवार को छः दिवसीय शिव कथा कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की पूजा करने से सभी देव प्रसन्न होते हैं, क्योंकि वह आदिदेव हैं। गुरूदेव ने कहा कि शिव के बिना जीवन शव है। शिव का अर्थ है कल्याणकारी। उन्होंने कहा कि जो सबका कल्याण करे वह शिव है। शिव की कथा करने मात्र से जीव का कल्याण होता है। इस कार्यक्रम के मुख्य यजमान अनिल अवस्थी तथा नीलम अवस्थी रहीं। इनके अतिरिक्त आचार्य सिद्धार्थ पाण्डेय, थानापति महंत नागा बाबा हृदयेश गिरि महाराज, थानापति नागा बाबा उमाकांत गिरि महाराज, राधारमण यज्ञसेनी, डिप्टी एसपी रूपेन्द्र गौर, पवन जायसवाल, शिवम तिवारी, मनोज गुप्ता, महंत किशोर, पुष्पा मिश्रा आदि मौजूद रहे।

युवती के साथ दुष्कर्म का मुख्य आरोपी नेपाल सरहद से गिरफ्तार

*** एसपी ने आरोपी की गिरफ्तारी पर घोषित किया था 25000 का इनाम**

जन एक्सप्रेस । बहराइच

गत दिनों युवती के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वह नेपाल भागने की फिराक में था। लेकिन पुलिस टीमों ने उसे सीमा पार करते समय धर दबोचा। पुलिस अधीक्षक ने उसकी गिरफ्तारी के लिए ?25000 का इनाम घोषित किया था। इसके साथ ही गिरफतारी के लिए छह टीमें लगाई गई थी। इन टीमों ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गिरफ्तारी की है। पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने पत्रकारों को यह जानकारी दी। हुजूरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में मामा के यहां रह रही 21 वर्षीय युवती अपने गांव जरवल रोड क्षेत्र में आटो रिक्शा से जा रही थी। युवती को कैसरगंज क्षेत्र से झांसा देकर ई रिक्शा चालक अपने साथी की मदद से उसे शहर लाया था। रोडवेज बस अड्डे के निकट से युवती को आटो चालक अपने सहयोगी की मदद से उसे सलारगंज मोहल्ले में ले गया। वहां एक सुनसान स्थान पर युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। एसपी प्रशांत वर्मा ने शुक्रवार को घटना का खुलासा करते हुए बताया कि युवती को झांसे में रखकर उसे शहर लाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। इसके बाद सभी युवती को अस्पताल छोड़कर फरार हो गए थे। एस पी ने बताया कि इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया था। जबकि मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए 6 टीम में लगाई गई थी। मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 25000 का इनाम भी घोषित किया गया था। गिरफ्तारी के लिए लगी टीमों ने शहर में लगी करीब 400 सीसीटीवी फुटेज खागाले थे। एसपी ने बताया कि शहर के दरगाह थाना क्षेत्र के मोहल्ला सालारगंज के हसन नगर निवासी सोनू उर्फ पचासा पुत्र अली हसन ने चालक के साथ मिलकर दुष्कर्म किया था। एस पी ने बताया कि आटो चालक को पुलिस ने तीन दिन पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। जबकि मुख्य आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर था। शुक्रवार सुबह उसे नेपाल सीमा से अपर पुलिस अधीक्षक डॉ पवित्र मोहन त्रिपाठी, सीओ सिटी राजीव सिसोदिया की देखरेख में एसओजी प्रभारी राज कुमार पांडेय और कोतवाली नगर की टीम ने गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।

साइंस टाक कार्यक्रम में क्वांटम सिद्धांत पर विशेषज्ञों ने की विस्तृत चर्चा

*** किसान पीजी कॉलेज के भौतिक विज्ञान विभाग की ओर से आयोजित किया गया कार्यक्रम**

जन एक्सप्रेस । बहराइच

किसान पीजी कॉलेज के भौतिक विज्ञान विभाग की ओर से शुक्रवार को एडवांस अण्डरस्टैंडिंग ऑफ फिजिकल सिस्टम यूजिंग क्वांटम मैकेनिकल इंटरप्रिटीशन विषय पर एक दिवसीय सेमिनार आयोजित की गई। इस सेमिनार को साइंस टॉक नाम दिया गया। सेमिनार का शुभारम्भ कॉलेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष जटाशंकर सिंह, सचिव मेजर डा. एसपी सिंह तथा प्राचार्य प्रो. डा. विनय सक्सेना ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर तथा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। कार्यक्रम का निर्देशन विभाग प्रभारी किशुनवीर ने किया, जबकि समन्वयक की भूमिका विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. बाल गोविंद ने निभाई। उन्होंने क्वांटम की हाईपोथीसिस चेतना पदार्थ से कैसे जुड़ी है या नहीं, के बारे में विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के टेक्निकल सेशन में डा. जीके शुक्ला ने फोटो सिंथिसिस प्रक्रिया में ऊर्जा का स्थानान्तरण प्रकाश से पदार्थ के रूप में किस प्रकार होता है तथा इस प्रक्रिया में क्वांटम मैकेनिक्स का क्या रोल है। जन्तु विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर अरविंद कुमार ने मैग्नेटारसेपशन्स इन एनिमल जिसमें चिड़िया कैसे जियोमैग्नेटिज्म में अपने आप कैसे नेवीगेशन करते हैं। रसायन विभाग के प्रभारी रूपचन्द्र ने ब्रीफ डिस्कशन अबाउट ऐटम यूजिंग क्वांटम मैकेनिकल ट्रीटमेंट पर व्याख्यान दिया। सेमिनार के अंतिम सत्र में जन्तु विज्ञान विभाग के प्रभारी डा. विनीत पटेल ने बताया कि जीवाणु कैसे सूचनाओं का आदान प्रदान करता है। क्वारमसेक्सिंग के माध्यम से जीवाणु रोगाणु रोधी प्रतिरोध होना आज सबसे बड़ी चुनौती है तथा कोरमसेंसिंग एक क्वांटम प्रक्रिया है। कॉलेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष, सचिव व प्राचार्य ने सेमिनार के आयोजन की उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा विभाग प्रभारी व उनकी टीम को सराहा। इस मौके पर विभाग के शिक्षक अखिलेश उपाध्याय, गुंजन शर्मा, मणिकांत मिश्रा, विभागीय कर्मी पंकज सिंह, संतोष सिंह गुड्डु, छात्र वैभव सिंह, आदर्श त्रिवेदी, सौम्या सिंह, आंचल तिवारी, अनुष्का त्रिवेदी, चाहत सिंह, तनु शर्मा, ज्योति सिंह, चंदन चैधरी, देवानन्द साहू, हरिओम तिवारी, निमेश श्रीवास्तव का सक्रिय योगदान रहा। कार्यक्रम के समापन सत्र के मुख्य अतिथि कला संकाय के अधिष्ठाता लेफ्टीनेंट डा. सूर्यभान रावत रहे। उन्होंने कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इस मौके पर विभिन्न विभागों के शिक्षक व सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

सूट बूट में मधुबन विला पहुंचे चोर ने लाखों रुपए से भरा बैग किया पार

* चोरी की पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद, फुटेज के आधार पर चोर की तलाश में जुटी पुलिस

जन एक्सप्रेस। उरई

ह्यसूट बूट मे मधुबन बिला पहुंचे चोरों ने एक बार फिर चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। जहां से चोर लाखों रुपए से भरा बैग चुराकर रफू चक्कर हो गए। जबकि चोरी की पूरी वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश शुरू कर दी। शहर के मोहल्ला नया रामनगर निवासी अधिवक्ता सुभाष चंद्र श्रीवास्तव के पुत्र की गुरुवार रात को शादी हुई थी। बताया गया कि लड़की पक्ष रॉबिन सक्सेना निवासी इटावा मधुवन विला में शादी करने के लिए आया हुआ था। इस दौरान शादी की सारी रस्में व रीति रिवाज संपन्न होने के बाद शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे जब दूल्हा व दुल्हन पक्ष के लोग अपना-अपना सामान समेटकर घर जाने की तैयारी कर रहे थे। तभी सूट बूटधारी दो लोग उनके आगे पीछे मंडराने लगे। जिसमें एक ने दूल्हा पक्ष के बीच में जाकर मेज़ पर रखा एक बैग पार कर दिया। जिसमें दूल्हा पक्ष को भेंट में मिले ढाई लाख रुपए रखे हुए थे। रुपए वाला बैग उठाते ही सूट बूट धारी चोर वहां से रफू चक्कर हो गया। कुछ देर बाद जब दूल्हा पक्ष की नजर में मेज़ पर गई तो बैग वहां से गायब मिला। बैग गायब देखा तो सभी के होश उड़ गए, और उन्होंने सारे कमरों की तलाशी ली और सारा सामान खंगालने के बाद भी बैग कहीं नजर नहीं आया। जिसके बाद गेस्ट हाउस का सीसीटीवी फुटेज चेक किया गया तो उसमें सूट बूटधारी शातिर चोर बैग चुराता साफ नजर आया। मामले की खबर मिलते ही चौकी पुलिस भी मौके पर पहुंची और फुटेज के आधार पर सूट बूटधारी चोरों की तलाश शुरू कर दी गई है।

विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव से मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बनी रेनू यादव

जन एक्सप्रेस/उरई। उच्च न्यायालय के निर्देश पर की गई पदोन्नति के क्रम में विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रही श्रीमती रेनू यादव को जनपद न्यायालय में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के पद पर तैनात किया गया है। इसको लेकर अधिवक्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। प्रेस वार्ता के दौरान श्रीमती रेनू यादव ने बताया कि वह जनपद इटावा की निवासी हैं। बताया कि उनकी पहली तैनाती गाजियाबाद में जुडिशल मजिस्ट्रेट के पद पर की गई थी। इसके बाद उन्हें जालौन के मुख्यालय उरई में विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पद का तैनात किया गया था। जिन्हें उच्च न्यायालय के निर्देश पर की गई पदोन्नति के क्रम में विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव रहने के बाद श्रीमती रेनू यादव को जनपद न्यायालय में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के पद पर तैनात किया गया है। इसको लेकर अधिवक्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। अधिवक्ता पंकज कुमार ने कहा कि अपनी कुशल न्यायिक व्यवस्था के चलते उनको इस पद पर पदोन्नति किया गया है। इस मौके पर राजेश विश्वकर्मा, विनोद कुमार सिंह, बृजराज सिंह रिछारा, संजय यादव, भारत सिंह सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

बावन परी नचाते 8 लोग गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। जालौन

कोतवाली पुलिस ने हार-जीत की बाजी लगा रहे आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने 22 हजार 110 रुपए नगद व ताश की गड्डी बरामद की हैं। पुलिस पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली प्रभारी विमलेश कुमार ने टीम के साथ नगर के मोहल्ला दबगरान से कुछ लोगों को सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाते गिरफ्तार कर लिया।

जिससे मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई। पुलिस ने मौके से जब्बार, साहिद निवासीगण दबगरान, अमजद निवासी कडोद थाना बाडौली जिला सूरत गुजरात, शमशुद्दीन निवासी सागौर कुटी जनपद धार मध्य प्रदेश, इलियास निवासी शिवाजी मार्ग थाना देवपालपुर जनपद इंदौर मध्य प्रदेश, सब्बीर व फरमान निवासीगण नौसराबाद कालोनी थाना सिविल लाईन जनपद देवास मध्य प्रदेश को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने मालफड़ व जमा तलाशी में 22 हजार 110 रुपये बरामद किए। पुलिस ने पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इस बाबत कोतवाली प्रभारी विमलेश कुमार ने बताया कि जुआ खेलते हुए आठ लोगों को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से 22,110 रुपए बरामद हुए हैं।

हॉट कुक्ड मील योजना का हुआ शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस। उरई

मुख्यमंत्री द्वारा कम्पोजिट विद्यालय, पुलिस लाइन जनपद अयोध्या में आंगनबाड़ी केन्द्र के 03 से 06 वर्ष के बच्चों को गर्म भोजन परोस कर **''हॉट कुक्ड मील योजना''** का शुभारम्भ किया गया। जिसका लाइव प्रसारण सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा जी, मुख्य विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, डीआरडीए तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की उपस्थिति में विकास भवन में किया गया।

सदर विधायक ने कहा गया कि प्रदेश सरकार द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाने हेतु हॉटकुक्ड मील योजना प्रारम्भ की गयी है। जिले के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों के 03 से 06 वर्ष आयु के बच्चों को प्रतिदिन गर्म भोजन खिलाया जायेगा।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि शासन के दिशा निर्देशानुसार जिले में 1815 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है। जिनमें 71,111 बच्चे 03 से 06 वर्ष आयु के पंजीकृत है। जिसमें से 1264 आंगनबाड़ी केन्द्र प्राथमिक /उच्च प्राथमिक विद्यालय परिसर एवं परिसर से 200 मीटर दूरी के अन्दर को-लोकेटेड है तथा 551 आंगनबाड़ी केन्द्र नॉन को-लोकेटेड श्रेणी में है।

को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केन्द्रों पर प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालय की रसोई से गर्म भोजन आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों को खिलाया जायेगा तथा नॉन को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आंगनबाड़ी सहायिका द्वारा स्वयं गर्म भोजन तैयार कर बच्चों को खिलाये जाने का प्राविधान किया गया है। जिले में हॉटकुक्ड मील योजना का शुभारम्भ सदर विधायक एवं सीडीओ द्वारा बाल विकास परियोजना शहर के मोहल्ला शिवपुरी वार्ड-25 में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में उपस्थित 30 बच्चों को सदर विधायक, सीडीओ, परियोजना निदेशक डीआरडीए, बीएसए, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी व सीडीपीओ शहर द्वारा अपने हांथो से गर्म खाना परोस कर हॉट कुक्ड मील योजना का शुभारम्भ किया गया।

सड़क हादसे में मां की मौत, भाई बहन घायल

जन एक्सप्रेस/कालपी। कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने यमुना पुल के पास बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें बाइक पर सवार महिला की मौत हो गई, जबकि उसके पुत्र व पुत्री घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शेखपुरा गुढ़ा निवासी राजकुमारी 55 वर्ष पत्नी स्व. जयदेव निषाद गुरुवार की दोपहर को अपने पुत्र आकाश व पुत्री कालिंद्री के साथ मूसानगर में सामूहिक विवाह समारोह में शामिल होने गई थी। जब वह रात करीब 8 बजे तीनों लोग बाइक से वापस गांव लौट रहे थे। इस दौरान जब वह कालपी पुल पर पहुंचे ही थे कि तभी पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार तीनों लोग उछलकर सड़क पर गिर गए। जबकि टक्कर मारने वाला वाहन मौके से भागने में सफल हो गया। इस दौरान वहां से निकल रहे राहगीरों में हड़कंप मच गया। वहीं मौजूद लोगों ने मां, बेटा व बेटी को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

सेतु निगम को डीएम ने निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए दिए निर्देश

* कदौरा गौशाला का निरीक्षण कर, गंदा पानी मिलने पर लगाई फटकार

जन एक्सप्रेस। उरई

हमीरपुर कालपी मार्ग जोल्हुपर पर सेतु निगम द्वारा उपरिगामी सेतु का निर्माण कार्य में गतिशीलता न होने पर डीएम राजेश कुमार पाण्डेय ने मौके पर ही सम्बन्धित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर निर्माण कार्य मे तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सेतु निगम को निर्देशित करते हुए कहा कि एसएच-91 पर प्रश्नगत सम्पार 194-ए पर उपरिगामी सेतु के निर्माण कार्य मे आपेक्षित गति शीलता लाए जाने हेतु माह दिसम्बर तक निर्माण कार्य तेजी के साथ पूर्ण करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही व उदासीनता बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर रूट डायवर्जन भी किया जाए। जिससे निर्माण कार्य में और गति मिल सके। इसके बाद कदौरा गौशाला का आकस्मिक निरीक्षण कर डीएम ने अधिशासी अधिकारी सहित अन्य कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने गौशाला में गोवंश के लिए भूसा, हरा चारा, पानी व सफाई आदि व्यवस्था का जायजा लिया। गौशाला में पर्याप्त साफ सफाई न होने पर व गौवंश को पिलाने वाला पानी गंदा मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गौशाला परिसर में साफ सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए। रोस्टर बनाकर सफाई कर्मी लगाकर दिन में दो बार साफ सफाई कराई जाए। साथ ही दो दिन के अंतराल में गोवंश के लिए पीने के पानी को बदला जाए। गौशाला में 272 गौवंश संरक्षित मिले। उन्होंने पशु चिकित्सा अधिकारी से गोवंशों के टीकाकरण व पशुओं के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और कहा कि गौवंशो का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण वाटिककरण किया जाए एवं गौवंशो के स्वास्थ्य के साथ सेहत का विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि गौशाला के सफल संचालन के लिए शेड के दोनों तरफ, भूसा घर व मैंन गेट पर आईबी सीसीटीवी कैमरा लगाए जाएं। जिससे कि निरंतर निगरानी की जा सके। इस अवसर पर एडीएम वित्त व राजस्व संजय कुमार, एसडीम कालपी हेमंत पटेल, सीओ डॉ. देवेंद्र सिंह, अधिशासी अधिकारी, चेयरमैन प्रतिनिधि सहित आदि मौजूद रहे।

अमित कुमार हुए अटेवा पेंशन बचाओ मंच के ब्लॉक अध्यक्ष

जन एक्सप्रेस/सलेमपुर, देवरिया। शुक्रवार को अटेवा पेंशन बचाओ मंच के द्वारा सलेमपुर ब्लॉक के कार्यकारिणी का गठन बापू इंटर कॉलेज सलेमपुर के प्रांगण में किया गया। जिला अध्यक्ष जयप्रकाश कुशवाहा ने कहा कि सलेमपुर ब्लाक कार्यकारिणी गठन का उद्देश्य सलेमपुर ब्लॉक के शिक्षक साथियों के बीच पुरानी पेंशन आंदोलन को बल मिलेगा। सलेमपुर ब्लॉक अध्यक्ष पद अमित कुमार का चुनाव किया गया। ब्लॉक मंत्री रितेश कुमार जी ब्लॉक कोषाध्यक्ष पद पर सतीश कुमार गोंड मीडिया प्रभारी पद पर श्री रूद्र नारायण सिंह कुशवाहा ,ब्लॉक उपाध्यक्ष पद पर ज्योतिष कुमार दिग्विजय प्रजापति, अमित तिवारी, राकेश कुमार ,संगठन मंत्री पद पर संजय कुमार जी ,धर्मेंद्र यादव जी, संयुक्त मंत्री पद पर जावेद अंसारी, वीरेंद्र कुमार शर्मा जी का चयन किया गया इन सभी को अपने पद दायित्व का शपथ भी दिलवाया गया।

18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवक-युवतियों को मतदाता सूची में बीएलओ करें सम्मिलित: डीएम

जन एक्सप्रेस। महोबा

आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चैधरी नें अहर्ता तिथि 1 जनवरी 2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण हेतु मतदाता रजिस्ट्रेशन के कार्य को गति प्रदान करने हेतु बीएलओ के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में बीएलओ को नए मतदाताओं को जोड़ने तथा संशोधन आदि कार्य को शीघ्र व त्रुटिरहित करने हेतु निर्देशित किया गया।

इस दौरान जिलाधिकारी नें कहा कि उक्त विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण - 2024 के दौरान बूथ लेबिल आफिसर्स (बी0एल0ओ0) द्वारा घर-घर जाकर सर्वेक्षण किया जायेगा। ऐसे व्यक्ति जिनकी आयु 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष या इससे अधिक की पूर्ण हो चुकी है और किन्हीं कारणों से उनके नाम निर्वाचक नामावली में शामिल होने से छूट गए हैं तो इस कार्यक्रम के दौरान बी0एल0ओ0 द्वारा उनसे फार्म-6 भरवाकर प्राप्त किया जायेगा। इसी प्रकार बी0 एल0ओ0 द्वारा घर-घर सत्यापन के समय मृत, शिफ्टेड मतदाताओं के बारे में फार्म 7 भरवाया जायेगा तथा मतदाता सूची में जिन मतदाताओं की प्रविष्टियों में संशोधन अपेक्षित है, उनसे भी फार्म-8 भरवाकर प्राप्त किया जायेगा।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश, उप जिलाधिकारी सदर जीतेन्द्र कुमार, तहसीलदार सदर रामसुधार सहित बूथ लेबिल ऑफीसर्स उपस्थित रहे।

सरयू तट पर होगा देव दिपावली का भव्य आयोजन

जन एक्सप्रेस/बरहज,देवरिया। नगरपालिका परिषद गौरा बरहज माँ सरयू की पावन धरा पर देव् दीपावली का होगा भव्य आयोजन। उक्त जानकारी नपा अध्यक्ष ने दी। नगरपालिका अध्यक्ष श्वेता जायसवाल ने बताया है कि कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर, बरहज स्थित माँ सरयू के पावन तट पर 27 नवम्बर 2023 को देव दीपावली का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमे दीपदान व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। जिसमे रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 11000, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 51000 रुपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वालो को 2100,रुपए प्रदान कर पुरस्कृत किया जाएगा।कार्यक्रम की मुख्य आयोजक नपा अध्यक्ष श्वेता जायसवाल, समाजसेवी श्याम सुंदर जायसवाल एवं नगर की सम्मानित जनता होंगी।

ग्राम सभाओं, सिंचाई विभाग तथा ग्रामीण अंचलों में पड़े चकरोडों पर हो रहे हैं धड़ाधड़ कब्जे

जन एक्सप्रेस। विजय प्रताप सिंह

महोबा। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गत माह भूमाफियाओं को चिंहित कर उनके विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही किये जाने के दिये गये आदेश का जिले के ब्यूरोक्रैसी द्वारा शक्ति के साथ परिपालन न किये जाने के परिणाम स्वरूप मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलो मे ग्राम सभा की भूमि चकरोडो सिंचाई विभाग की नहरों तथा नगर पालिकाओं, ग्राम पंचायतो की भूमि पर बेधड़क होकर भूमाफिया कब्जा करने मे जुटे हुए है। आये दिन ग्रामीण भूमाफियो के विरूद्ध शिकायत लेकर जिलाधिकारी तक पहुँच रहे है। जिलाधिकारी के आदेशो के बाद भी राजस्व कर्मचारी नजाने क्यो दबंग भूमाफियाओ के विरूद्ध कार्यवाही करने और भूमाफियाओं द्वारा कब्जा की गयी सरकारी तथा सार्वजनिक प्रयोग की भूमि को भूमाफियाओ से मुक्त कराने मे हीला हवाली की जा रही है। बीते विकासखण्ड पनवाड़ी क्षेत्र के ग्राम टपरन निवासी एक कृषक ने भूमाफियाओ द्वारा चकरोड को जमीदोज किये जाने की शिकायत कलेक्टेऊट पहुँच जिलाधिकारी से दर्ज करायी थी।

अभी यह मामला सुलझ नही पाया था कि ग्राम पसवारा के कृषक रामूदद्दा चंसौरिया ने बताया कि ग्राम पसवारा स्थित मेरी कृषि भूमि के पहुँच मार्ग अर्थात चकरोड को दबंगो ने जोतकर अपने खेतो मे मिला लिया है। इसी तरह मौजा रहलियां स्थित दबंगो ने चकरोड को जमीदोज कर दिया है। मदन सागर से कीरत सागर की ओर गयी लिंक नहर के आजू बाजू पड़ी सिंचाई विभाग की भूमि को भूमाफियाओं ने स्वंय की भूमि बताकर लाखो रूपये मे बेंच डाला है और उक्त भूमि पर आलीशान भवनों का निर्माण किया जा रहा है।

कुछ भूमि पर मकानो का निर्माण भी हो चुका है। जिले मे खाली पड़ी भूमि चाहे नगर पालिका की हो अथवा ग्राम पंचायते व ग्राम सभाओ की भूमि के साथ- साथ अब भूमाफिया चकरोडो पर भी धड़ाधड़ कब्जे कर रहे है। जिससे कृषको को अपने खेतो तक पहुँचने मे तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मदन सागर से निकली सिंचाई नहर जो शहर के मध्य होते हुए दिसरापुर तालाब की ओर खेतो की सिंचाई करते हुए जाती है उक्त मदन सागर की नहर को भूमाफिया 3 किलोमीटर नहर को जमीदोज कर उस पर आलीशान भवनों का निर्माण कर चुके है और सिंचाई विभाग के अधिकारी, कर्मचारी जानकर भी अंजान बने हुए है।

एसपी ने स्टूडेंट पुलिस एक्सप्रिएन्शल लर्निंग प्रोग्राम के सम्बन्ध में पुलिस लाइन स्थित सभाकक्ष में कार्यशाला का किया आयोजन

जन एक्सप्रेस। महोबा

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम द्वारा पुलिस लाइन्स स्थित सभागार कक्ष में 30 दिवस स्टूडेंट पुलिस एक्सप्रिएन्शल लर्निंग प्रोग्राम कार्यक्रम का शुभारम्भ करने के सम्बन्ध मे गोष्ठी आहूत की गई। इस कार्यक्रम के दौरान जनपद महोबा के विभिन्न कालेज से चयनित छात्र, छात्राओं को सामाजिक समस्याओं से अवगत कराते हुए उनमें संवेदनशीलता विकसित करने व तनाव प्रबंधन सीखने के लिये प्रशिक्षण देने तथा पुलिस की कार्यशैली, कार्यप्रणाली एफआईआर लिखने से लेकर घटनास्थल निरीक्षण तक के विषय में जानकारी प्रदान कर जागरूक किया गया। इस दौरान कालेज के छात्र-छात्राओं द्वारा पुलिस के कार्यप्रणाली के सम्बन्ध में विभिन्न प्रकार के पूछे गये, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्रश्नों के सम्बन्ध में समुचित प्रत्युत्तर दिया गया। उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे वीरभूमि डिग्री कॉलेज महोबा के चयनित छात्र-छात्राओं को थाना कोतवाली नगर, कबरई, महिला थाना, राजकीय डिग्री कालेज चरखारी के चयनित छात्र, छात्राओं को थाना चरखारी एवं किशोर गोस्वामी डिग्री कॉलेज कुलपहाड़ के चयनित छात्र-छात्राओं को थाना कुलपहाड़ आवंटित किया गया है। इस कार्यक्रम की समीक्षा भारत सरकार के स्तर से की जा रही है, यह एक ऐसा अवसर है जहां पुलिस के कार्यों को युवा वर्ग द्वारा निकटता से देखा व समझा जायेगा, जिससे उन्हे प्रायोगित ज्ञान का उत्तम अवसर मिलेगा, यह छात्र भविष्य में पुलिस ब्राण्ड एम्बेस्डर भी बनेंगे। इस दौरान एनएसएस नोडल अधिकारी संतोष कुमार पाण्डेय तथा जनपद के थानों के पुलिस अधिकारी, कर्मचारीगण सहित वीरभूमि डिग्री कॉलेज महोबा, राजकीय डिग्री कालेज चरखारी एवं किशोर गोस्वामी डिग्री कॉलेज कुलपहाड़ के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

पेड़ के नीचे चबूतरे पर मिला युवक का शव

जन एक्सप्रेस/मदनपुर, देवरिया। मदनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गोपलापुर के युवक का शव करायल शुक्ल स्थित एक बरगद के पेड़ के चबूतरे पर मिला। दोपहर में वहां बैठने गए लोगों ने कंबल ओढ़ कर सोए युवक को मृत अवस्था मे देखा। इसकी सूचना बीट आरक्षी प्रिंस उपाध्याय को दिए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।ग्राम गोपलापुर के रहने वाले श्रीराम यादव 40 पुत्र रामरेखा यादव बुधवार की रात में करायल शुक्ल उच्च प्राथमिक विद्यालय के समीप बरगद के पेड़ के नीचे चबूतरा पर सोए थे। गुरूवार की दोपहर तक लोग किसी के सोने की बात समझ रहे थे। बाद में युवकों ने कंबल हटा कर देखा तो मृत अवस्था मे थे। उनके स्वजन कुछ वर्ष पूर्व बिहार में रहते थे। माता पिता की मृत्यु के बाद युवक गांव पर रह कर झोला छाप डाक्टर का काम करता था। उसे नशे की लत थी। वह माता पिता का एकलौता संतान था। थानाध्यक्ष मदनपुर नवीन चौधरी ने बताया कि रात में ही चबूतरे पर सोया था। उसे नशे की लत थी।

चंदेल नरेशों की ऐतिहासिक राजधानी महोबा की गौरव गरिमा विलोपन की ओर अग्रसर

जन एक्सप्रेस। महोबा

नगर महोबा का स्वर्णिम अतीत चंदेल नरेशों की गौरवशाली राजधानी होने के कारण चंदेल नरेशो ने यहाँ जलापूर्ति के लिए विशाल सरोवर मदन सागर, कीरत सागर, कल्याण सागर, विजय सागर, रहिल सागर, दिसरापुर ताल आदि जो बनवाये थे उनमे दूर दराज से बरसाती पानी बहकर आने के पर्याप्त श्रोत होने के कारण सभी जलाशय जलमग्न रहते थे।

इलाके का भू-भाग का वाटर लेबिल नमीयुक्त होने के कारण खेतो मे फसले लहलहाती थी तथा महोबा मे पानो की खेती अपार सफलता के साथ सम्पन्न होने से महोबा का पान देश विदेशो तक भेजा जाता था। परंतु वर्तमान समय मे पानी के बहाव के श्रोत अवरूद्ध हो जाने से चंदेल कालीन तालाब जल विहीन होकर अपना अस्तित्व खोते प्रतीत हो रहे है। जिससे अधिंकाश खेत अपनी उपजाऊ क्षमता खोते जा रहे है। कीरत सागर मे बरसाती पानी आने का श्रोत गोरखगिरी पर्वत से लेकर चांदो चंदपुरा तक का बहाव रहा है परंतु चांदो ग्राम से आने वाले पानी को रोकने के लिए दो- दो सड़के स्टेशन रोड की ओर बन जाने तथा गोरखगिरि पर्वत के किनारे चैकडैम बन जाने से श्रोत ही अवरूद्ध कर दिये गये है।

कनिघम ने (दी एन्सिएन्ट जोगरफी ऑफ इण्डिया) के पृष्ठ 487 पर चंदेलो की उत्पत्ति के इतिहास का वर्णन किया है। की चंदेलो की उत्पत्ति राजा इन्द्रजीत के पुरोहित हेमराज की पुत्री हेमवती और चंद्रमा के मधुर आलिंगन से हुई थी। जिससे उत्पन्न चन्द्र वर्मन, प्रथम चंदेल नरेश ने खजुराहो को अपनी राजधानी बनाकर कांलिजर गढ़ तक अपना राज्य विस्तार कर सन 320 से 379 तक की समय सीमा मे महोबा मे चंद्रिका देवी मंदिर और मनियादेव का शिलान्यास किया था। उनके वंशज यशोवर्मन ने खजुराहो, कांलिजर और महोबा तक राज्य विस्तार कर कन्नौज के प्रतिहार नरेशो का राज्य जीतकर प्रभुता सम्पन्न सम्राट की ख्याति अर्जित की थी तभी से चंदेल नरेशो ने महोबा मे विजय वर्मन ने विजय सागर और रहिल वर्मन ने रहिल सागर, मदन वर्मन ने मदन सागर तथा कीर्ति वर्मन ने कीरत सागर नामक तालाब महोबा मे जलापूर्ति के लिए साधन सुलभ कराये थे।

जिन जलाशयों से कंकरीली-पथरीली भूमि भी हरी भरी व क्षेत्र सर्व सम्पन्न हुआ करता था तथा ग्रीष्म ऋतुओ मे भी मनुष्यो के साथ साथ पशुओ को भी पेयजल की आपूर्ति बनी रहती थी। उक्त चंदेल कालीन जलाशये तथा कथित विकास की भेंट चढ़ते जा रहे है अपने पूर्व अस्तित्व को लेकर चंदेल जलाशाये अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहे है। उक्त चंदेल कालीन जलाशये तथा कथित विकास की भेंट चढ़ते जा रहे है अपने पूर्व अस्तित्व को लेकर चंदेल जलाशाये अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहे है।

हर बार खाटू आता हूं तेरा प्यार मैं पाता हूं पर भाव विभोर होकर रात भर झूमे श्रद्धालु

जन एक्सप्रेस/देवरिया। श्री श्याम मंदिर कसया रोड पर गुरुवार को खांटू श्याम का जन्मोत्सव व मंदिर का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। सुंदर सजे धजे मंदिर में भगवान को छप्पन भोग लगाया गया। देर शाम शुरु हुआ भजन कीर्तन सारी रात चलता रहा। पूरी रात लोग श्याम रंग में डूबे रहे। हर वर्ष की तरह मंदिर को फूलों और गुब्बारों से सजाया गया। श्याम बाबा का गजरों का भव्य श्रृंगार व छप्पन भोग अर्पित किया गया। साथ ही केक का भोग भी लगाया गया। शाम से ही खांटू श्याम बाबा के भक्तों जमावड़ा मंदिर पर होने लगा। सात बजते बजते मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से भर गया। करीब आठ बजे भजन कीर्तन की शुरुआत हुई। गायक अरुण पांडेय, गुरुग्राम से आए अमित और पटियाला से पधारे विशाल शैली ने सारी रात भजनों की अमृत वर्षा की।श्याम प्रेमी भक्ति रस में गोता लगाते रहे। जन्मदिन श्याम का आया झूमो नाचो रे... से भजन की धारा बही तो दरबार में सभी झूमने लगे। क्या खूब सजा दरबार है तेरा मैं वारी जाऊं सांवरिया..., रंगीन गुब्बारों से मंदिर सजाया है..., मिश्री मावे का एक केक मंगाया है... सुनाकर भक्ति भाव का अर्पण किया गया।

सुपोषित और स्वस्थ बच्चे ही सशक्त भारत का आधार बनेंगे : सीएम योगी आदित्यनाथ

- मुख्यमंत्री ने अयोध्या से आंगनवाड़ी केंद्रों में हॉट कुक्ड मील योजना का किया शुभारंभ
- प्रदेश के 35 जनपदों में 403 करोड़ की लागत से 3401 आंगनवाड़ी केंद्रों का सीएम ने किया शिलान्यास
- अयोध्या पुलिस लाइन में 12-12 मंजिल के दो ट्रांजिट हॉस्टल का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

रामलला 500 वर्षों के बाद 22 जनवरी को अपने स्वयं के मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। इससे पहले प्रदेश में 3 से 6 साल के बच्चों को मिड डे मील की तर्ज पर गर्म बना हुआ भोजन परोसने के कार्य का शुभारंभ अयोध्या से होना अत्यंत ही शुभ कार्य है। सुपोषित और स्वस्थ बच्चे ही सशक्त भारत का आधार बनेंगे। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को यहां पुलिस लाइन स्थित कंपोजिट विद्यालय से हॉट कुक्ड मील योजना का शुभारंभ करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने 403 करोड़ की लागत से 35 जनपदों में 3401 आंगनवाड़ी केंद्रों का शिलान्यास किया। साथ ही अयोध्या रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों के लिए ट्रांजिट हॉस्टल का भी लोकार्पण किया।

सीएम ने अपने हाथों से बच्चों को परोसा भोजन

इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने पुलिस लाइन के कंपोजिट विद्यालय की कक्षाओं में जाकर बच्चों से मुलाकात की और उनसे पढ़ाई व स्कूल ड्रेस आदि के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से स्कूली बच्चों को भोजन भी परोसा। कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी ने आंगनवाड़ी केंद्रों में हॉट कुक्ड मील योजना से संबंधित लघु फिल्म का अवलोकन किया और आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को '**पोषण भी पढ़ाई भी**' किट का वितरण किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने श्री अन्न की पोषण थाली आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों को वितरित किया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार में महिला कल्याण बाल विकास और पुष्टाहार विकास मंत्री बेबी रानी मौर्या, बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह, राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला, सांसद लल्लू सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, रामचंद्र यादव, अमित सिंह, महिला बाल विकास विद्यभाग की प्रमुख सचिव बीना कुमारी मीना, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी मौजूद रहे।

अब जर्जर भवनों और बैरकों में नहीं रहेंगे हमारे पुलिसकर्मी : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में पुलिसकर्मियों के रहने के लिए 12-12 मंजिल के दो भवनों का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सभी पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। इसके अलावा सभी थानों में भी पुलिसकर्मियों के रहने के लिए अच्छे बैरकों का निर्माण कराना सरकार की प्राथमिकता है। बहुत जल्द जर्जर बैरकों में रहने के लिए कोई भी पुलिसकर्मी विवश नहीं होगा। पुलिस कर्मियों को बेहतरीन सुविधा देने के लिए सरकार संकल्पबद्ध है।

बेहतर परिणाम देते हैं अंतरविभागीय समन्वय से होने वाले कार्य

अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि मिड डे मील की तर्ज पर गर्म बना हुआ भोजन अलग अलग मेन्यू के आधार पर अलग अलग दिन परोसने की ये योजना विभिन्न विभागों के आपसी समन्वय के साथ आगे बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में इन्सेफेलाइटिस का उदाहरण देते हुए कहा कि अंतरविभागीय समन्वय के चलते जो बीमारी 40 साल में 50 हजार बच्चों को निगल गई उसे हमने चार साल में नियंत्रित कर लिया। इसलिए ये जरूरी हो जाता है कि अंतरविभागीय समन्वय से योजनाओं पर कार्य हो तो बेहतर परिणाम आ सकते हैं।

सैकड़ों कान्हाओं को संभालना सौभाग्य की बात

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में 1.90 लाख आंगनवाड़ी केंद्र संचालित हैं, जिनमें दो करोड़ से अधिक लाभार्थी पंजीकृत हैं। इनमें 6 प्रकार की सेवाएं प्रदान की जाती हैं। पहली बार प्रदेश में हो रहा है कि 3 से 6 साल के 80 लाख बच्चों को हॉट कुक्ड मील प्रदान करने के कार्य का शुभारंभ हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में मौजूद आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे भगवान का रूप होते हैं। आप सौभाग्यशाली हैं, क्योंकि कान्हा को द्वापर युग में यशोदा मइया ने बचपन में पाला था, मगर आप सैकड़ों कान्हाओं की सेवा करने, उनके पोषण और स्वास्थ्य की जिम्मेदारी संभालने के साथ ही सशक्त भारत की आधारशिला को मजबूत बनाने का प्रयास कर रही हैं। ये आपका सौभाग्य है कि आपको यह अवसर मिला है।

बच्चों के स्वास्थ्य में हुआ है सुधार

मुख्यमंत्री ने बताया कि पहले पोषाहार की योजनाओं पर बहुत से प्रश्न खड़े होते थे। मगर, बीते 6-7 साल में काफी सुधार हुआ है। बच्चों में एनीमिया के स्तर में सुधार हुआ है, अल्प वजन, लंबाई और वजन के मामलों में काफी सुधार देखने को मिला है। शिशु मृत्यु दर में भी कमी आई है। इसमें अभी काफी सुधार की गुंजाइश है, इसके लिए हमें निरंतर कार्य करना होगा। स्वस्थ बालक केवल महिला बाल विकास विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि पंचायती राज और नगर विकास विभाग को भी इससे जुड़ना चाहिए।

संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ पर फंदे से लटका मिला महिला का शव

- पुलिस हत्या और आत्महत्या दोनों पहलुओं पर कर रही जांच

जन एक्सप्रेस। मिल्कीपुर-अयोध्या

इनायत नगर थाना के पुलिस चौकी बारुन बाजार अंतर्गत अयोध्या-रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग स्थिति चमनगंज में एक ढाबा के पीछे जंगल में एक अधेड़ महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ पर फंदे से लटका मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी गई। पुलिस हत्या और आत्महत्या दोनों पहलुओं पर जांच कर रही है। इनायत नगर थाना क्षेत्र के चमनगंज बाजार के पास जंगल में शुक्रवार की सुबह शौच को आए ग्रामीणों ने 40 वर्षीय महिला का शव चिलवल की पतली डाल से जमीन तक लटका देखा। लोगों द्वारा सूचना इनायत नगर पुलिस को दी गई। थाने के वरिष्ठ उपनिरीक्षक ब्रह्म दत्त पाण्डेय फोर्स के साथ मौके पर पहुंच। फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंच कर जांच - पड़ताल की है। महिला के शव के पास से एक मोबाइल फोन, चप्पल तथा शाल बरामद हुई है। थाना प्रभारी संदीप कुमार सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच शुरू कर दी गई है। हत्या और आत्महत्या दोनों पहलुओं पर जांच केन्द्रित है। मृतका की शिनाख्त सुनीता पत्नी स्वर्गीय लल्लन निवासी खिहारन के रूप में हुई है। पुलिस ने मोबाइल का सीडीआर निकलवाने की बात कही है।

बढ़ीं पवन की मुश्किलें, तीन नए केस दर्ज

जन एक्सप्रेस/अंबेडकरनगर। भूमि धोखाधड़ी में एसटीएफ की गिरफ्तारी के बाद जेल भेजे गए पूर्व विधायक पवन पांडेय की मुश्किलें बढ़ गईं हैं। बूथ कैप्चरिंग से जुड़े वर्ष 1996 से जुड़े मुकदमों के गवाहों को धमकी देने में राजेसुल्तानपुर थाने में दो तथा अकबरपुर कोतवाली में एक मुकदमा दर्ज हुआ है। पवन पर धमकी की धाराओं के अलावा एससी-एसटी एक्ट तथा सेवन सीएलए एक्ट भी लगा दिया गया है। अकबरपुर निवासी चंपा देवी द्वारा करोड़ों की भूमि का सिर्फ 20 लाख रुपये में सौदा करने के आरोपों में अकबरपुर कोतवाली में केस दर्ज कराया था। हाईकोर्ट के निर्देश पर विवेचना संभालने के बाद एसटीएफ ने बीते दिनों अचानक पूर्व विधायक पवन पांडेय को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद पांच अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

भूमि बैनामा करने आए पूर्व प्रधान को पत्नी ने सरेआम पीटा

जन एक्सप्रेस। टांडा (अंबेडकरनगर)

रजिस्ट्री कार्यालय टांडा में भूमि बैनामा करने आए पूर्व प्रधान की नाराज पत्नी ने सरेआम पिटाई कर दी। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह बीच बचाव किया। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। महिला ने अधिकारियों से भूमि बिक्री पर रोक लगाए जाने की मांग की है। कहा कि उसका पति पूर्व में भी सात बीघा भूमि बेच चुका है।

रजिस्ट्री कार्यालय टांडा में बुधवार दोपहर में भूमि का बैनामा करने आए इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र के शादीपुर मुर्गीपुर निवासी पूर्व प्रधान रामजीत वर्मा की कार्यालय परिसर में ही पत्नी ने सरेआम पिटाई शुरू कर दी। आक्रोशित पत्नी ने दुपट्टे से गला कसने की भी कोशिश की लेकिन मौके पर मौजूद लोगों ने बीच बचाव किया।

महिला ने बताया उसके पति द्वारा बार बार भूमि की बिक्री की जा रही है। उसने अधिकारियों को पत्र देकर भूमि बिक्री पर रोक लगाए जाने की मांग की है। अधिकारियों ने मामले में कोई हस्तक्षेप नहीं किया। महिला का आरोप है कि उसका पति नशे का आदी हो चुका है। इसके चलते लोग उसे वरगला कर भूमि खरीद ले रहे हैं।

महिला का कहना है कि यदि बिक्री पर रोक न लगाई गई तो उसके व बच्चों के समक्ष आर्थिक संकट खड़ा हो जाएगा।

सीएम ने रामलला व हनुमानगढ़ी दरबार में टेका मत्था

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे। राम कथा पार्क हेलीपैड से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सीधे हनुमानगढ़ी पहुंचे। वहां पहुंचकर हनुमान जी की आरती उतारी और दर्शन-पूजन किया। उसके बाद श्रीराम लला के दर्शन-पूजन कर देश-प्रदेशवासियों के कल्याण व सुख-समृद्धि की कामना की। रामलला के दर्शन के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राम मंदिर निर्माण की प्रगति का हाल जाना। यहां श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को मंदिर निर्माण से जुड़ी जानकारी दी।

- सीएम ने की देश व प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना

बता दें कि एक महीने के अंदर मुख्यमंत्री ने तीसरी बार रामलला एवं हनुमानगढ़ी का दर्शन-पूजन किया। इससे पहले मुख्यमंत्री 9 नवम्बर को कैबिनेट बैठक में शामिल होने अयोध्या आए थे, तब मंत्रियों के साथ उन्होंने दोनों मंदिरों में दर्शन पूजन किया था। पुनः मुख्यमंत्री 11 नवम्बर को दीपोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए थे। उसके अगले दिन उन्होंने हनुमानगढ़ी और रामलला के दर्शन किये थे।

समाजसेवी ने खोला बेसिक शिक्षा विभाग के भ्रष्टाचार का पिटारा

शासनादेश को धता बता महिला शिक्षक को किया संबद्ध

जन एक्सप्रेस। मिल्कीपुर-अयोध्या

मिल्कीपुर के समाजसेवी की पहल के बाद अब बेसिक शिक्षा विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के जिन्न के बाहर आने का सिलसिला शुरू हो गया है। अमानीगंज शिक्षा क्षेत्र में एक बड़ा चौंकाने वाला मामला समाजसेवी महेंद्र प्रताप सिंह ने उठाते हुए बेसिक शिक्षा विभाग के बहुत बड़े भ्रष्टाचार का खुलासा कर दिया है। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी अमानीगंज राजेश कुमार और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय की करतूतों का भंडाफोड़ करते हुए मामले की शिकायत प्रदेश के मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट ऑनलाइन शिकायत प्रणाली जनसुनवाई पोर्टल पर करते हुए कार्रवाई की गुहार की है। समाजसेवी ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि अमानीगंज शिक्षा क्षेत्र स्थित प्राथमिक विद्यालय रानिकपुर में तैनात शिक्षिका रेनू पांडे विगत 3 वर्षों से विद्यालय कभी भी नहीं आ रही हैं। उन्हें शासनादेश के विरुद्ध अनियमित तरीके से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय जाफर नगर से संबद्ध किया गया था, किंतु अब उन्हें बीएसए द्वारा राजकीय संप्रेषण गृह किशोर जनपद अयोध्या से संबद्ध कर दिया गया है। इसके अलावा ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय पूरे रामदीन में तैनात सहायक अध्यापिका नीतू के विद्यालय न आने की शिकायत की है। इसके अलावा कंपोजिट विद्यालय धमथुआ में तैनात प्रधानाध्यापक की बहू, अनुचर के रूप में तैनात हैं।

- राजकीय संप्रेषण गृह से कर दिया संबद्ध

उक्त महिला अनुचर कभी भी विद्यालय नहीं जाती और उसका हस्ताक्षर प्रधानाध्यापक द्वारा उपस्थिति पंजिका घर ले जाकर कराया जाता है। इसके अलावा प्राथमिक विद्यालय टिकटी में तैनात शिक्षक आनंद कभी भी विद्यालय नहीं जाता। उक्त के अलावा शिक्षा क्षेत्र में अन्य कई ऐसे विद्यालय हैं जहां पर तैनात शिक्षक विद्यालय से नदारत रहते हैं और विद्यालय न जाने के नाम पर खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार को मासिक सुविधा शुल्क देते रहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि बीएसए संतोष कुमार राय के संरक्षण में बीईओ अमानीगंज राजेश कुमार द्वारा लापरवाही करने वाले शिक्षकों से अवैध वसूली करते हुए बंदर बांट किया जा रहा है।

बीएसए संतोष कुमार राय द्वारा परिषदीय शिक्षा को पूरी तरह से मजाक बनाकर रख दिया गया है और खूब जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। मिल्कीपुर ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सिधौना निवासी समाजसेवी महेंद्र प्रताप सिंह ने मांग की है कि प्रकरण की जांच बेसिक शिक्षा विभाग से अलग किसी अन्य विभाग के उच्चाधिकारी से स्थलीय सत्यापन कराते हुए कराई जाए, ताकि बेलगाम बीएसए तथा बीईओ के भ्रष्टाचार पर अंकुश लग सके। शिकायतकर्ता समाजसेवी ने बताया कि विद्यालय संचालन अवधि में दर्जनों शिक्षक अपना विद्यालय छोड़कर अमानीगंज बाजार स्थित खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर जमे रहते हैं तथा बीईओ राजेश कुमार के साथ मिलकर दलाली में संलिप्त रहते हैं।

अब पंप ऑपरेटर पद की जिम्मेदारी भी संभालेंगी महिलाएं

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जिले में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और सराहनीय पहल हुई है। इसके तहत अब महिलाओं को ग्रामीण क्षेत्रों में बनी पानी की टंकी के संचालन के लिए पंप ऑपरेटर के पद पर तैनाती देकर इसके संचालन की जिम्मेदारी भी सौंपी जाएगी। इससे जहां एक तरफ पेयजल सप्लाई की व्यवस्था बेहतर बनेगी वहीं महिलाओं को भी गांव में ही रोजगार की सुविधा में मिल सकेगी।

पंप ऑपरेटर बनाने के लिए महिलाओं को विशेष तौर पर प्रशिक्षित किया जाएगा। ग्रामीण इलाकों में पीने के पानी की पर्याप्त आपूर्ति के लिए प्रदेश सरकार द्वारा हर घर नल से जल योजना संचालित किया जा रहा है। इसके तहत जिले की सभी 793 ग्राम पंचायतों में पानी टंकी का निर्माण होना है।

अब तक 10 गांवों में पानी टंकी बनकर तैयार भी हो चुकी हैं। जिले में बनी पानी टंकियों के सुचारू रूप से संचालन के लिए अब पंप ऑपरेटर के बतौर महिलाएं की तैनाती भी करने का फैसला किया गया है। तैनात होने वाली महिला पंप ऑपरेटर गांव में पानी की आपूर्ति, वोल्टेज मीटर व मोटर पंप के रख-रखाव का उचित तरह से संचालन करेगी। इसके लिए तैनाती से पूर्व उन्हें विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। जल जीवन मिशन के तहत महिलाओं को इससे पहले पानी के नमूनों की जांच की जिम्मेदारी भी सौंपी जा चुकी है।

जिला समन्वयक कैपसिटी बिल्डिंग एंड ट्रेनिंग शिवांगी मिश्रा ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में पानी टंकी के संचालन के लिए पंप ऑपरेटर तैनात किए जाने हैं। इसके तहत ही महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं को पंप ऑपरेटर बनाने में प्राथमिकता दी जा रही है। प्लंबर, इलेक्ट्रीशियन, मोटर मैकेनिक, फिटर व पंप ऑपरेटर आदि में से किसी भी ट्रेड में आईटीआई करने वाले महिलाओं को पंप ऑपरेटर बनाने में प्राथमिकता मिलेगी।

जल जीवन मिशन के तहत अब तक पचपेड़वा ब्लॉक के बानगढ़, गैसड़ी के जामुनी कला, नचौरी, नैकिनिया, प्रेमनगर, रेहरा बाजार ब्लॉक के अहिरौली बुजुर्ग, उदईपुर व दुल्हिनडीह सहित 10 गांवों में पानी टंकी का निर्माण पूरा हो चुका है।

310 करोड़ से बनेंगे 74 नए विद्युत उपकेंद्र, सुधरेगी सप्लाई

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

देवीपाटन मंडल में 74 नए विद्युत उपकेंद्र बनाए जाएंगे। इससे मंडल के चारों जनपदों में एक साथ लाखों उपभोक्ताओं को फायदा मिलेगा। पावर कॉरपोरेशन ने रिवैंप स्कीम के तहत गोंडा जिले में 29, श्रावस्ती-बलरामपुर में 32 और बहराइच जनपद में 13 नए विद्युत उपकेंद्र बनेंगे। इस योजना पर करीब 310 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।मौजूदा समय में मंडल के करीब 14.50 लाख उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति की जा रही है। मंडल मुख्यालय प्रथम डिवीजन से शहर के आसपास लखनऊ रोड (हरीपुर), उतरौला रोड, लौव्वाटेपरा, खैराभवानी मंदिर, फुरकनिया, बेलवा नोहर और जेल रोड पर विद्युत उपकेंद्र बनाया जाएगा। डिवीजन द्वितीय तरबगंज-नवाबगंज के आसपास मां बाराही देवी बेलसर-परसपुर, बिश्नोहरपुर, साकीपुर, अमदही, अंदूपुर, धौरहरा घाट, डेहरास, पसका कुल आठ उपकेंद्र बनाए जाएंगे। वहीं तृतीय डिवीजन करैनलगंज में नदावा कौड़िया, सालपुर, झालीधाम, शाहपुर धनवा, रेवारी और गौरा बाजार में निर्माण होगा। मनकापुर-चतुर्थ डिवीजन में छपिया, कूड़ासन, धमेई, हरनाटायर, महराजगंज, बाबागंज केशवनगर और दौलतपुर ग्रंट समेत जिले में कुल 29 विद्युत उपकेंद्र बनाने के लिए जमीन तलाशी जा रही है। पावर कॉरपोरेशन रिवैंप स्कीम के तहत 310 करोड़ खर्च करेगा। अधीक्षण अभियंता रामनरेश सरोज ने बताया कि मौजूदा व भविष्य में निर्बाध आपूर्ति की जाएगी।

निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का महापौर ने किया उद्घाटन

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के निर्देशनुसार अयोध्या मे होने वाले परिक्रमा में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ संगीता भाटिया अयोध्या मण्डल अयोध्या द्वारा मेले मे निःशुल्क होमियोपैथी चिकित्सा शिविर का आयोजन कार्तिक पूर्णिमा मेले को देखते हुए चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन अयोध्या महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी द्वारा किया गया। निःशुल्क होमियोपैथी चिकित्सा शिविर के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिक्षक डॉ संगीता भाटिया अयोध्या मण्डल अयोध्या द्वारा महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी का माल्यापर्ण करते हुए किया। तत्पश्चात महापौर द्वारा फीता काटकर निशुल्क चिकित्सा शिविर का उद्घाटन विधिवत रूप से किया गया। डॉ अजय कुमार चिकित्सा अधिकारी जिला होमियोपैथी श्री राम अयोध्या द्वारा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ संगीता भाटिया अयोध्या मण्डल अयोध्या को बुके भेंट कर स्वागत किया गया डॉ संगीता भाटिया का जन्मोत्सव होने के नाते बधाई भी दिया गया द्य उद्घाटन के अवसर पर डॉ अनिल मिश्रा राम जन्म भूमि ट्रस्ट के सदस्य अयोध्या का स्वागत डॉ भाटिया द्वारा किया गया। उद्घाटन के अवसर पर डॉ संगीता भाटिया मुख्य चिकित्सा अधीक्षक होमियोपैथी, आज से लगातार तीन दिनों तक चिकित्सा शिविर में डॉ विपिन कुमार पाण्डेय टांडा अंबेडकर नगर, डॉ बृजेश कुमार वर्मा चिकित्साधिकारी बनी गद्दोपुर अयोध्या, डॉ गरिमा कुशवाहा हाथिगो अयोध्या, अकलेश कुमार फार्मसिस्ट जिला अस्पताल अयोध्या, सूरज सिंह फार्मसिस्ट दलपत पुर अयोध्या, जितेंद्र कुमार श्री राम चिकित्सालय अयोध्या मौजूद रहेंगे। दिलीप कुमार अयोध्या को भारी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

डीएम को गुमराह कर कर्मचारी नियुक्ति की चाल हुई विफल

नहीं हुआ पार्ट टाइम एएनएम व फार्मासिस्ट पद का साक्षात्कार

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

फैजाबाद की आवाज जिला प्रशासन को धोखे में रखकर बिना विज्ञापन जारी किए संविदा पर कर्मचारी की भर्ती करने की प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक की चाल सफल नहीं हो सकी। नियुक्ति के लिए होने वाले साक्षात्कार में शामिल जिला प्रशासन के प्रतिनिधि अतिरिक्त मजिस्ट्रेट ने बिना विज्ञापन जारी कराए एक पद पर कर्मचारी का साक्षात्कार कराने से इनकार कर दिया। इसके बाद रिक्त पार्ट टाइम एएनएम फार्मासिस्ट की नियुक्ति के साक्षात्कार को प्रमुख चिकित्सा अध्यक्ष को रोकना पड़ा। जिला चिकित्सालय में ओएसडी केंद्र के लिए पांच पदों पर नियुक्ति होना था। जिसमें चिकित्सा अधिकारी का एक पद, काउंसलर का एक पद, डाटा मैनेजर का एक पद, स्टाफ नर्स का एक पद और रिक्त पार्ट टाइम एएनएम फार्मासिस्ट के एक पद पर नियुक्ति होनी थी।

प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर बृज कुमार ने चार पदों की नियुक्ति के लिए समाचार पत्र में विज्ञापन जारी कर अभ्यार्थियों को आमंत्रित किया था। किंतु पांचवें पद रिक्त पार्ट टाइम एएनएम/ फार्मासिस्ट के पद के लिए कोई विज्ञापन जारी नहीं कराया था।

इसके पीछे मकसद यह बताया जाता है कि किसी को लाभ पहुंचाने के लिए ऐसा किया गया था। जिसकी जानकारी जब जिला प्रशासन के प्रतिनिधि अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अंशुमान सिंह को हुई तो उन्होंने पांचवें पद का साक्षात्कार कराने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि इसके लिए जिलाधिकारी से अनुमोदन लिया जाए और विज्ञापन जारी किया जाए। उसके बाद में ही साक्षात्कार कराया जा सकता है। प्रकरण को लेकर समाचार पत्रों ने प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक की ओर से संविदा कर्मचारियों की नियुक्ति के खेल की खबर प्रमुखता से छापी थी। इसके बाद पांचवें पद का साक्षात्कार रोक दिया गया। चिकित्सा पद के लिए दो चिकित्सकों ने ही आवेदन किया था। जिसे अयोग्य मानते हुए चिकित्सक की पद पर नियुक्त नहीं की गई।

अवध विवि के दीक्षांत समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय का 28 वां दीक्षांत समारोह 29 नवम्बर को पूर्वाह्न 11 बजे से होगा। इसकी तैयारियों को लेकर कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के दिशा-निर्देशन में विश्वविद्यालय प्रशासन अंतिम रूप देने में जुट गया है। कुलपति सभी समितियों की तैयारियों की बारीकी से जानकारी प्राप्त कर रही है।

विश्वविद्यालय के 29 नवम्बर को होने वाले दीक्षांत समारोह में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा कुल 123 स्वर्णपदक छात्र-छात्राओं को प्रदान किए जायेंगे। इसमें 79 स्वर्णपदक छात्राओं को मिलेगा। वही 44 स्वर्णपदक छात्रों को दिए जायेंगे। दूसरी ओर समारोह में कुलाधिपति के कर कमलों से विश्वविद्यालय के सत्र 2022-23 के एक लाख 17 हजार 496 उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के प्रमाण-पत्र को भारत सरकार के डिजी लाकर में उपलोड किया जायेगा। इसमें छात्राओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 55 है। वही छात्रों का 45 प्रतिशत है। विवि के कुलसचिव डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि दीक्षांत समारोह की सफलता के लिए विवेकानंद सभागार में 27 नवम्बर को अपराह्न तीन बजे व 28 नवम्बर को पूर्वाह्न 11 बजे दीक्षांत रिहर्सल किया जायेगा। इसमें छात्र-छात्राओं को उपाधि, पदक, दीक्षोपदेश के साथ अन्य गतिविधियों का पूर्वाभ्यास कराया जायेगा।

खिलाड़ी प्रदेश व केंद्र सरकारों के मंत्री या प्रधानमंत्री बने तो होगा राष्ट्र का चौमुखी विकासः कुलवंत सिंह

* दो दिवसीय ब्रज मंडल संभाग स्तरीय खेलकूद समारोह की पूर्व संध्या पर खिलाड़ियों ने पूरे जोश के साथ निकाला मशाल जुलूस

जन एक्सप्रेस । अरुण भारद्वाज

पीलीभीत। बंसुरी नगरी पीलीभीत जनपद की टाउन एरिया मझोला निवासी बैड लिफ्टिंग के राष्ट्रीय चैंपियन रह चुके कुलवंत सिंह ने कहा है। दुनिया में 90 फ़ीसदी लोग इतिहास पढ़ते हैं लेकिन केवल 10 फ़ीसदी प्रतिभाशाली लोग ही युगों से इतिहास रचते चले आए हैं। युवा खिलाड़ी ही अपनी प्रतिभा के बल पर आगे चलकर बड़े मैडल जीत कर श्रेष्ठ खिलाड़ी बनकर अपने गांव शहर जिला मंडल प्रदेश अथवा देश का नाम रोशन करते हैं। यदि कोई खिलाड़ी प्रदेश व देश की सरकारों के राज्य अथवा काबिना मंत्री या प्रधानमंत्री बने तो अपने राष्ट्र का वह खिलाड़ी चौमुखी विकास करेगा। यह विचार श्री सिंह ने शनिवार 25 नवंबर से गांधी स्पोर्ट स्टेडियम के विशाल मैदान पर पीलीभीत के इतिहास में पहली बार एकल अंचल विद्यालय अभियान अभ्युदय क्लब के तत्वाधान में होने वाली दो दिवसीय ब्रजमंडल संभाग स्तरीय खेलकूद समारोह की पूर्व संध्या पर देर शाम कचहरी तिराहा से शुरू होकर गांधी स्टेडियम मैदान पर समापन होने वाली विशाल मसाल जुलूस यात्रा में अपने मुख्य अतिथि उद्बोधन में व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन अरविंद कनौजिया द्वारा किया गया। दूर-दूर के जनपदों से आए खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा की 90 फ़ीसदी खिलाड़ी गरीब परिवारों से निकलकर राष्ट्रीय खिलाड़ी बनते हैं अमीर लोगों के बच्चे जीवन में इंजॉय करते हैं एक अच्छा खिलाड़ी हमेशा टीम भावना और खेल भावना के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन बहुत ईमानदारी पूर्वक निष्ठा, पूर्वक लगन करता है। श्री सिंह ने कहा कि

प्रतियोगिताओं में जीत हार तो लगी रहती है लेकिन आप सब खेल भावना से खेलें तो आपका मनोबल बढ़ेगा। मझोला के ही निवासी राष्ट्रीय बैड लिफ्टिंग चैंपियन सरनजीत सिंह ने अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ते हुए कहा आप सबको जीवन में विरासत में क्या मिला इसकी आप कताई टेंशन या फिकर कदापि न करें। बस यह देखें कि विरासत में आप क्या छोड़ कर आए हो जीवन में इसकी ही चिंता करना। लगन लगाकर खेल का प्रदर्शन करेंगे। तो सफलता आप सबके कदम चूमेगी। मसाल जुलूस समारोह में जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार फुटबॉल संघ के जिला सचिव वरिष्ठ खिलाड़ी सुरेश कौशल खेल उत्थान परिषद के जिला अध्यक्ष अधिवक्ता पत्रकार अरुण भारद्वाज डॉक्टर नरेश गंगवार प्रधान संघ अमृता खास ब्लॉक अध्यक्ष समाज सेविका मधु गंगवार सहसंयोजक शेखर सक्सेना अध्यक्ष व कार्यक्रम आयोजक अनिल कमल एडवोकेट आर पी अग्रवाल मनोहर लाल ज्ञान चंद्र प्रजापति ज्ञानेंद्र अनुज शुक्ला मझोला के खेल प्रशिक्षक अमर सिंह राष्ट्रीय फुटबॉलर लायंस कॉलेज के खेल शिक्षक पुनीत भारद्वाज फुटबॉलर प्रियम भारद्वाज, पत्रकार नीरज मिश्रा, अनिल, राजेश शुक्ला, बबलू सिंह चौहान, सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे उल्लेखनीय है की खेल ज्योति यात्रा का शुभारंभ उप जिलाधिकारी पीलीभीत देवेंद्र सिंह वरिष्ठ समाजसेवी राजा परिवार की रानी पदमा चंद्रा ने किया। आयोजक अनिल कमल तथा डॉक्टर नरेंद्र गंगवार ने पत्रकार अरुण भारद्वाज एडवोकेट को जानकारी देते हुए बताया कि 25 नवंबर को सुबह 10ः00 बजे से खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ गांधी स्टेडियम मैदान पर माघवेंद्र सिंह राष्ट्रीय संगठन प्रभारी एकल अभियान गन्ना विकास एवं चीनी मील राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार पूर्व सांसद एवं दर्जा राज्य मंत्री तथा पीलीभीत के आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के वरिष्ठ नेता संभावित सांसद प्रत्याशी तथा कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी को नैनीताल बहेड़ी लोकसभा चुनाव में हारने वाले भाजपा के नेता बलराज पासी तथा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉक्टर आस्था अग्रवाल द्वारा प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया जाएगा। सभी खिलाड़ियों को चिरौंजी लाल वीरेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में ठहरने की शानदार व्यवस्था एकल अंचल विद्यालय समिति के आयोजकों द्वारा की गई है।

सीएचसी अमरिया में शुरू हुई एफआरयू सुविधा

* अमरिया में कराया गया पहला सिजेरियन प्रसव
* सीएमओ की मौजूदगी में डॉ. रतिका व डॉ. राजेश ने किया ऑपरेशन

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

पूरनपुर। सीएचसी अमरिया में सिजेरियन प्रसव की शुरुआत के साथ ही जनपद में पांचवीं एफआरयू यूनिट शुरू हो गई। गुरुवार देर शाम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरिया में जहानाबाद के जगदीशपुर निवासी विजय सिंह की पत्नी सत्यवती का सिजेरियन प्रसव किया गया। सिजेरियन प्रसव से सत्यवती ने पुत्री को जन्म दिया। 24 वर्षीय सत्यवती का यह चौथा बच्चा है। इससे पूर्व हुए अन्य तीन बच्चों में से दो की जन्म के दौरान ही मृत्यु हो गई थी। कई वर्षों बाद सफलतापूर्वक प्रसव होने पर परिजनों ने खुशी व्यक्त की।
जनपद में संस्थागत प्रसव को बढ़ाने व सीएचसी पर ही सिजेरियन प्रसव की सुविधा देने के लिए एफआरयू यूनिट बनाई जा रही हैं। सीएमओ डॉ. आलोक कुमार के दिशानिर्देश पर एफआरयू यूनिट की संख्या तेजी से बढ़ाई जा रही है। जिला महिला अस्पताल, सीएचसी पूरनपुर, सीएचसी बीसलपुर, सीएचसी बरखेड़ा के बाद सीएचसी अमरिया भी इस सूची में शामिल हो गया है। गुरुवार को हुए प्रसव के दौरान सीएमओ डा. आलोक कुमार की मौजूदगी में सर्जन डॉ. रतिका अग्रवाल व निश्चेतक डा. राजेश ने सफलतापूर्वक आपरेशन संपन्न कराया। इस दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. आलमगीर, आयुष एलएमओ डॉ.सुचि गुप्ता, ओटी टेक्नीशियन गौरव व अवनीश, नर्स मेंटर फात्मा, मातृत्व स्वास्थ्य सलाहकार नितिन गंगवार, बीपीएम जसीम हुसैन, बीसीपीएम मुशाहिद रजा आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

कुष्ठ कर्मचारी संघ के अवधेश अध्यक्ष व आबिद मंत्री निर्वाचित

* सीएमओ कार्यालय में निर्विरोध संपन्न हुआ चुनाव
* सीएमओ ने निर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

राष्ट्रीय कुष्ठ चिकित्सा कर्मचारी संघ की जनपद शाखा का द्विवार्षिक अधिवेशन शुक्रवार को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय स्थित सभागार में आयोजित कराया गया। अधिवेशन के दौरान सर्वसम्मति से जनपदीय कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी सीएमओ डा. आलोक कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुए निर्वाचन में अध्यक्ष व मंत्री निर्विरोध निर्वाचित हुए। निर्वाचन प्रक्रिया में कुष्ठ विभाग के एनएमएस, एनएमए व एचई ने प्रतिभाग किया। अध्यक्ष पद पर अवधेश कुमार शर्मा व मंत्री पद पर मो.आबिद निर्विरोध निर्वाचित हुए। इसके अलावा कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष कपिल कुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष बृजेश कुमार बाजपेई, संयोजक रामवचन व धर्मराज आर्या को सदस्य मनोनीत किया गया। सीएमओ डॉ. आलोक कुमार ने निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए निरंतर सरकार व संगठन के हित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कार्यालय के प्रधान सहायक मुन्नालाल वर्मा, कनिष्ठ सहायक राजा बाबू, अंकुर भटनागर, मो.इमरान खान, संजू, इफ्तिखार खां, सुभाष सिंह, रमेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

त्रिवेणी घाट पर गन्ना कॉलेज के एनसीसी छात्रों ने अभियान चलाकर किया सफाई कार्य

जन एक्सप्रेस/पूरनपुर। गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनसीसी एवं एनएसएस के तत्वाधान में घाटमपुर गोमती नदी त्रिवेणी घाट पर सफाई अभियान चलाया गया। छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और गोमती तट को साफ- स्वच्छ किया। यह अभियान महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सुधीर कुमार शर्मा के निर्देशन में चलाया गया। इससे पहले उन्होंने छात्रों को नदियों और पानी के महत्व की जानकारी दी। डा. अर्निका दीक्षित ने कहा कि नदियों के शुद्धिकरण से सभी को शुद्ध जल का लाभ मिल सकता है। उन्होंने स्वच्छता का संदेश दिया और नदियों के संरक्षण के लिए जागरूक किया। शाहिद खान कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस ने नदियों को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए प्लास्टिक की थैलियां, बोतल या अन्य सामग्री नदियों या उनके किनारे नहीं फेंकने की अपील की। सफाई अभियान में डा.पिंदर सिंह, डा. सौरभ सक्सेना, विनोद कुमार सिंह, अंकित गुप्ता, महेंद्र वर्मा, आशीष कंचन सहित एनसीसी कैडेट्स एवं एनएसएस के स्वयंसेवकों शामिल रहे।

शाम को दो ही रोडवेज बसों को मिलेगा नगर में प्रवेश

* चिन्हित किए गए चार स्टैंडों पर खड़े होंगे टेंपो
* रोडवेज बस स्टैंड पर लगाई जाएगी पुलिस

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

पूरनपुर। दोपहर नगर में रोडवेज बसों के प्रवेश से लगने वाली जाम से राहगीरों को निजात मिलेगी। दिन में यातायात अधिक होने के कारण स्टेशन चौराहे पर आने वाली बसों को बंद करा दिया गया।शाम के समय नगर में दो रोडवेज बसों को प्रवेश मिलेगा।असम हाईवे पर बने रोडवेज बस स्टैंड पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए पुलिस पिकेट लगाई जाएगी।
नगर में बेतरतीब तरह से खड़े होने वाले वाहनों के कारण जाम की समस्या से निजात नहीं मिल पा रही है। स्टेशन रोड पर दोपहर में राहगीरों को घंटों जाम में फंसे रहना पड़ता

है।शुक्रवार उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी के प्रतिष्ठान पर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता व पुलिस क्षेत्राधिकार आलोक सिंह भी शामिल हुए। तय हुआ कि दोपहर के समय नगर में प्रवेश कर स्टेशन चौराहे तक पहुंचने वाली रोडवेज बसों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। नगर की सड़कों पर बेतरतीब तरह से खड़े होने वाले टेंपो वाहनों के लिए नगर के चार स्टैंड चिन्हित किए गए।पुलिस क्षेत्राधिकार ने यातायात पुलिस को निर्देशित करते हुए कहा कि चिन्हित स्टैंडों पर ही टेंपो खड़े किए जाएं। शाम के समय स्टेशन चौराहे पर पहुंचने वाली दो रोडवेज बसों को प्रवेश दिया जाएगा। रोडवेज बसें माधोटांडा रेलवे क्रॉसिंग के पास से होकर स्टैंड पर आधा घंटा रुकने के बाद नगर के बाहर से ही वापस निकल जाएगी। व्यापारियों का कहना था कि दिल्ली जाने के लिए शाम के समय असम हाईवे पर बने रोड बस स्टैंड पर जाना पड़ता है। नगर से दूर होने के कारण यात्री भी अपने आप को सुरक्षित समझते हैं। पुलिस क्षेत्राधिकार ने यात्रियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस पिकेट लगाने की बात कही। बैठक में टीएस आई प्रदीप सिंह,अजय खंडेलवाल,नवीन कुमार,हाजी मो जाहिद खां,राजू खंडेलवाल,विजय पाल विक्की आदि मौजूद रहे।

अमरिया क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा'' कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

अमरिया। जनपद के अमरिया ब्लॉक के ग्राम पंचायत बल्लिया के ग्राम सचिवालय परिसर में आयोजित किया गया एलईडी वैन के माध्यम से संकल्प यात्रा के माध्यम से केंद्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाई। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्रामीण लोगों को प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना (ग्रामीण), पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण (स्वामित्व) जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग आदि योजनाओं के बारे में जानकारी दी। खंड विकास अधिकारी संजय कुमार यादव, ग्राम प्रधान परमिंदर सिंह उर्फ प्रिंस, एडीओ कृषि चेतराम, ग्राम पंचायत अधिकारी राम प्रकाश और पंचायत सहायक क्षेत्र पंचायत और ग्राम पंचायत सदस्य क्षेत्र के ग्रामीण लोग मौजूद थें।

फास्ट फॉरवर्ड

आंगनवाड़ी बांसबारी में हॉट कुक्ड योजना का हुआ शुभराम्भ

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। केराकत ब्लॉक के आंगनबाड़ी केंद्र बाँसबारी पर हॉट कुक्ड मिल योजना के शुभारंभ के कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

शुक्रवार को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा मछलीशहर जिला उपाध्यक्ष श्री बृजेश सिंह के द्वारा फीता काटने के पश्चात् बच्चों को तहरी परोस कर किया गया।
बच्चों को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि बृजेश सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के द्वारा प्रत्येक ब्लॉक में आज के दिन आँगनवाड़ी केंद्र पर हॉट कुक्ड योजना का शुभरम्भ किया गया। कार्यक्रम में 3 से 6 वर्ष के सभी बच्चों को ग्राम प्रधान बाँसबारी श्री प्रमोद मौर्य एवं श्री बृजेश सिंह द्वारा मीनू के अनुसार तहरी परोसकर खिलाया गया। इस अवसर पर पुरंजय सिंह,सीडीपीओ बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती निर्मला देवी, सुपरवाइजर श्रीमती शशि कला राय, प्रधानाध्यापक श्री वीरेंद्र प्रताप यादव, बलॉक कोऑर्डिनेटर श्री अंशुमान सिंह यादव, रसोईयां तथा समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ती, सहायिका एवं कई अभिभावक भी उपस्थित रहे।

पंकज सिंह बनाये गये कोटेदार संघ के तहसील अध्यक्ष

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। जनपद जौनपुर के नगर स्थित मंदाकिनी रेस्टोरेंट में ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलरशिप संगठन (कोटेदार संघ) की एक सांगठनिक बैठक जिला अध्यक्ष हरसु सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

उक्त बैठक में मुख्य अतिथि रूप में प्रदेश अध्यक्ष राजेश तिवारी एवं जनपद जौनपुर के कार्यकारी जिला अध्यक्ष दयाशंकर निगम एवं जौनपुर संघ के कोटेदार पदाधिकारी बंधुओ की उपस्थिति में सदर तहसील विकास खंड सिकरारा के चॉदपुर निवासी कोटेदार पंकज कुमार सिंह को कोटेदार संघ का सदर तहसील अध्यक्ष सर्व सहमति से मनोनीत किया गया।

केन्द्रीय मंत्री बताकर फोन पर धौंस जमाने वाला गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। जौनपुर/मछलीशहर। खुद को फोन पर केंद्रीय मंत्री बताकर जिलाधिकारी पर काम कराने के लिए धौस जमाने वाले को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया है।कोतवाली पुलिस ने जिलाधिकारी के स्टेनो की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की है। बुधवार को कलेक्ट्रेट जौनपुर स्थित अपने कार्यालय में जिलाधिकारी जनसुनवाई कर रहे थे। उसी समय उनके सीयूजी मोबाइल पर मो0नं0 से 7479955812 फोन करके मोहम्मद माजिद पुत्र मोहम्मद इस्माइल हाल निवासी सी-201 बिन्दापुर पाकेट-4 नियर मदर डेयरी थाना डाबड़ी जनपद पश्चिमी दिल्ली जो ग्राम घोघा जनपद भागलपुर बिहार का मूल निवासी है, के द्वारा खुद को केन्द्रीय मंत्री जयराम यादव बताते हुए किसी काम को कराने के लिए दो बार फोन किया। घटना के सम्बन्ध में जिलाधिकारी के स्टेनो आदित्यनाथ त्रिपाठी द्वारा बुधवार को थाना मछलीशहर जौनपुर में तहरीर दी गई। जिस पर पुलिस ने धारा 419, 420,353 आई पी सी के तहत अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए उक्त मोबाइल फोन धारक मो0 माजिद को जंघई तिराहा के समीप जयराम नगर कस्बा मछलीशहर जौनपुर से उप निरीक्षक इन्द्रमणी यादव सिपाही धर्मदत्त यादव व सुनील कुमार के साथ जाकर शुक्रवार को दोपहर में सवा बारह बजे गिरफ्तार किया है तथा घटना में प्रयुक्त मोबाइल व सिम बरामद कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है ।

'छात्र-छात्राओं के लिए वरदान साबित होगा फार्मेसी विद्यालय'

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। छात्र-छात्राओं के लिए वरदान साबित होगा फार्मेसी विद्यालय उक्त बातें बदलापुर विधानसभा के ग्राम भलुआही में राजनारायण फार्मेसी कॉलेज के शुभारंभ के अवसर पर प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिभा शुक्ला बतौर मुख्य अतिथि कही श्री शुक्ल ने कहा कि बदलापुर विधानसभा के विकास के लिए रात दिन सोचने वाले विधायक रमेश चंद्र मिश्र प्रदेश सरकार मे रात दिन लगे रहते हैं और बदलापुर विकसित बदलापुर करने में जुटे हैं।

विधायक रमेश चंद्र मिश्रा ने अपने उद्बोधन में श्री शुक्ल का स्वागत करते हुए विद्यालय परिवार को ढेर सारी शुभकामनाएं दिया और बदलापुर को प्रदेश में सबसे आगे ले जाने की बात कही। इस मौके पर पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी, पूर्व प्रत्याशी मनोज सिंह, श्रीमती रीता सिंह, प्रबंधक राजनारायण तिवारी, विपुल तिवारी समेत विद्यालय परिवार व क्षेत्रीय जन मौजूद रहे।

वैदिक मंत्रोच्चारण से सम्पन्न हुआ सामूहिक विवाह

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

सुजानगंज(जौनपुर) क्षेत्र के राष्ट्रीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सुजानगंज में शुक्रवार को स्वर्गीय मुरलीधर पाठक की पुण्यतिथि के अवसर पर 51 जोड़ों का सामूहिक विवाह वैदिक मंत्रोच्चारण से संपन्न हुआ। काशी से आए 51 पंडित विद्वानों ने मंत्रोच्चारण के साथ यह विवाह संपन्न कराया। विवाह के लिए कुल तेरह मंडप बनाए गए थे एक मंडप में चार चार जोड़े बैठाए गए। ढोल नगाड़े बजाकर सभी नव दंपतियों का स्वागत किया गया। नव दंपति जोड़ों को उपहार स्वरूप आलमारी, बेड, पंखा आदि भेंट किया गया। पूरे विद्यालय परिसर को दुल्हन की तरह सजाया गया। आयोजक प्रमोद पाठक ने सभी जोड़ों की आगवानी की। राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा कि इससे पुनीत कार्य कुछ हो नही सकता। ऐसी मान्यता है कि बिना कन्यादान के जीवन सफल नहीं होता लेकिन यहां इक्यावन विवाह संपन्न करवाकर

प्रमोद पाठक ने अपने पिता को सच्ची श्रद्धांजलि दी है। इस प्रकार के आयोजन से सुजानगंज की धरती गौरवान्वित है। विधायक अजगरा टी. राम ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त किया जा सकता है। एक मंडप के नीचे अमीर गरीब, जाति धर्म रहित विवाह कराना पुनीत कार्य है। विधायक सकलडीहा, चंदौली सुशील सिंह ने कहा कि सामूहिक विवाह से क्षेत्र के तमाम लोगों के भार कम हो जायेंगे। गरीबों की लड़की की शादी कराने का जिम्मा अब एक ऐसे नौजवान ने उठाया है जो सभी गरीबों की शादी कराएगा। विधायक शाहगंज रमेश सिंह ने कहा कि इस पुनीत कार्य का साक्षी मैं भी बना इस पर गर्व की अनुभूति हो रही है। इस प्रकार के आयोजन प्रति वर्ष कराया जाय। इससे पुनीत कार्य कुछ हो नही सकता। कार्यक्रम को विधायक बदलापुर रमेश मिश्र, पूर्व विधायक सुषमा पटेल, नगरपालिका अध्यक्ष जौनपुर मनोरमा मौर्य, नगरपालिका अध्यक्ष मुंगरा बादशाहपुर कपिल मुनि गुप्त, सतीश सिंह, पूर्व प्रमुख सजल सिंह, दीनेश मिश्रा समेत अन्य लोगों ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन आनंद त्रिपाठी ने किया।

बारात से लौट रही बोलेरो पेड़ से टकराई

* एक की मौत चार घायल, सभी जिला अस्पताल रेफर, एक का ट्रामा सेंटर में चल रहा इलाज

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

मछलीशहर। जंघई रोड पर ब्लॉक मुख्यालय ताज्जूद्दीनपुर के निकट बारात से लौट रही बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क के बगल पेड़ से टकरा है। टक्कर में जहा एक बराती की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने सभी को एंबुलेंस की सहायता से सी एच सी भेजवाया। जहा से चारो घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। एक घायल का वाराणसी ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा है। गुरुवार को तेजीबाजार थाना क्षेत्र के राजेपुर गांव से मीरगंज थाना क्षेत्र के दाऊदपुर कोटिया गांव में एक बारात गई थी। भोजन करने के बाद

बारातियों से भरी बोलरो वापस लौट रही थी कि ब्लॉक मुख्यालय के निकट नहर के पुलिया के पास अनियंत्रित होकर बगल पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बोलेरों के अगला हिस्सा पूरी तरह से ध्वस्त हो गया। घटना स्थल पर चीख पुकार मच गई। अगल बगल के लोगो ने घटना की सूचना पुलिस को दी। बोलेरो में सवार अंकित 18 वर्ष पुत्र लालबहादुर मौर्य निवासी राजेपुर की जहा मौके पर ही मौत हो गई। वही अमन उपाध्याय 14 पुत्र सुरेंद्र, किशन 15 पुत्र मनोज सरोज, साहिल पुत्र संजय मौर्य, विनीत 22 वर्ष पुत्र बडेलाल गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने सभी को एंबुलेंस से मछलीशहर सी एच सी भिजवाया। जहा चिकित्सक ने अंकित के मौत की पुष्टि कर दी। अंकित के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर जिला अस्पताल शव गृह में रखवा दिया। वही घायल साहिल की हालत गंभीर देख चिकित्स्क ने वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। जहा अभी भी उसका इलाज चल रहा है। मृतक अंकित अपने चार बहनों में तीसरे नंबर का एकलौता चिराग था, अंकित की मौत से पिता बेशुध पड़े है, जबकि मां का रो रो कर बुरा हाल है।

जिले में हो रहे बिभिन्न विकास कार्यों का श्रेय लेने की लगी होड़ बना चर्चा का विषय

* तहशील थानों सरकारी विभागों के पटलों में फैले भ्रष्टाचार पर कोई कुछ नहीं बोलता
* जिले के सदर लोकसभा सभा क्षेत्र से दो आईएएस अधिकारी नेता बनने में लगे

जन एक्सप्रेस । संतोष कुमार दीक्षित

जौनपुर। जिले में जैसे जैसे लोकसभा 2024का चुनाव नजदीक आ रहा है वैसे वैसे सत्तादल से लोकसभा में पहुंचने की मंशा रखने वाले भाजपा नेताओं का क्षेत्र में होने वाले शादी बर्थडे समेत बिभिन्न समारोह में पहुंचना तेज हो गया है और स्थानीय समाचार पत्र के प्रतिनिधियों से प्रेस वार्ता का भी चलन बढ़ता जा रहा है जिससे विपक्ष के नेताओं में खलबली होने के

ए लोग भी सदर लोक सभा से चुनाव लडना चाहते हैं

वर्तमान बसपा सांसद श्याम सिंह यादव पूर्व सांसद भाजपा के पी सिंह, पूर्व सांसद अपनादल हरिवंश सिंह पूर्व विधायक भाजपा हरेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व विधायक भाजपा सुरेंद्र प्रताप सिंह, बदलापुर भाजपा विधायक रमेश चंद्र मिश्र पूर्व छात्र नेता भाजपा मनोज सिंह पूर्व मंत्री सपा शैलेन्द्र यादव ललई, पूर्व विधायक सपाओमप्रकाश दूबे बाबा, पूर्व सांसद जेडीयू धनंजय सिंह पूर्व विधायक कांग्रेस नदीम जावेद।

बजाय खलबली सत्ता दल के जन प्रतिनिधियों नेताओं में ही होने लगी है उसका कारण केन्द्र प्रदेश सरकार द्वारा जिले के विभिन्न विधान सभाओं में हो रहे सड़क पुल पार्क रेल समेत विभिन्न गांवों में हो रहे विकास कार्यों को का श्रेय लेने की होड़ सी मच गई।श्रेय लेने वाले नेता यह भी भूले जा रहे हैं कि आज इस आधुनिक भारत में किसी विधान सभा के विधायक सांसद जन प्रतिनिधि किसी कार्य की मांग विभाग अथवा सरकार के मंत्री से करता है तो पत्र विभाग के पटलो पर पहुंचता नहीं तभी सोशल मीडिया पर वायरल कर देता है और बीच बीच में उक्त कार्य की प्रगति रिपोर्ट शासन अथवा विभाग की स्वीकृति पत्र भी सोशल मीडिया पर वायरल करता रहता है और इसके बाद भी कोई नेता जनता में जाकर भ्रम पैदा करें तो जनता के बीच चर्चा बन ही जाती है और लोगों के बीच टोल भी हो जाता है बहरहाल जिस प्रकार सत्ता दल के नेताओं मे विकास कार्यों का श्रेय लेने की होड़ मची है और सभी आम जनता में शीर्ष नेतृत्व का नजदीकी का दावा कर रहे हैं यदि उसी प्रकार जिले के सरकारी कार्यालयों तहशील थानों पर फैले भ्रष्टाचार जिससे आम जनता रोजाना दो चार हो रहे हैं इसका श्रेय भी कोई नेता लेता और शीर्ष नेतृत्व से बात कर इससे आम जनता को राहत दिलाता । गौरतलब हो कि लोकसभा चुनाव 2024 के पहले जिले की सदर लोकसभा सीट से देश की सबसे बड़ी पंचायत में पहुंचने की मंशा पाल जिले के पूर्व जिलाधिकारी के रुप में कार्य कर चुके दिनेश प्रताप सिंह इन दिनों मां शीतला माता चौकियां का भक्त बताकर एवं कोरोना काल के दौरान किये गये कार्य अथवा अपने कार्यकाल में जिले में हुए विकास कार्यों की गाथा को लोगों के बीच पहुंच कर बता रहे हैं। और अपने कार्यकाल में हुए विकास स्थल पर पहुंच कर कर्मभूमि का सुखद अनुभव साझा कर रहे हैं वहीं दूसरी तरफ प्रदेश के चर्चित युवा आई ए एस अभिषेक सिंह अपने पद से इस्तीफा देकर गणेश उत्सव के बहाने भोजपुरिया तड़का लगाकर एंव फिल्म अभिनेत्री सनी लियोन का जिले में कार्यक्रम कराने का वादा कर जिले के युवाओं के बीच अचानक चर्चा में आने वाले युवा नेता भी लोक सभा पहुंचने की कोशिश में लगे हुए हैं तो वही पूर्व कांग्रेस के नेता पूर्व गृह मंत्री महाराष्ट्र सरकार भाजपा नेता कृपाशंकर सिंह का भी आमद इन दिनों जनपद में बढ़ गया है वह भी जिले के बिभिन्न सामाजिक समारोहों में पहुंच रहे हैं और लोगों के बीच बता रहे कि ज़िले के विकास में लगें हैं और केंद्र प्रदेश सरकारों के शीर्ष नेतृत्व से जिले के विकास की बिभिन्न मांगों का अपना श्रेय बताकर विकास की बयार लाने का दावा कर रहे हैं। वही इन सभी नेताओं के बयानों बढ़ती आमद से बिपक्ष के नेताओ मे खलबली होने के बजाय सत्ता दल के विधायक सांसद नेताओं में दिख रहा है।

कार्तिक पूर्णिमा मेला स्थल व घाटों का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कार्तिक पूर्णिमा मेले को अब मात्र तीन दिन शेष हैं। जिला प्रशासन और कानपुर कमिश्नरेट पुलिस की ओर से कार्तिक पूर्णिमा मेले को सकुशल निपटाए जाने की व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं। बीते दिन शुक्रवार को सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी विशाख जी बिठूर पहुंचे। बिठूर पहुंचकर सर्वप्रथम उन्होंने प्रमुख घाट ब्रह्मावर्त घाट का निरीक्षण किया। जहां पर घाटों पर साफ सफाई रखने, महिलाओं के वस्त्र परिवर्तन कक्ष का निरीक्षण किया। इसके बाद जिलाधिकारी पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के पास मेला स्थल का भी गहनता से निरीक्षण किया। यहां पहुंच कर नगर पंचायत, पीडब्ल्यूडी विभाग, नगर निगम, राजस्व विभाग के अधिकारियों को कार्तिक पूर्णिमा मेले को सकुशल निपटने के निर्देश जारी किए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा की मेले में आए श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो इस बात को सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान एडीएम नागरिक आपूर्ति अजीत कुमार सिंह, एसीएम 6 रितु प्रिया, नायब तहसीलदार सदर रितेश कुमार सिंह, एसीपी कल्याणपुर विकास कुमार पांडे, नगर पंचायत बिठूर अधिशासी अधिकारी प्रवीण कुमार दुबे, बिठूर थाना प्रभारी अतुल कुमार सिंह, लेखपाल प्रतीक कुमार प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

कार्तिक पूर्णिमा मिले में इस बार नहीं लगेंगे झूले

कोई भी मेला हो अगर उसमें झूला ना हो तो मेले का मजा अधूरा हो जाता है। वैसे ही कार्तिक पूर्णिमा मेले में भी हर बार छोटे और बड़े झूले लगा करते थे जो इस बार नहीं लग रहे हैं। कार्तिक पूर्णिमा मेला में झूला ना लगने की वजह से क्षेत्रीय लोगों में काफी रोश है। वही नन्हे मुन्ने बच्चे भी काफी उदास हैं।

संदिग्ध हालात में युवक का शव पड़ोसी किशोरी के घर फंदे से लटका मिला

* हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के बक्शीखेड़ा गांव की घटना
* घर के बाहर मौजूद पुलिस व भीड़

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

हसनगंज कोतवाली क्षेत्र में एक युवक का शव किशोरी के घर में संदिग्ध हालातों में फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। किशोरी का कहना है की युवक उसे अकेला पाकर घर में घुस आया था। कमरे का दरवाजा खोलने का दबाव बनाने के लिए फांसी लगाने की धमकी दे रहा था। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के बक्सी खेड़ा गांव निवासी दीपक (22) पुत्र राम प्रसाद का शव पड़ोस में रहने वाली किशोरी के घर में संदिग्ध हालातों में दुपट्टे के फंदे से लटका मिला। घटना के वक्त किशोरी घर पर अकेली थी। मां की मौत हो चुकी है जबकि पिता खेत पर गए थे। किशोरी का कहना है कि उसे अकेला देख कर दीपक घर में घुस आया। उसने कमरा बंद कर लिया तो युवक दरवाजा खोलने की जिद करते हुए फांसी लगाने की धमकी देने लगा। वह दूसरे दरवाजे से पिता को बुलाने खेत चली गई। वापस आने पर उसका शव फंदे से लटका मिला। मृतक पांच भाई बहन में सबसे बड़ा था। रौनक, नेहा पूजा व पूनम सभी अविवाहित हैं। मृतक की मां फूलकुमारी लुधियाना में काम करती है। पिता व सभी बहने फकरुद्दीन मऊ गांव निवासी बुआ कुसमा के गांव मेला देखने गए थे। दीपक ही घर पर अकेला था। मृतक किशोरी से छेड़छाड़ में तीन माह के लिए जेल भी जा चुका है। हसनगंज कोतवाल राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि युवक का शव संदिग्ध हालातों में खुले कमरे में फंदे से लटका मिला है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

नुक्कड़ नाटक के जरिए पढ़ाया यातायात नियमों का पाठ

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

यातायात माह के तहत चलाए जा रहे जागरुकता अभियान में चंद्रशेखर इंटर कालेज में द्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान नुक्कड़ नाटक आयोजित कर नियमों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही नियमों के पालन की शपथ भी दिलाई गई। प्रभारी यातायात सुनील सिंह ने बताया कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें। 18 वर्ष की आयु से पूर्व वाहन न चलाएं। कालेज परिसर में बच्चों ने एक नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से चालको व अभिभावकों एवं शिक्षकों को यह संदेश दिया गया कि सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा कितना जरूरी है। यदि यातायात नियमों को हम मानेंगे तो हमारा जीवन सुरक्षित रहेगा। कालेज के प्राचार्य मोहम्मद कैफ ने आगंतुकों को प्रतीक चिन्ह देकर उनका आभार प्रकट किया। इसी क्रम में चंद्रशेखर इंटर कालेज के छात्रों द्वारा कानपुर लखनऊ बाईपास में पार्क में आम जनमानस व वाहन चालकों को इकट्ठा कर स्कूली छात्राओं द्वारा यातायात पर एक सुंदर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति की गई। नाटक देखने के पश्चात आम जनमानस ने कालेज के बच्चों द्वारा तैयार किए गए नुक्कड़ नाटक की सराहना की एंव यातायात नियमों का पालन करने की शपथ ली। कार्यक्रम में यातायात प्रभारी सुनील सिंह, उप निरीक्षक तिलक सिंह, मुख्य आरक्षी भूप नारायण, आरक्षी रजत वर्मा, आरक्षी मुकेश राजपूत, परिवार परामर्श केंद्र समिति प्रभारी डॉक्टर आशीष श्रीवास्तव ने सेमिनार में सभी छात्राओं को यातायात संबंधी विस्तृत जानकारी दी।

छेड़छाड़ व मारमपीट के मुकदमे हुए दर्ज

* बिहार थाना क्षेत्र के अलग अलग गांवों में हुई घटनाएं

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

बिहार थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर छेड़छाड़ व मारपीट की घटी घटनाओं को लेकर पीड़ित पक्षों द्वारा की गई शिकायत पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कानूनी कार्यवाही की है। बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम कलानी में महिला के साथ छेड़छाड़ किए जाने की घटना को लेकर पीडिता सुशीला पत्नी अमरपाल ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह 22 नवंबर को अपने गांव से पाटन बाजार जा रही थी। रास्ते में सांझामऊ निवासी आशु पुत्र सीताराम ने उससे छेड़छाड़ की। घटना की शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने छेड़छाड़ सहित जान से मार देने की धमकी की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। वही मारपीट की दूसरी घटना में थाना बिहार क्षेत्र के ग्राम बसंतखेड़ा में शिव नरेश यादव पुत्र शिवरतन द्वारा की गई शिकायत के बाद पुलिस ने प्रधान राकेश यादव, रामनरेश यादव,गोपी यादव, राजेश यादव सहित नामजद चार लोगों के खिलाफ गाली गलौज मारपीट करने तथा जान से मार देने की धमकी देने की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

बाइकों की भिड़ंत में अधेड़ की मौत

* दंपति व बच्चा हुआ घायल

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

पुरवा क्षेत्र के लालाखेड़ा चौराहे पर हुई बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत हो गई जबकि दंपती सहित तीन घायल हो गए। घायलों को नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया गया है। सदर कोतवाली के तालिब सरांय मोहल्ला निवासी मो.आरिफ(55) परिवहन विभाग में संविदा पर बस चालक था। उसका बेटा तालिब दुबई में रहता है। उसके लिए कुछ जरूरी सामान भेजना था। लखनऊ के भदेसुआ से दुबई जा रहे युवक को सामान देकर वापस लौटते समय असोहा-भल्लाफार्म मार्ग पर लालाखेड़ा चौराहे के पास बाइकों में भिड़ंत हो गई। जिसमें मो.आरिफ के साथ दूसरी बाइक सवार मौरावां थाना क्षेत्र के मुसंडी गांव निवासी इमरान(45), उनकी पत्नी केकसा, बेटा रहमान(4) घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस सभी को नवाबगंज सीएचसी ले गई। डॉक्टर ने मो.आरिफ को मृत घोषित कर दिया। दंपती और बच्चे का इलाज चल रहा है। मृतक मो.आरिफ के तीन बेटे और दो बेटियां हैं। पति की मौत से पत्नी बीना और अन्य परिजन बेहाल हैं। पुरवा ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। घायलों का इलाज चल रहा है।

खाना बनाते समय गैस रिसाव से लगी आग, समय रहते पाया गया काबू

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के गांव मंगली खेड़ा में घर मे खाना बनाते समय सिलेंडर में हुए गैस रिसाव से आग लग गयी। आनन फानन लोगों ने आग पर काबू पाया जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के फखरापुर गांव के मजरा मंगलीखेड़ा में गांव निवासी सुनीता पत्नी गोविंद सुबह खाना पका रही थी कि तभी अचानक गैस सिलेंडर से गैस का रिसाव होने लगा और आग लग गई। आग लगने से घर में अफरा तफरी मच गई। गनीमत रहीं की कोई भी व्यक्ति आग की चपेट में नहीं आया। वहीं आसपास के लोगों की मदद से आग पर निजी संसाधनों से काबू पाया गया। पीड़ित के अनुसार आग से दो छप्पर, रजाई, चारपाई, तखत, गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। क्षेत्रीय लेखपाल दीपक गौड़ ने बताया कि आग से हुए नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी है।

बैराज मार्ग पर जगह-जगह बने छोटे बड़े गड्ढे

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव। बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग पर आरओबी का कार्य चल रहा था, जिस कारण दोनों ओर पायलिंग के अलावा अन्य कार्य भी कराये गये हैं। भारी वाहनों के निकलने के कारण इस मार्ग पर कई गड्ढे बन गये हैं। इधर कई बार हुई झामझम बारिश के कारण डामर सड़क पूरी उखड़ गई है और बैराज मार्ग पर जगह-जगह छोटे बड़ गड्ढे बन गये हैं। कई बार गड्ढों में पहिया जाने से ई रिक्शा तक पलट चुके हैं। इतना ही नहीं दोपहिया वाहन सवार गड्ढों के कारण गिरकर चुटहिल हो रहे हैं। वहीं बड़े वाहन भी गड्ढों में फंस जाते हैं। जिससे चंद मिनटों में बैराज मार्ग पर भीषण जाम लग जाता है। जिससे राहगीरों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ रही है।

बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में मासूम समेत चार घायल

जन एक्सप्रेस । नवाबगंज/उन्नाव

असोहा थाना थाना क्षेत्र के कांथा गांव के समीप दो बाइकों की आमने सामने टक्कर हो गई। जिसमें मासूम समेत चार लोग घायल हो गये। 108 एम्बुलेंस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने घायलों को नाजुक हालत के चलते रेफर कर दिया। मौरावां थाना क्षेत्र के मुसन्डी गांव निवासी इमरान पुत्र अयूब 35 वर्ष अपनी पत्नी कहकशा 35 वर्षीय व 7 वर्षीय बेटे रहमान को लेकर बाइक से शुक्रवार दोपहर दवा लेने उन्नाव जा रहा था। इस दौरान कांथा गांव के समीप सामने से आ रहे बाइक सवार आरिफ हुसैन पुत्र हादी हुसैन उम्र करीब 60 वर्ष निवासी तालिब सराय उन्नाव ने बाइक में सामने से टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाइक पर सवाल चार लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायलों को नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने घायलों को नाजुक हालत के चलते रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंचे परिजन इमरान का इलाज कराने किसी निजी अस्पताल ले गए। वहीं आरिफ हुसैन के परिजन इलाज के लिए उसे लखनऊ ले गए।

पुरुषार्थ हैं धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष :राजनंदनी तिवारी

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव

पोनी रोड डॉकतार कॉलोनी में श्री मां गंगा सेवा समिति एवं सनातन परिवार के तत्वावधान में आयोजित श्री राम कथा के दौरान शुक्रवार को कथा वाचिका राजनंदनी तिवारी ने मौजूद श्रोताओं को कथा का रसपान कराया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कि पुरुष को चार लक्ष्य हैं। जिन्हें पुरूषार्थ कहते हैं। यह पुरुषार्थ हैं धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष हैं। धर्म को सिद्धि के लिए दक्ष की कथा का वर्णन किया। कथावाचक ने बताया दक्ष जी शुभ समय विद्वान संतो सिद्ध स्थान पर कथा का आयोजन किया लेकिन दक्ष के मन में शिव जी के प्रति विद्वेष होने के कारण उसे कथा का लाभ नहीं मिला। भरत जी राम को छोड़कर अयोध्या का राजा नहीं बनना चाहते थे। वह भाई के भाई प्रेम का सच्चा उदाहरण समाज को भी देना चाहते थे। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे, श्रीकांत पांडे, वासुदेव शुक्ला, संदीप पांडे, उदित चौरसिया, राजेश शुक्ला, देवी दयाल, बड़े लाल बाजपेई, प्रशांत अवस्थी मौजूद रहे।

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के 8 संविलियन विद्यालय केंद्रों पर हाट कुक्ड मील योजना का शुभारंभ

* गर्मा गरम भोजन बच्चों को परोसा गया।

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो हरिनाथ सिंह

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में उत्तर प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से किया गया। आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को फिर से गर्मागर्म भोजन मिल सकेगा। इसके लिए शुक्रवार को हाट कुक्ड फूड योजना की शुरुआत की गई। इसके तहत 3 से 6 साल के बच्चों को संतुलित आहार दिया दिया जाएगा। तहसील क्षेत्र में हॉट कुक्ड मील योजना के अंतर्गत 8 केंद्र पर गरमा गरम भोजन आंगनबाड़ी केदो के बच्चों को भरोसा गया इस नई व्यवस्था को लेकर रसोइयों ने हाथ खड़े किए उनका कहना है कि इतने छोटे बच्चों को अलग से कैसे भोजन बना पाएंगे और उसका भुगतान हमको कैसे मिलेगा वहीं पर संविलियन विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि इससे हमारी व्यवस्था गड़बड़ हो जाएगी छोटे-छोटे बच्चे को बार-बार इस व्यवस्था में शामिल करना कठिन हो जाएगा बिल्हौर विकासखंड के राजेपुर संविलियन विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि जो व्यवस्था हमारी चल रही हैं उसमें अवरोध आ जाएगा पहले जिस तरह से आंगनबाड़ी केंद्र संचालिका अपना घर से बनाकर भोजन बच्चों को गरमा गरम खिलातीं थी वही व्यवस्था ज्यादा बेहतर रहेगी। बिल्हौर विकासखंड के राजेपुर, गोहलियापुर, चौबेपुर विकासखंड के चौबेपुर कला व महाराजपुर, शिवराजपुर विकासखंड के मानाताला व मानपुर, ककवन विकासखंड के जमालपुर व हालामऊ के केन्द्र पर जो संविलियन विद्यालयों में शुभारंभ हुआ बिल्हौर ब्लाक प्रमुख मनोरमा कठेरिया के साथ सीडीपीओ रुचि वर्मा और सुपरवाइजर कार्यकर्तियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों को फूलमाला और तिलक लगाकर भोजन कराया राजेपुर संविलियन विद्यालय में सीडीपीओ रूचि वर्मा नहीं पहुंची इस संबंध में जब फोन पर संपर्क कर जानना चाहा कि कारण क्या रहा लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। सुपरवाइजर ऊषा पाठक अवकाश पर थी। शिवराजपुर विकासखंड मे योजना का शुभारम्भ प्रधान सर्वेश कुमार वर्मा ने ग्राम सभा मानपुर के आंगनबाडी केंद्र पर दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ। ग्राम प्रधान सर्वेश कुमार ने बताया कि इसका मेन्यू माध्याह्न भोजन की ही तरह का होगा। इसके लिए ग्राम प्रधान एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का संयुक्त खाता खोला गया और प्रत्येक लाभार्थी साढ़े चार रुपये का भुगतान किया जाएगा। योजना का संचालन आगंबाडी केंद्रों पर होगा। भोजन बनाने के लिए रसोईयो और भोजन आगंबाडी केंद्र पर पहुंचाने के लिए अलग से धनराशि की व्यवस्था की गई है। योजना जनपद के सभी लगभग समस्त आगंबाडी केंद्र पर शुरू की गई है। मानपुर प्राथमिक विद्यालय में 40 बच्चों को भोजन कराया गया। सर्वेश कुमार प्रधान मानपुर, बिमल चंद्र पाल प्रधान शाहपुर कामा, पिंटू यादव प्रधान निशोंन, सुपर वाइजर कुसुम सैनी, मनोज पाल, रेखा वर्मा शिक्षा मित्र श्रीमती देवी,अनीता देवी आदि अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना: 431 जोड़ों ने फेरे लेकर सात जन्मों तक साथ निभाने का एक दूसरे को दिया वचन

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

जनपद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत 431 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया जिसमें विधानसभा सदर में 49, विधानसभा भगवंत नगर में 40, विधानसभा पुरवा में 74, विधानसभा मोहान में 89, विधान सभा सफीपुर में 52 एवं विधानसभा बांगरमऊ में 127 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। विधानसभा सदर क्षेत्र में विधायक पंकज गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्षा स्वेता मिश्रा ब्लॉक उपजिलाधिकारी सदर, जिला समाज कल्याण अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी सिकंदरपुर सिरोसी विधानसभा पुरवा में ब्लॉक प्रमुख हिलौली, बिछिया पुरवा एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति, उपजिलाधिकारी पुरवा, उपकृषि निदेशक,खण्ड विकास अधिकारी पुरवा हिलौली, असोहा बांगरमऊ में माननीय विधायक श्रीकांत कटियार, ब्लॉक प्रमुख गंजमुरादाबाद, बांगरमऊ, उपजिलाधिकारी बांगरमऊ, जिला पंचायत राज अधिकारी, सफीपुर में माननीय विधायक बंबालाल दिवाकर, उपजिलाधिकारी सफीपुर, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी सफीपुर, फतेहपुर चौरासी मोहान में विधायक ब्रजेश रावत, उपजिलाधिकारी हसनगंज, जिला विकास अधिकारी, उन्नाव, खण्ड विकास अधिकारी हसनगंज, मियागंज एवं अन्य अधिकारी गण एवं भगवंत नगर में जिला पंचायत अध्यक्षा उपजिलाधिकारी बीघापुर, उपायुक्त श्रम रोजगार मनरेगा, खण्ड विकास अधिकारी बीघापुर, सुमेरपुर एवं अन्य अधिकारी गणों द्वारा नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया गया।

'विकसित भारत संकल्प यात्रा'' आधारित विशेष वैन को विधायक ने दिखाई हरी झंडी

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

आजादी की 100वीं वर्षगाठ 2047 तक भारत को विकसित बनाने की दिशा में ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' एक महत्वपूर्ण कड़ी है। सरकार की योजनाओं के संतृप्तीकरण हेतु आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी के निर्देशन में ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' आधारित विशेष वैन को अपने पूर्व निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार विधायक बृजेश रावत द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसके अंतर्गत आज हसनगंज की दो ग्राम पंचायत आवागोझा और कोडरा लखौरा में कार्यक्रम बैन द्वारा प्रधानमंत्री जी का संदेश प्रसारित किया गया तथा जिला विकास अधिकारी संजय पांडेय द्वारा संकल्प/शपथ दिलाई गयी। इस दौरान परियोजना निदेशक कमलेश कुमार द्वारा कार्यक्रम के बारे में लोगों को विस्तृत जानकारी दी गयी।उप निदेशक कृषि मुकुल तिवारी द्वारा कृषि विभाग की समस्त योजनाओं और ड्रोन का सजीव प्रसारण किया गया साथ ही सहकारिता, उज्जवला योजना, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड और ग्राम विकास द्वारा 10 -10 लाभार्थियों, शेयर होल्डर को प्रमाण पत्र और कार्ड वितरित किए गए। दोनों ग्राम पंचायतों में आयोजित इस कार्यक्रम में किसानों द्वारा बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया गया और योजनाओं के बारे जानकारी प्राप्त की गयी।

टोल प्लाजा से पुलिस ने दबंगई दिखाकर फास्ट टैग लगाने वाले युवकों को पकड़कर थाने बैठाया

* टोल प्लाजा के समीप के प्रधान व प्रबंधन की सांठगाठ के चलते स्थानीय गुर्गों के नहीं जम पा रहे हैं पांव।

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के थाना शिवराजपुर अंतर्गत दरिया नेवादा टूल प्लाजा पर आए दिन विवादो को लेकर टोल प्लाजा चर्चा में रह रहा है। गुरुवार को टोल पर फास्ट टैग लगाने वाले आधा दर्जन से अधिक युवकों को पुलिस पकड़कर थाने लाई थी जहा उनसे पूछताछ कर छोड़ दिया गया था। फास्ट टैग लगाने वाले अनुज पाल, रामजी रैदास प्रदीप पाल अजय पाल शिवम रैदास लौकुष ठाकुर आदि युवक टोल प्लाजा पर गाड़ियों में फास्ट टैग लगाकर रोजमर्रा से पांच सौ से आठ सौ रुपए कमाते है फास्ट टैग लगाने वाले सभी युवकों का आरोप है की टूल मैनेजर प्रवीण राठौर व प्रधान को कई दिनों से वसूली की रकम नहीं दे रहे थे जिसके कारण गुरुवार को सुबह थाने की फोर्स ने टोल प्लाजा पर पहुंचकर फास्ट ट्रैक लगाने वाले युवकों का सामान मोबाईल (केनओपी छतरी) फाड़कर जबरन पकड़कर थाने लाई थी जहा उनसे पूछताछ कर छोड़ दिया गया था

क्या कहा जिम्मेदारों ने

थाने के वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजेश जादौन ने बताया की उच्च अधिकारियों के निर्देश पर टोल प्लाजा पर से फास्ट टैग लगाने वाले आधा दर्जन युवकों को पुलिस थाने बुलाकर लाई थी जिनके नाम से रजिस्ट्रेशन है उनका फॉर्म जमा किए गया अन्य युवकों का रजिस्ट्रेशन है किंतु मैनेजर से वेरी फाइड न होने से उनको सख्त चेतवानी दी गई है साथ ही एनएचआई अधिकारियों को इसकी सूचना देकर आगे की कार्यवाही के लिए बोल दिया गया है टोल मैनेजर ने बताया की उनपर लगने वाले आरोप निराधार है टोल प्लाजा मैनेजर प्रवीण राठौर ने जानकारी दी की कई दिनों पहले टोल नाका के पास डीजल चोरी मोबाइल चोरी आदि की घटनाएं बढ़ रही थी जिसकी लिखित शिकायत एनएचआई अधिकारियों से की गई थी उसी के आधार पर पुलिस अपना कार्य कर रही है गाईडलाइन अनुसार टोल प्लाजा से 500 मीटर हटकर फास्ट टैग लगाया जाता है किंतु कई लोगो ने टोल प्लाजा से मात्र 20 मीटर की दूरी पर फास्ट टैग लगाना शुरू कर दिया है जिससे वाहनों के कारण काम की समस्या उत्पन्न होती है। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि टोल प्लाजा पर जो रिचार्ज कर रहे हैं उनके द्वारा की हुई गाड़ियों से फास्ट टैग नहीं कट रहा है जिसकी शिकायत गाड़ी मालिकों ने की थी जिसके चलते सभी की जांच और आईडी आदि पूर्ण कराकर वहां पर बैठाला गया है अन्य कोई अगर वहां करता है रिचार्ज तो उनको वहां से हटाया गया है मारपीट नहीं हुई है।

बिजली फाल्ट ढूंढने के लिये मरहला चौराहे के पास से जांच शुरू

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव। सरैयां स्थित विद्युत सब स्टेशन से शक्ति नगर को जाने वाली भूमिगत एचटी लाइन में फाल्ट हो गया था। जिस कारण बिजली विभाग किसी तरह क्षेत्र की आपूर्ति करा रहा था, इधर कई दिनों से भूमिगत पड़ी लाइन में फाल्ट होने के कारण बिजली विभाग को परेशानी उठानी पड़ी रही थी। जिस पर शुक्रवार को विभाग ने लखनऊ से लोकेटर मशीन मंगाई। जहां सुबह ग्यारह बजे से फाल्ट ढूंढने के लिये मरहला चौराहे के पास से जांच शुरू की गई। इस दौरान राजधानी मार्ग पर आर्य नगर के सामने फाल्ट मिला। जिसके बाद बिजली कर्मियों ने फाल्ट की मरम्मत का कार्य शुरू किया। कार्य के चलते शक्ति नगर की सुबह से दोपहर तक बिजली गुल रही। बिजली न आने से लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी।

राजोरी-पुंछ में 20 से 25 आतंकी सक्रिय

दहशतगर्दों में रिटायर्ड पाक सैनिक भी: उपेन्द्र द्विवेदी उत्तरी सेना प्रमुख

लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी जम्मू में राजोरी मुठभेड़ के बलिदानियों को पुष्पांजलि अर्पित करने पहुंचे थे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

उत्तरी सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने शुक्रवार को कहा कि सीमा पार से भारत में आए कुछ आतंकवादी सेवानिवृत्त पाकिस्तानी सैनिक भी हैं। उनके अनुमान के मुताबिक, राजोरी और पुंछ के साथ लगते इलाकों में अभी भी 20 से 25 आतंकवादी सक्रिय हो सकते हैं। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी जम्मू में राजोरी मुठभेड़ के बलिदानियों को पुष्पांजलि अर्पित करने पहुंचे थे। इस दौरान मीडिया से रूबरू होते हुए उन्होंने ये बातें कहीं। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ने कहा, हमने मुठभेड़ में अपने पांच बहादुर सैनिकों को खो दिया, लेकिन दो खूंखार आतंकवादियों को भी मार गिराया है। हमारे जवानों ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना देश की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। दो खूंखार आतंकवादियों के मारे जाने से आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र और पाकिस्तान को एक बड़ा झटका लगा है। दोनों आतंकवादी ढांगरी, कंडी और राजोरी में निर्दोष नागरिकों की हत्या में शामिल थे। उनका खात्मा ऑपरेशन में शामिल संयुक्त बल टीम के लिए प्राथमिकता थी।

कुछ आतंकियों की पहचान सेवानिवृत्त पाकिस्तानी सैनिकों के तौर पर हुई

उत्तरी कमान प्रमुख ने कहा कि पिछले साल इन क्षेत्रों में आतंकवादी घटनाओं में 10 नागरिकों की जान चली गई। हमें स्थानीय स्रोतों से कुछ आतंकवादी ठिकानों के बारे में जानकारी मिली। वे ढांगरी हमले में भी शामिल थे। साथ ही एलओसी पार करके देश में दाखिल हुए कुछ आतंकवादियों की पहचान सेवानिवृत्त पाकिस्तानी सैनिकों के रूप में हुई है। राजोरी मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने लश्कर-ए-तैयबा के एक टॉप कमांडर कारी समेत दो को मार गिराया है। कारी बहु प्रशिक्षित होने के साथ ही स्नाइपर भी था। सेना ने आगे बताया कि मुठभेड़ स्थल से बड़ी मात्रा में हथियार बरामद हुए हैं। माना जाता है कि कारी ने कई हमलों को अंजाम दिया था, जिसमें ढांगरी दोहरा आतंकी हमला भी शामिल था। दोनों आतंकियों का खात्मा इन जिलों में आतंकवाद को बढ़ावा देने के मंसूबे पालने वालों के लिए तगड़ा झटका है।

बखूबी प्रशिक्षित थे दोनों आतंकी, पाक और अफगान में ले रखी थी ट्रेनिंग

उत्तरी कमान प्रमुख ने कहा कि आतंकियों ने पाकिस्तान और अफगानिस्तान सहित कई देशों में प्रशिक्षण प्राप्त किया होगा। वे बहुत अच्छी तरह से प्रशिक्षित थे। यही कारण है कि हमें उन्हें खत्म करने में कुछ समय लगा। हमारे जवान साहस के साथ लड़े। लांस नायक संजय बिष्ट ने उन्हें सात दिनों के भीतर खत्म करने का वादा किया था। बेंगलुरु में कैप्टन एमवी प्रांजल के पिता ने जिस तरह बताया कि परिवार उनसे आतंकियों के खात्मे की खबर सुनने का इंतजार कर रहा था। इसके बजाय उन्हें अपने बेटे की वीरगति को प्राप्त करने की खबर मिली। उनकी ये बातें हमारे सैनिकों को सभी बाधाओं के बावजूद अपने मुख्य कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रेरित करती रहेगी। उन्होंने कहा कि चूंकि राजोरी और पुंछ राजमार्ग के माध्यम से देश के बाकी हिस्सों से जुड़ा हुआ है इसलिए वहां अधिक आतंकवादियों के छिपे होने की बहुत अधिक संभावना है।

आम जनता की परेशानी दूर करने के लिए नए तरीके खोजें नौकरशाह: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सिविल सेवकों से कहा है कि नौकरशाहों से आम जनता से जुड़ी परेशानी दूर करने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने ब्यूरोक्रेसी में नवाचार का आह्वान करते हुए कहा, देश की जनता की परेशानी दूर करने के लिए लोगों की शिकायतों पर तुरंत प्रतिक्रिया देनी होगी। ऐसा करना सिविल सेवकों का कर्तव्य है। राष्ट्रपति भवन में प्रशिक्षु सिविल सेवा पदाधिकारियों से मुलाकात के दौरान द्रौपदी मुर्मू ने कहा, नौकरशाहों को आने वाले दिनों में देश के नागरिकों के लिए लाभकारी और नवोन्मेषी उपाय अपनाने होंगे। देश में सबसे प्रतिष्ठित और कठिन मानी जाने वाली- सिविल सेवा परीक्षा पास करने के बाद प्रशिक्षु अधिकारियों का समूह राष्ट्रपति से मुलाकात करता है। युवा सिविल सेवा अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं को लेकर जनता की प्रतिक्रिया को अहम करार दिया। उन्होंने कहा कि प्रशासन को कुशल और जवाबदेह बनाने में जनता की राय बेहद अहम मानी जाती है। उन्होंने कहा, आम जनता अब सोशल मीडिया पर अपनी शिकायतें तुरंत पोस्ट कर सकती है। इस चुनौतीपूर्ण माहौल में आम लोगों तक सरकारी सेवाओं का लाभ पहुंचे, लाभार्थियों के बीच वितरण और शिकायतों के निवारण के दौरान उपकरणों और उन्नत तकनीक का उपयोग किया जाए, इसकी जरूरत कई गुना बढ़ गई है। गौरतलब है कि राष्ट्रपति से मुलाकात करने वाले प्रशिक्षु अधिकारी गुरुग्राम में हरियाणा इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में कोर्स कर रहे हैं। देश-प्रदेश में सुशासन से जुड़ी चुनौतियों से निपटने पर केंद्रित 98वां विशेष फाउंडेशन कोर्स कराया जा रहा है।

सिविल सेवक ऊर्जावान और जागरूक

राष्ट्रपति मुर्मू ने ट्रेनी आईएएस-आईपीएस अधिकारियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा, सिविल सेवक ऊर्जावान और जागरूक हैं। ऐसे में आम लोगों की शिकायतों और समस्याओं पर तुरंत प्रतिक्रिया और उनका समाधान सिविल सेवकों का कर्तव्य है। राष्ट्रपति ने कहा, जिले या राज्य के शीर्ष अधिकारियों के रूप में नौकरशाहों को ऐसे नवीन उपाय करने चाहिए जो कम समय के साथ-साथ लंबी अवधि में भी देश के नागरिकों के लिए फायदेमंद हों।

आज देश-दुनिया में नवीनतम तकनीकों की भरमार

उन्होंने कहा, आज देश-दुनिया में नवीनतम तकनीकों की भरमार है। इलेक्ट्रॉनिक गवर्नेंस, स्मार्ट गवर्नेंस, प्रभावी गवर्नेंस जैसे तमाम शब्द नागरिकों को तेज और कुशल सेवा की गारंटी का आभास कराते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि सुशासन नागरिक-केंद्रित शासन का भी प्रतीक है, यानी इसके केंद्र में सबसे पहले जनता के बारे में नीतियां बनाई जाती हैं। इन दिनों सरकार की विभिन्न योजनाएं और परियोजनाएं आम जनता को सीधे तौर पर प्रभावित करती हैं। ऐसे में आम जनता की प्रतिक्रिया से जवाबदेही तय होती है।

भारत के नागरिक देश की विकास यात्रा में सक्रिय भागीदार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अनुसार, देश भर में तैनात सिविल सेवक भारत की एकता और अखंडता को मजबूत रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि देश के समावेशी विकास के लक्ष्य को प्राप्त करना सिविल सेवकों का कर्तव्य है। भारत के नागरिक देश की विकास यात्रा में सक्रिय भागीदार हैं। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र के साथ-साथ गैर-सरकारी क्षेत्र में भी नागरिकों समेत तमाम हितधारकों का सहयोग जरूरी है। ऐसा करके ही विकसित भारत का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

नौकरशाही का मकसद देश की सेवा

राष्ट्रपति ने देश के प्रति कर्तव्य की याद दिलाते हुए कहा, आपको हमेशा याद रखना चाहिए कि नौकरशाही का मकसद देश की सेवा है। देश सेवा सिविल सेवकों का प्रमुख लक्ष्य होना चाहिए। अपने व्यक्तिगत लक्ष्यों को देश के समग्र लक्ष्यों के साथ जोड़ना चाहिए। सबके विकास की इस यात्रा में सिविल सेवकों को चुनौतियों का सामना करने और उन्हें अवसरों में बदलने के लिए हमेशा तैयार रहना होगा।

भरोसे का पुल है भारत और ऑस्ट्रेलिया की बातचीत: विदेश मंत्री एस जयशंकर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारत-ऑस्ट्रेलिया लीडरशिप डायलॉग को संबोधित करते हुए भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा इस बातचीत का उद्देश्य समान सोच वाले देशों के बीच विश्वास और सहयोग बढ़ाना है। बता दें कि भारत ऑस्ट्रेलिया के बीच की इस बातचीत की थीम ब्रिज ऑफ भरोसा (भरोसे का पुल) है। भारत ऑस्ट्रेलिया के बीच हुई इस बातचीत में एक दूसरे के प्रति विश्वास बढ़ाने, मुक्त, शांत और समृद्धि हिंद प्रशांत महासागर बनाने पर फोकस किया गया। इस बातचीत के छठे संस्करण का आयोजन वर्चुअली किया गया। जिसमें अपने संबोधन में विदेश मंत्री ने कहा कि भारत-ऑस्ट्रेलिया डायलॉग इस मुश्किल दुनिया में समान सोच वाले देशों जैसे भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच का भरोसा और विश्वास है। जिसका उद्देश्य अन्य सहयोगी देशों के साथ मिलकर हिंद प्रशांत महासागर को मुक्त, समावेशी और संपन्न बनाए रखना है।

दोनों देशों में विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ रहा सहयोग

विदेश मंत्री ने कहा कि दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए द्विपक्षीय ढांचे के तहत दोनों देशों के विदेश मंत्रियों बातचीत हो रही है। साथ ही टू प्लस टू बातचीत के तहत रक्षा मंत्रियों और विदेश मंत्रियों के बीच बातचीत हो रही है। वाणिज्य मंत्रियों, शिक्षा और स्किल काउंसिल, सीईओ फोरम और अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में साझेदारी की गई है। विदेश मंत्री ने बताया कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रक्षा के साथ ही साइबर सुरक्षा और अहम तकनीक, व्यापार, विज्ञान, शिक्षा जैसे क्षेत्रों में भी सहयोग बढ़ रहा है। विदेश मंत्री ने दोनों देशों के संबंधों में क्रिकेट की अहमियत का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आईपीएल में कई ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेटर्स को खेलते देखना सुखद रहा। इससे पहले विदेश मंत्रियों के स्तर की बातचीत के लिए ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री भारत दौरे पर थीं।

हरियाणवी बोली को प्रमोट करेंगे नीरज चोपड़ा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पानीपत

ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा हरियाणवी बोली को प्रमोट करेंगे। हरियाणवी बोली को कैसे मान सम्मान दिलवाए जाए, कैसे युवा अपनी बोली पर गर्व महसूस करे, इन सब मुद्दों को लेकर नीरज अपने गांव खंडरा (पानीपत) में 26 नवंबर को संस्कृति स्कूल में प्रेस कॉन्फ्रेंस करने जा रहे हैं। नीरज ने कहा कि वे गांव में पैदा हुए हैं। गांव में पले बढ़े हैं, इसलिए बोलियों की क्रांति की इस प्रेस वार्ता को भी वे अपने गांव में ही करना चाहते हैं। नीरज ने कहा कि घर और गांव में हम अपनी बोली में बात करते हैं। अपने सुख-दुख एवं अन्य भावनाएं हम अपनी बोली में प्रदर्शित करते हैं, लेकिन शहर में हम इसे बोलने में हिचकिचाते हैं। नीरज ने कहा की भले ही बोलियों का कोई व्याकरण नहीं है, लेकिन किस्से, कहानियां, लोक कथाएं सब बोलियों का अभिन्न अंग हैं।

बंदूक की नोक पर मांग भरना शादी नहीं: पटना हाईकोर्ट

पटना हाईकोर्ट ने पकड़ौआ विवाह को अमान्य बताया,10 साल पहले सेना के जवान की जबरन शादी हुई थी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

किसी महिला की मांग में जबरन सिंदूर लगाना हिंदू कानून के तहत विवाह नहीं है। हिंदू विवाह तब तक वैध नहीं है, जब तक वह स्वैच्छिक न हो और सप्तपदी (दूल्हा और दुल्हन द्वारा पवित्र अग्नि के चारों ओर फेरे लेने) की रस्म के साथ न हो। पटना हाईकोर्ट के जस्टिस पीबी बजंथ्री और जस्टिस अरुण कुमार झा ने 10 साल पहले हुए एक पकड़ौआ विवाह के मामले की सुनवाई करते हुए ये बातें कहीं। नवादा जिले के एक जवान की याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने पकड़ौआ विवाह को अमान्य बताया। 10 नवंबर को कोर्ट में इस मामले पर सुनवाई हुई थी। गुरुवार को इसका ऑर्डर जारी हुआ है। याचिकाकर्ता रविकांत सेना में सिग्नलमैन थे। लखीसराय में बंदूक के बल पर 10 साल पहले उनकी जबरन शादी करा दी गई थी। उनसे जबरन दुल्हन की मांग में सिंदूर लगाने के लिए मजबूर किया गया था। कोर्ट ने कहा कि प्रतिवादी दुल्हन यह साबित करने में विफल रही कि सप्तपदी का मौलिक अनुष्ठान कभी पूरा हुआ था। कथित विवाह कानून की नजर में ये अमान्य है। कोर्ट ने विवाह रद्द करते हुए कहा- हिंदू मैरेज एक्ट के मुताबिक, विवाह तब पूर्ण नहीं माना जाता, जब तक पवित्र अग्नि का दूल्हा-दुल्हन फेरे नहीं लेते। इसके विपरीत, यदि सप्तपदी नहीं है तो शादी पूरी नहीं मानी जाएगी।

मंदिर घूमने गए थे, बंदूक के बल पर अपहरण फिर शादी

याचिकाकर्ता रविकांत अपने चाचा के साथ 30 जून 2013 में लखीसराय में अशोक धाम मंदिर गए थे। उसी दौरान बंदूक के बल पर कुछ लोगों ने अपहरण कर लिया था। इसके बाद उन्हें उसी दिन प्रतिवादी लड़की को सिंदूर लगाने के लिए मजबूर किया गया। इसके बाद रविकांत के चाचा ने जिला पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की। लेकिन,असफल रहे। इसके बाद याचिकाकर्ता ने लखीसराय के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत के समक्ष एक आपराधिक शिकायत दायर की। रविकांत ने अपनी जबरन शादी को रद्द करने के लिए फैमिली कोर्ट भी गए थे। 27 जनवरी, 2020 को उसकी याचिका खारिज कर दी। इसके बाद उन्होंने पटना हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट के जस्टिस पीबी बजंथ्री ने कहा कि पारिवारिक अदालत के निष्कर्ष त्रुटिपूर्ण थे। उन्होंने इस तथ्य पर आश्चर्य व्यक्त किया कि दुल्हन की ओर से मौखिक साक्ष्य देने वाले पुजारी को सप्तपदी के बारे में कोई जानकारी थी। पुजारी उस स्थान के बारे में बताने में भी सक्षम नहीं था, जहां दुल्हन के संस्कार किए गए। उसे ये तक नहीं पता कि ये शादी कहां करवाई गई थी।

दुनिया एक परिवार, सभी को आर्य बनाएंगे: भागवत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बैंकॉक

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत वर्ल्ड हिंदू कांग्रेस में हिस्सा लेने बैंकॉक गए हुए हैं। यहां उन्होंने शुक्रवार 24 नवंबर को कहा कि दुनिया एक परिवार है। हम सभी को आर्य यानी एक संस्कृति बनाएंगे। हालांकि, संस्कृति शब्द काफी नहीं है, एक बेहतर दुनिया के लिए मुझे संस्कृति कहना होगा। अनुशासन का पालन करने के लिए भारत के सभी संप्रदायों को शुद्ध करने की जरूरत है। संघ प्रमुख ने यह भी कहा कि हिंदू परंपराओं में भले ही कुछ मतभेद हों, लेकिन ये धर्म का अच्छा उदाहरण पेश करती हैं। हम हर जगह जाते हैं, सबके दिल को छूने की कोशिश करते हैं, कुछ लोग राजी होते हैं तो कुछ राजी नहीं भी होते, लेकिन फिर हम सभी से जुड़ते हैं। वर्ल्ड हिंदू कांग्रेस का आयोजन हर चार साल में होता है। वर्ल्ड हिंदू फाउंडेशन ने इस बार कार्यक्रम को थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में ऑर्गनाइज किया है। 24 नवंबर को शुरू हुआ प्रोग्राम 26 नवंबर तक चलेगा। भागवत के मुताबिक, हम धर्म विजय पर भरोसा करते हैं। इसी पर हमारा धर्म टिका हुआ है। यह प्रक्रिया धर्म नियम पर आधारित है और इसी के फलस्वरूप धर्म हमारे लिए कर्तव्य बन जाता है। हमने धन विजय और असुर विजय का भी अनुभव किया है। धन विजय के मायने वस्तुओं से मिलने वाली खुशी से है, लेकिन इसमें इरादे ठीक नहीं होते। यह आत्मकेंद्रित होने जैसा है। देश ने 250 साल तक (अंग्रेजों की) धन विजय देखी। असुर विजय यानी अन्य समुदायों के लिए अग्रेशन का भाव रखना। उन्होंने (मुस्लिमों ने) 5200 साल शासन किया। इससे हमारी धरती पर तबाही मच गई थी। वर्ल्ड हिंदू फाउंडेशन के प्रमुख और वर्ल्ड हिंदू कांग्रेस के चीफ ऑर्गनाइजर स्वामी विज्ञानानंद ने कहा, हमने अयोध्या से प्रसाद बुलवाया है।

संजय सिंह की ज्यूडिशियल कस्टडी 4 दिसंबर तक बढ़ी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली शराब घोटाला केस में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की ज्यूडिशियल कस्टडी 4 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है। इससे पहले संजय को 10 नवंबर को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया था। जहां उनकी कस्टडी 24 नवंबर तक बढ़ाई गई थी। दिल्ली शराब घोटाला केस में संजय सिंह 52 दिन से हिरासत में हैं। ईडी ने संजय सिंह को 4 अक्टूबर को अरेस्ट किया था। 5 अक्टूबर को कोर्ट ने उन्हें 10 अक्टूबर तक रिमांड पर भेजा था। 10 अक्टूबर को संजय सिंह की रिमांड और 3 दिन के लिए बढ़ा दी गई। फिर 13 अक्टूबर को कोर्ट ने उन्हें 27 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। इसके बाद उनकी ज्यूडिशियल कस्टडी 10 नवंबर तक बढ़ा दी गई थी। बाद में कस्टडी 24 नवंबर तक कर दी गई।

स्कूल मर्जर मॉडल देशभर में होगा लागू, नीति आयोग ने सिफारिश की

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

देशभर में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए मध्य प्रदेश का 'एक शाला-एक परिसर' मॉडल देशभर में अमल में लाया जा सकता है। नीति आयोग ने सभी राज्यों से इसकी सिफारिश की है। इसमें कहा गया है कि जिन स्कूलों में 50 से कम छात्र हैं, उनका बड़े स्कूलों में विलय करना चाहिए। शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए भर्तियों की भी सिफारिश की गई है। स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के मकसद से नीति आयोग ने 2017 में स्थ्न- श्व (सस्टेनेबल एक्शन फॉर ट्रांसफॉर्मिंग ह्यूमन कैपिल-एजुकेशन) प्रोजेक्ट शुरू किया था। इसे तीन राज्यों मध्य प्रदेश, झारखंड और ओडिशा में लागू किया गया। देश में 10 लाख से अधिक शिक्षकों की कमी है। इसे दूर करने के लिए 50 से कम छात्रों वाले स्कूलों का विलय हो। कई राज्यों में शिक्षकों के 30-50त्न पद रिक्त हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की अधिक कमी है। शिक्षक भर्ती को प्राथमिकता देनी होगी। कम दूरी वाले स्कूलों को एकीकृत कर बड़े स्कूलों के रूप में विकसित करें। परिवहन सुविधा से छात्रों की पहुंच बेहतर करें। ब्लॉक लेवल तक ऐसी प्रणाली बनाएं, जहां शिक्षकों के साथ बड़े अफसर भी हर स्तर पर जवाबदेही महसूस करें। स्कूल शिक्षा में मध्यप्रदेश की 2017 में 17वीं रैंक थी। अब पांचवीं है, चार साल में प्रदेश ने 12 रैंक की छलांग लगाई। यह सबकुछ एक शाला-एक परिसर के तहत हुआ। शाला दर्शन के तहत अफसरों से स्कूलों के इन्फ्रा और शिक्षा की मॉनीटरिंग कराई। स्कूल से फोटो भेजना अनिवार्य किया गया। जिसका असर भी दिखा।

एमपी के 35 हजार स्कूलों का 16 हजार स्कूलों में विलय

प्रोजेक्ट के तहत एक किमी के दायरे में आने वाले मध्य प्रदेश के 35 हजार स्कूलों का 16 हजार स्कूलों में विलय कर दिया गया। नतीजतन 55 फीसदी स्कूलों में प्रिंसिपल की कमी दूर हो गई। इससे पहले मध्य प्रदेश के सिर्फ 20 फीसदी स्कूलों में ही प्रिंसिपल थे। इस प्रयोग से बच्चों की संख्या भी बढ़ी और ड्रॉप आउट भी कम हुआ। यही नहीं, हर अधिकारी पर कम से कम 4 स्कूलों की निगरानी का भार कम हुआ। अब मध्य प्रदेश ने 53,651 एक परिसर वाले स्कूलों का 24,667 स्कूलों में विलय करने की योजना बनाई है। नीति आयोग ने राज्यों से मिली इस तरह के सुझावों को अब देशभर में लागू करने की सिफारिश की है।

कलकत्ता हाईकोर्ट ने भाजपा की रैली को मिली मंजूरी रखी बरकरार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता

कलकत्ता हाईकोर्ट ने अपनी एकल जज वाली पीठ के फैसले को बरकरार रखते हुए भाजपा को कोलकाता के धर्मतला में रैली करने की मंजूरी दे दी। यह रैली 29 नवंबर को कोलकाता के विक्टोरिया हाउस के नजदीक होगी। बता दें कि इसी जगह पर सत्ताधारी टीएमसी हर साल अपना शहीदी दिवस कार्यक्रम आयोजित करती है। कोलकाता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश टीएस सिवागनानम और जस्टिस हिरण्मय भट्टाचार्य की डिविजन बेंच ने सिंगल बेंच के आदेश को बरकरार रखते हुए पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका खारिज कर दी।

गाजा में 14 हजार मौतों के बाद इजराइली हमले बंद, 4 दिन का सीजफायर शुरू

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

इजराइल-हमास में 49 दिन की जंग के बाद शुक्रवार से 4 दिन के लिए युद्धविराम शुरू हो गया है। गाजा में 14 हजार से ज्यादा लोगों की मौत के बाद इजराइल ने हमले बंद कर दिए हैं। सीजफायर की शुरुआत सुबह 7 बजे (भारतीय समयानुसार 10:30 बजे) हुई। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक घड़ी में 7 बजते ही इजराइल ने गाजा में हमले बंद कर दिए हैं। कतर और मिस्र की मध्यस्थता के बाद इजराइल और हमास युद्ध विराम के लिए राजी हुए थे। समझौते के तहत आज हमास बंधक बनाए गए 13 लोगों को 39 फिलिस्तीनियों के बदले शाम 4 बजे (भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे) रिहा करेगा। हमास की तरफ से रिहा होने वालों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। हमास लड़ाके 7 अक्टूबर को 240 लोगों को बंधक बनाकर गाजा ले गए थे। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक 4 दिन के सीजफायर के दौरान 150 फिलिस्तीनी कैदियों के बदले कुल 50 बंधकों को छोड़ने पर सहमति बनी है। हमास ने समझौते में अल-शिफा अस्पताल खाली करने की भी शर्त रखी थी, जिसे इजराइल ने मानने से इनकार कर दिया। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, हमास हर 3 फिलिस्तीनी कैदियों के बदले 1 बंधक को छोड़ेगा।

इजराइल ने हमास नेवी के कमांड को मार गिराया

इस बीच, गुरुवार को इजराइली सेना ने हमास नेवी के कमांडर अमर अबु जलाला सहित कई लड़ाकों को मार गिराया। रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने सीजफायर से पहले सैनिकों से मुलाकात की। उन्होंने कहा- जब युद्ध दोबारा शुरू होगा, तब हम पूरी ताकत से लड़ेंगे। ये जंग अभी करीब 2 महीने और चलेगी। हमारा लक्ष्य हमास को पूरी तरह से मिटाना है। सीजफायर के दौरान हम हमास के ठिकानों का पता लगाकर, खुद को और तैयार करेंगे। वहीं, गुरुवार को इजराइली सेना ने कहा कि लेबनान के आतंकी संगठन हिजबुल्लाह ने इजराइल की तरफ 50 रॉकेट दागे। इनमें से 20 लेबनान में ही गिर गए। जवाबी कार्रवाई में सैनिकों ने हिजबुल्लाह के कई ठिकाने तबाह किए। हिजबुल्लाह हमास के हमले के एक दिन बाद यानी 8 अक्टूबर से इजराइल में हमले कर रहा है।

फ्यूल ट्रक भी गाजा पहुंचेंगे

बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, हमास का कहना है कि 4 दिन के सीजफायर के दौरान गाजा में काफी मदद पहुंचेगी। चारों दिन इजराइली सेना और हमास की तरफ से हमले नहीं किए जाएंगे। हर दिन फ्यूल से भरे 4 ट्रक और जरूरत का सामान लेकर 200 ट्रक गाजा में एंट्री लेंगे।

आकाल की कगार पर गाजा

गाजा के एक सरकारी अधिकारी का कहना है कि इजराइली सेना स्कूलों, मस्जिदों पर हमला कर रही है। यहां कोई सेफ जगह नहीं बची है। राशन और जरूरी सामान यहां तक पहुंच नहीं पा रहा है। बिजली नहीं है और फ्यूल की कमी के कारण कुएं से पानी नहीं निकल रहा है। गाजा आकाल की कगार पर है।

पूरी दुनिया में हमास के आतंकियों को ढूंढेगी मोसाद

इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने खुफिया एजेंसी मोसाद को पूरी दुनिया में हमास के आतंकियों को ढूंढने के आदेश दिए हैं। उन्होंने गाजा में चल रहे ऑपरेशन को बढ़ाते हुए ये आदेश दिया है।

बच्चों के बेड में हथियार मिले

इजराइली सेना को जबालिया के पास टॉप हमास कमांडर के बच्चों के बिस्तर में और अलमारियों में हथियार मिले हैं। यहां 4 सुरंगें भी मिली हैं। यहां बड़ा इलेक्ट्रिसिटी नेटवर्क भी मिला है। यहां हमले से जुड़े कुछ डॉक्यूमेंट्स और बैटल प्लान भी मिले हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)